www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, बुधवार, 22 मई, 2024 | वर्ष-17 | अंक-46 | पृष्ठ-10 | मूल्य - 3.00 रुपए



प्रतिष्ठित व्यवसाइयों से चंदा लेकर भाजपा ... 02

■ देश पर भाजपा की तानाशाही हावी : शैली
■ बकाए व एरियर के लिए परेशान हो रहे... 03

■ ईरानी राष्ट्रपति व विदेश मंत्री के अंतिम संस्कार...
■ जर्मन विदेश मंत्री यूक्रेन की यात्रा पर 07

प्रियंका कल सिरसा में करेंगी रोड शो 10

'आप' नेता अरविंद केजरीवाल का दावा

# इंडिया गठबंधन को मिल रही 300 सीटें

## दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा, सर्वे के नतीजों के आधार पर कर रहा हूं दावा

- योगी आदित्यनाथ के असली दुश्मन भाजपा में
- केजरीवाल ने गृह मंत्री अमित शाह को भी घेरा

आम आदमी के समर्थक पाकिस्तानी हैं, यह कहना दिल्ली और देश की जनता को अपमानित करना है : अरविंद केजरीवाल



**नई दिल्ली,** 21 मई (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का कहना है कि 4 जून को देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। केजरीवाल के मुताबिक इंडिया गठबंधन को अकेले अपने दम पर ही लोकसभा की 300 सीटें मिल रही हैं। मुख्यमंत्री का कहना है कि इसको लेकर कई सर्वे किए गए हैं। सर्वे के नतीजों के आधार पर वह यह दावा कर रहे हैं।

इससे पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को दिल्ली में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन की जमकर आलोचना की थी। उन्होंने कहा था कि राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल दो व्यक्ति ऐसे हैं जिनके समर्थक भारत की बजाए पाकिस्तान में ज्यादा हैं। इसके जवाब में मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी के समर्थक पाकिस्तानी हैं, यह कहना दिल्ली और देश की जनता को अपमानित करना है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोगों ने आम आदमी पार्टी को 70 में से 62 सीटें देकर सरकार बनाई है, क्या दिल्ली के लोग पाकिस्तानी हैं। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है, क्या पंजाब के लोग पाकिस्तानी हैं। उन्होंने कहा कि आप पीएम नहीं बन रहे हैं, केंद्र में बीजेपी की सरकार नहीं आने वाली। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी सोमवार को दिल्ली में थे और उन्होंने यहां मुझ पर जुबानी हमला किया। केजरीवाल ने कहा कि मैं योगी आदित्यनाथ से कहना चाहता हूं कि आपके असली दुश्मन तो भाजपा में ही हैं।

### गठबंधन के पक्ष में शांत लहर चल रही : खड़गे



लोग भाजपा का असली रंग समझ गए हैं

*नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को एक साक्षात्कार में कहा कि उनकी पार्टी और 'इंडिया' गठबंधन के प्रति लोगों की प्रतिक्रिया में काफी बदलाव आया है। गठबंधन के पक्ष में शांत लहर चल रही है जो लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को बहुमत हासिल करने से रोकने में सफल रहेगी। खरगे ने इंटरव्यू में कहा कि लोग अब उनके समर्थन में और उस भाजपा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा के खिलाफ लड़ रहे हैं जो समाज में नफरत एवं विभाजन फैलाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि लोगों को लगता है कि यह लड़ाई अब लोकतंत्र और संविधान को बचाने की है और वे उनकी पार्टी को समर्थन दे रहे हैं। कांग्रेस प्रमुख ने भाजपा पर राम मंदिर, हिंदू-मुस्लिम और भारत-पाकिस्तान के नाम पर लोगों को बार-बार भड़काने और उन्हें भावनात्मक रूप से लूटने का भी आरोप लगाया और दावा किया कि लोग अब उनका असली रंग समझ गए हैं।*

### संविधान की रक्षा के लिए काम कर रहे राहुल: महबूबा

पीडीपी वैचारिक आधार पर इंडिया समूह का समर्थन करती है



श्रीनगर। जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी वैचारिक आधार पर इंडिया समूह का हिस्सा बनी रहेगी। सुश्री महबूबा ने राजौरी शहर में संवाददाताओं से कहा, पीडीपी वैचारिक आधार पर इंडिया समूह का समर्थन करती है क्योंकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी एकमात्र नेता हैं जो संविधान की रक्षा के लिए काम कर रहे हैं।

महाराजगंज की चुनावी सभा में बोले मोदी

# मेरी अपनी कोई विरासत नहीं, आप ही मेरे वारिस



मोदी बोले, आपके लिए दिन-रात मेहनत करूंगा

**महाराजगंज,** 21 मई (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराजगंज में मंगलवार को एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए इंडी गठबंधन पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने इंडी गठबंधन के नेताओं की बैठकों को घोटालेबाजों का सम्मेलन बताते हुए कहा कि भ्रष्टाचार का पता मतलब इंडी गठबंधन। पीएम मोदी ने कहा कि जब ये इकट्ठा होते हैं तो इनमें तीन बुराइयां एकदम साफ नजर आती हैं। ये तीन बुराइयां हैं - ये घोर कम्युनल, घोर जातिवादी और घोर परिवारवादी हैं। महाराजगंज में भाजपा प्रत्याशी जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के समर्थन में आयोजित चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने परिवारवाद को लेकर भी विरोधियों को घेरा। उन्होंने कहा, गरीब से गरीब मां-बाप भी चाहते हैं कि जाने के बाद बच्चों को कुछ देकर जाएं। मोदी एक ऐसा इंसान है, जिसकी अपनी कोई विरासत नहीं है। मेरे लिए तो आप ही मेरी विरासत हैं, आप ही मेरे वारिस हैं। मेरा कोई और वारिस नहीं है, इसलिए मुझे आपका और आपके बच्चों का उज्जवल भविष्य बनाने के लिए अपने आप को खपा देना है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आपके उत्साह को देखकर यह भरोसा देता हूं कि आपके लिए दिन-रात मेहनत करूंगा।

## सार संक्षेप

### राहुल ने पिता राजीव को दी भावुक श्रद्धांजलि




**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने पिता पूर्व प्रधानमंत्री की राजीव गांधी की 33 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें भावुक संकल्प के साथ श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, पापा, आपके सपने,मेरे सपने और आपकी आकांक्षाएं मेरी जिम्मदारियां हैं। पिता को याद करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि राजीव गांधी की आकांक्षाएं पूरी करना उनकी जिम्मेदारी है।

### गर्भगृह में बाबा केदारनाथ के दर्शन फिर से शुरू



**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम में एक बार फिर से बाबा के गर्भगृह में दर्शन शुरू हो गया है। अब धाम पहुंचने वाले सभी भक्त मंदिर के गर्भ गृह में जाकर बाबा केदारनाथ के दर्शन कर सकते हैं। वहीं, दूसरी ओर मंदिर में भक्तों की भीड़ को देखते हुए फिलहाल वीआईपी दर्शन बंद रहेंगे। जो भक्त चार्टर्ड फ्लाइट से केदारनाथ पहुंचेंगे, वो वीआईपी गेट से अंदर जा सकते हैं।

### कान फिल्म महोत्सव में हिंदी फिल्म 'संतोष' को सराहा



**कान।** ब्रिटिश-भारतीय निर्देशक संध्या सूरी निर्मित पहली फीचर फिल्म 'संतोष' को 77वें कान फिल्म महोत्सव में दर्शकों ने खूब सराहा है। इस फिल्म में जाति और लिंग राजनीति से प्रेरित असमानताओं का तीखा चित्रण किया गया है। यह फिल्म उत्तर भारत के एक गांव में एक नाबालिग दलित लड़की के बलात्कार और हत्या पर आधारित है।

अभी लू से नहीं मिलेगी राहत

# अगले पांच दिनों तक पड़ेगी चिलचिलाती गर्मी



■ दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में लगेंगे लू के थपेड़े

**नई दिल्ली,** 21 मई (एजेंसियां)। उत्तर-पश्चिम भारत, उत्तरी मध्य प्रदेश और गुजरात के मैदानी इलाकों में अगले पांच दिनों तक चिलचिलाती गर्मी और लू के थपेड़े जैसी स्थिति जारी रहने का अनुमान जताया गया है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को यह जानकारी दी। विभाग ने कहा, 21 से 25 मई तक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और उत्तर-पश्चिमी मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में शरीर झुलसाने वाली गर्मी और लू के थपेड़े चलने का अनुमान है। इसके अलावा 25 मई तक जम्मू संभाग, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, पूर्वोत्तर मध्य प्रदेश, विदर्भ और उत्तरी मध्य महाराष्ट्र में लू चलने जैसी स्थिति बने रहेगी। मध्य भारत के कई हिस्सों में अगले पांच दिनों अधिकतम तापमान लगभग दो-तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ने का अनुमान जताया गया है।

विभाग ने बताया कि दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर कल तक हवा का निम्न स्तर का दवाब बने रहने का अनुमान है, 25 मई को पश्चिम बंगाल के उत्तर-दक्षिण 24 परगना, पूर्वी मेदिनीपुर जिलों तथा ओडिशा के बालासोर जिले में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है।

मौसम अधिकारियों ने मछुआरों को 23 मई से मध्य और उससे सटे दक्षिण बंगाल की खाड़ी के आसपास के इलाकों तथा 24 मई से उत्तरी बंगाल की खाड़ी में न जाने की सलाह दी है।

# भगवान जगन्नाथ मोदी के भक्त : संबित पात्रा



■ बाद में माफी मांगी, भगवान के सामने प्रायश्चित करूंगा

**भुवनेश्वर,** 21 मई (एजेंसियां)। भगवान जगन्नाथ को लेकर दिए गए बयान पर भाजपा नेता संबित पात्रा की काफी आलोचना हुई है। हालांकि, उन्होंने अब अपने बयान पर सफाई पेश की। भाजपा नेता ने अपने बयान को लेकर माफी मांगी। उन्होंने कहा कि वह अपनी जुबान फिसलने के लिए माफी मांगते हैं और भगवान जगन्नाथ के नाम पर प्रायश्चित करेंगे। प्रायश्चित के लिए वह उपवास रखेंगे।

जुबान फिसलने के कारण पुरी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार संबित पात्रा चर्चा में आ गए थे। उन्होंने स्थानीय मीडिया से बात करते हुए कहा, 'भगवान जगन्नाथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भक्त हैं। उन्होंने बाद में कहा कि उनकी जुबान फिसल गई थी।' पात्रा ने कहा, 'आज मेरा एक बयान चर्चा में है। जब पीएम मोदी पुरी में रोड-शो कर रहे थे, तब मैं मीडिया से बातचीत कर रहा था। मैंने करीब 15-16 चैनलों से बात की है, जिसमें मैंने कहा कि पीएम मोदी भगवान जगन्नाथ के भक्त हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री रहने के दौरान या उससे पहले भी पीएम मोदी अहमदाबाद के जगन्नाथ मंदिर में अक्सर जाया करते थे।'

भाजपा नेता ने आगे कहा, 'मैं हर चैनल में यह बात दोहराता हूं। ऐसा हुआ कि गर्मी के मौसम में बहुत सारे लोगों के बीच मुझे जो बोलना था, मैंने उसका उल्टा बोल दिया। मैंने गलती से बोल दिया।

### संबित पात्रा को पार्टी से बाहर निकालें मोदी : खेड़ा



कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए का कहना था कि पीएम मोदी को संबित पात्रा को पार्टी से बाहर निकालने और भगवान जगन्नाथ के भक्तों से खुद माफी मांगनी चाहिए। खेड़ा ने पीएम को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी हिम्मत दिखाएं और भगवान जगन्नाथ के भक्तों की आस्था का सम्मान करते हुए संबित पात्रा को पार्टी से बाहर निकालें। भगवान जगन्नाथ के करोड़ों भक्त हैं। अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया सब जगह... मैं जहां जाता हूं, जय जगन्नाथ की बात सुनता हूं। प्रधानमंत्री मोदी हिम्मत दिखाइए, पात्रा को पार्टी से बाहर निकालिए।

### 'बीजेपी देवताओं को भी नहीं बख्शेगी'

पात्रा के भगवान जगन्नाथ से जुड़े बयान को लेकर सियासी हंगामा खड़ा हो गया है। उनके बयान को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता के नशे में चूर बीजेपी भारत के लोगों को तो छोड़िए, हमारे देवताओं को भी नहीं बख्शेगी।

पूर्व जज चितरंजन दास के बयान पर भड़की कांग्रेस

# विदाई समारोह में बताई थी आरएसएस से करीबी




■ कांग्रेस ने कहा, किस तरह के लोग देश की न्यायपालिका में बैठे हैं

**नई दिल्ली,** 21 मई (देशबन्धु)। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायधीश चितरंजन दास 20 मई को अपनी सेवा पूरी कर ली। इस दौरान आयोजित विदाई समारोह में उन्होंने जो कहा वह विवाद का विषय बन गया है। उन्होंने कहा कि वे लंबे से समय से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य थे। मगर अपने काम की वजह से करीब 37 साल से संगठन से दूरी बनाए रखी। संगठन की सदस्यता का इस्तेमाल कभी अपने सेवाकाल में लाभ पाने के लिए नहीं किया। उनके इस बयान को लेकर कांग्रेस पार्टी ने हमलावर है। पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहाकि यह गंभीर चिंता का विषय है कि किस तरह के लोग देश की न्यायपालिका में बैंठे हैं, उन्होंने किस तरह के फैसले दिए हैं। उन्हें लगता है कि इस तरह की संबद्धता वाले लोग न्यायपलिका की प्रतिष्ठा और स्वतंत्रता पर सवाल उठातें हैं। पहले भी कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक न्यायधीश इस्तीफा देकर भाजपा में गए और मुख्यमंत्री पर कितनी भद्दी टिप्पणी की। श्रीनेत ने कहाकि उनका मानना है कि यह देश के लिए चर्चा का विषय है। न्यायपालिका लोकतंत्र का अभिन्न अंग है,उसका स्वतंत्र होना बहुत जरूरी है। इस तरह संघ से जुड़े हुए लोग न्यायपालिका में कितने स्वतंत्र फैसले देते हैं, इस पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने पुरी सीट से भाजपा उम्मीदवार संबित पात्रा के हाल के बयान को लेकर भी हमला बोला।

सुप्रिया ने कहाकि पहले भी हिंदू देवी-देवताओं की मोदी से तुलना करके करोड़ों हिंदुओं की की आस्था का अपमान किया गया था। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान मोदी के कट आउट भगवान राम से बड़े बनाए गए थे। चंपत राय ने प्रधनमंत्री को विष्णु का अवतार कहा था। कंगना ने राम का अंश बताया। साक्षी महराज ने कहा था कि मोदी ही राम हैं।

# भारत पहुंचा कोरोना का केपी1 व केपी 2 वेरिएंट का संक्रमण



■ इसने ही सिंगापुर में मचाई थी तबाही

**नई दिल्ली,** 21 मई (देशबन्धु)। सिंगापुर में तबाही मचाने वाले कोरोना के नए वेरिएंट केपी1 और केपी 2 ने भारत में दस्तक दे दी है। दबे पांव भारत पहचने वाले इन दोनों वेरिएंट से संक्रमण के 324 मामलों की पुष्टि हो गई है। चिंता की बात यह है कि ये मामले किसी एक स्थान पर न मिलकर देश के अलग-अलग राज्यों में मिले हैं,जिससे इसके देष भर में फैलने की आशंका बढ़ गई है। भारत में कोरोना के मामलों पर निगरानी रखने वाले इंडियन सार्स कोव-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम के आंकडों सें इस बात का खुलासा हुआ है। आकंडों के मुताबिक, भारत में कोरोना के वेरिएंट केपी1 के 34 और केपी 2 के 290 मामले सामने आए हैं। बताया गया है कि केपी1 संक्रमण के ये मामले देश के 7 राज्यों में पाए गए हैं। इसमें से सबसे जयादा 23 मामले पश्चिम बंगाल से हैं। जबकि गोवा में 1,गुजरात में 2, हरियाणा में 1,महाराष्ट्र में 4,राजस्थान में 2 और उत्तराखंड में 1 मामलें सामने आए हैं। वहीं केपी2 के 290 मामलों में सर्वाधिक 148 मामले महाराष्ट्र में मिले हैं। इसके अलावा दिल्ली में 1,गोवा में 12, गुजरात में 23, हरियाणा में 3, कर्नाटक में 4, बंगाल में 36 मामलों की पुष्टि हुई है।

# सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज

न्यायिक हिरासत भी 31 मई तक बढ़ी

**नई दिल्ली,** 21 मई (एजेंसियां)। शराब नीति केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। हाईकोर्ट ने 14 मई को सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। इससे पहले राउज एवेन्यू कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत 31 मई तक बढ़ा दी थी। सिसोदिया करीब 15 महीने से तिहाड़ में बंद हैं। उन्हें सीबीआई ने 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था। वहीं, ईडी ने 9 मार्च 2023 को सीबीआई की एफआईआर से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सिसोदिया को गिरफ्तार किया था। 28 फरवरी 2023 को सिसोदिया ने दिल्ली कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था।

सिसोदिया जमानत के लिए दिल्ली हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक याचिका लगा चुके हैं।

**चुनाव** *सभी प्रमुख दलों ने महिला मतदाताओं को रिझाने की भरपूर कोशिश की*

# पश्चिम बंगाल में महिलाओं ने किया पुरुषों से ज्यादा मतदान

■ जोगेन्द्र सोलंकी

**नई दिल्ली, 21 मई (देशबन्धु ) । पश्चिम बंगाल में सभी सात चरणों में चुनाव करवाए जा रहे हैं, जिनमें से पांच चरणों का चुनाव हो चुका है। लेकिन चुनाव आयोग ने पहले तीन चरणों में हुए मतदान के जो आंकड़े बताए हैं, उससे पता चल रहा है कि मतदान के मामले में महिला वोटरों ने पुरुषों को पीछे छोड़ दिया है।**



■ सरकर की लोक्खी भंडार योजना की खूब हो रही चर्चा
■ संदेशखाली उत्पीड़न को भाजपा ने राष्ट्रीय मुद्दा बनाया

बंगाल सरकार अब इस योजना के तहत सामान्य वर्ग की महिलाओं को 1,000 रुपए और दलित और आदिवासी महिलाओं को 1,200 रुपए महीने भत्ता देती है। महिला वोटरों का इस तरह से मतदान के लिए बाहर निकलना, काफी मायने रख रहा है। राज्य में सभी प्रमुख दलों ने महिला मतदाताओं को रिझाने के लिए तरह-तरह की कोशिशें की हैं। इस वजह से राज्य की टीएमसी सरकार की ओर से चलाई जा रही है 'लक्ष्मीर भंडार'(लोक्खी भंडार) योजना की खूब चर्चा हो रही है। दरअसल, पहले तीन चरणों में जिस तरह से महिलाएं पुरुषों से ज्यादा संख्या में वोट डालने निकली हैं, उससे राजनीतिक दलों को 2019 के चुनाव के एक ट्रेंड पर नजर जा रही है। तब राज्य की 42 में से 18 लोकसभा सीटें ऐसी थीं, जहां पुरुषों के मुकाबले महिलाओं ने ज्यादा वोट डाले थे। 2024 के लोकसभा चुनावों में बंगाल में प्रत्येक 1,000 पुरुष मतदाताओं पर महिला वोटरों की संख्या 968 है। इस बार जिन सीटों पर महिलाओं ने पुरुषों की तुलना में ज्यादा मतदान किया है, उनमें बालुरघाट लोकसभा सीट भी शामिल है, जहां से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांता मजुमदार प्रत्याशी हैं। दरअसल, पिछले कुछ चुनावों से यह देखा जा रहा है कि महिला मतदाताओं ने जिस भी दल का साथ दिया है, उसकी चुनावी किस्मत चमक जाती है। महिला वोटर किस वजह से ज्यादा संख्या में वोटिंग के लिए निकल रही हैं, यह देखना भी जरूरी है। क्योंकि, इस बार बंगाल के नॉर्थ 24 परगना के संदेशखाली में महिलाओं के साथ टीएमसी नेताओं की ओर से हुए कथित यौन उत्पीड़न भी बहुत बड़ा राष्ट्रीय मुद्दा बना है।

# देश

**उवाच**

भारतीय जनता पार्टी देश के संविधान को बदलने का प्रयास कर रही है और देश की जनता भारत के संविधान में बदलाव को बर्दाश्त नहीं करेगी, हम सब आखरी दम तक संविधान की रक्षा करेंगे। यह संविधान लाखों लोगों की कुर्बानियां, शहादत के बाद डा.भीम राव अंबेडकर के नेतृत्व में बनी है।

-अविनाश पांडेय, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 41.0 | 32.0 |
| मुंबई | 34.0 | 30.0 |
| कोलकाता | 33.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 29.0 |

# प्रतिष्ठित व्यवसाइयों से चंदा लेकर भाजपा ने महंगाई बढ़ाने का काम किया : अखिलेश

**लखनऊ/भदोही, 21 मई (देशबन्धु)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि देश के प्रधान सांसद इस बार क्योटो (वाराणसी) से चुनाव हार कर रहे हैं। जिले के राजपुरा मैदान में इंडिया गठबंधन के तृणमूल कांग्रेस प्रत्याशी ललितेशपति त्रिपाठी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए यादव ने मंगलवार को कहा कि कभी काशी को क्योटो बनाने का सपना दिखाने वाले देश के प्रधान सांसद अब की बार क्योटो से भी चुनाव हारने जा रहे हैं। देशवासियों के लिए यह सबसे बड़ी ब्रेकिंग न्यूज है। उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बांड के जरिए भाजपा ने देश के प्रतिष्ठित व्यवसाइयों से चंदा लेकर महंगाई को बढ़ाने का काम किया है। भाजपा ने दावा किया था कि किसानों की आय दोगुनी कर देंगे लेकिन हुआ क्या, पिछले 10 वर्ष में खाद, बीज, डीजल व पेट्रोल की महंगाई अपने चरम पर है। किसानों की खेती की लागत भी नहीं निकल पा रही है। आलम यह है कि गांवों के असहाय व गरीब सरकार की ओर देख रहे हैं जबकि सरकार के लोग अपनी झोली भरने में जुटे हैं। सपा प्रमुख ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने संविधान की रक्षा के लिए जहां उत्तर प्रदेश में कांग्रेस से गठबंधन किया तो वही बंगाल में ममता दीदी से हाथ मिलाकर संविधान बदलने के षड्यंत्र को रोकने के लिए रणनीति तैयार की है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो कालीन नगरी व उद्योग के विकास के लिए भरपूर बजट जारी किया जाएगा। केंद्र की भाजपा नीत सरकार ने पूंजीपतियों का 10 लाख करोड़ का कर्ज माफ किया है। इंडिया गठबंधन की सरकार आई तो किसानों, मजदूरों व गरीबों का कर्ज माफ करने का काम काम सरकार करेगी।

■ इलेक्टोरल बांड को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर बोला हमला



देश के प्रधान सांसद इस बार क्योटो से चुनाव हार रहे हैं : अखिलेश यादव

**लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने का किया दावा**

सपा अध्यक्ष ने कहा कि 400 पार का नारा देनेवाली बीजेपी अब 400 हार कर मात्र 140 सीटों तक सिमट कर रह जाएगी। अभी तक पांच चरणों के हुए चुनाव से स्पष्ट हो चुका है कि इंडिया गठबंधन पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने जा रहा है अगर बात उत्तर प्रदेश की करें तो प्रदेश की 80 सीटों को जीतने का दावा करने वाली भाजपा प्रदेश की सभी सीटों पर चुनाव हार रही है। यहां तक की देश के प्रधान सेवक नरेंद्र दामोदर दास मोदी भी की क्टोयो से चुनाव हार रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुफ्त राशन के नाम पर गरीबों को घटिया राशन दिया जा रहा है गरीबों को घटिया राशन देकर सरकार वाहवाही बटोर रही है जबकि इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो गरीबों को बढ़ाकर पौष्टिक आटा पैकेट व डाटा मुफ्त में दिया जाएगा। डाटा मुक्त होने से शिक्षित बेरोजगार जहां निश्चिंत होकर पढ़ाई कर सकेंगे वहीं डाटा के माध्यम से अपने लैपटॉप पर नौकरियों की तलाश व तैयारी कर योग्यता के अनुरूप नौकरी हासिल कर सकेंगे।

## एनडीए संविधान बदलने के लिए हैं तत्पर

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि यह चुनाव आम चुनाव न होकर संविधान मंथन का है जहां एनडीए संविधान बदलने के लिए तत्पर है तो वहीं इंडिया गठबंधन के लोग कमर कस कर बाबा साहब द्वारा बनाए गए संविधान की रक्षा के लिए आज जनता के बीच में हैं। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में महंगाई बेतरतीब ढंग से बढ़ी है। चारों तरफ बेरोजगारी का बोलवाला है। सरकारी नौकरी के लिए कोई भी जगह निकलती है तो शिक्षित बरोजगार कड़ी मेहनत कर उसकी परीक्षा देते हैं लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि हर बार परीक्षा के पेपर लीक हो जाते हैं। यहां तक की सेना में भर्ती के लिए पहले से लागू व्यवस्था को बदलकर अग्नि वीरो की भर्ती की योजना बनाकर केंद्र सरकार ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का काम किया है। सरकार के इस कदम से शिक्षित बरोजगारों व अग्नि वीर के जवानों के परिजन नाराज हैं जो चुनाव में इन्हें अच्छा सबक सिखाएंगे।

# त्रिपुरा में कुख्यात मानव तस्कर एनआईए की हिरासत में

**अगरतला, 21 मई (एजेंसियां)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पिछले हफ्ते गिरफ्तार किए गए कुख्यात मानव तस्कर हन्नान मिया को हिरासत में ले लिया है। एनआईए की टीम उसे स्थानीय अदालत से प्रत्यर्पण की अनुमति लेकर गुवाहाटी ले गयी है और उसे मंगलवार को अदालत में पेश किया जाएगा। इससे पहले, एनआईए ने



त्रिपुरा पुलिस के खुफिया जानकारी के आधार पर पिछले छह महीनों में दो छापे में सीमावर्ती स्थानों से राज्य के करीब 29 निवासियों को गिरफ्तार किया था, जो कथित तौर पर सीमावर्ती क्षेत्रों के रोहिंग्या, बांग्लादेशी नागरिकों और गरीबी-पीड़ित परिवारों से महिलाओं की तस्करी में शामिल थे। हन्नान मिया पर हालांकि पिछले साल मानव तस्करी मामले का आरोप लगाया गया था और एनआईए ने उसको ढूंढने के लिए एक लाख रुपये के इनाम की घोषणा की थी, लेकिन तब से उसका कोई पता नहीं चल पाया है। अन्य अपराधियों की तरह बांग्लादेश में शरण ली थी। सिपाहीजला के अंतर्गत बिशालगढ़ पुलिस स्टेशन के प्रभारी राणा चटर्जी ने मोतीनगर इलाके में उनकी उपस्थिति को रोका और तदनुसार पुलिस ने उन्हें शनिवार को इलाके से हिरासत में लिया। हन्नान एक कुख्यात मानव तस्कर है और गुवाहाटी में राष्ट्रीय जांच एजेंसी अदालत में मामला लंबित है।

# बीजद सरकार ने उड़िया गौरव व संस्कृति को किया नष्ट : शाह

**ओडिशा, 21 मई (एजेंसियां)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि देश में लोकसभा चुनावों के पांच चरणों के मतदान के बाद भारतीय जनता पार्टी 300 से अधिक सीटें हासिल कर चुकी है। शाह ने पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में ओडिशा के संबलपुर, क्योंझर और ढेंकनाल जिले के परजंग में जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा, हमारे अवलोकन के अनुसार भाजपा पहले ही 300 सीटों का आंकड़ा पार कर चुकी है और चुनाव के अगले दो चरणों में 400 पार का लक्ष्य हासिल हो जाएगा, क्योंकि पूरा देश चाहता है कि नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनें। केंद्रीय मंत्री ने राज्य की मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली बीजू जनता दल (बीजद) सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि ओडिशा में भी भाजपा को 75 से अधिक विधानसभा सीटें मिलेंगी और पटनायक द्वारा बाहर से मंगाए गए बाबुओं द्वारा चलाई जा रही भ्रष्ट सरकार को उखाड़कर डबल इंजन की सरकार बनेगी। शाह ने पटनायक पर उड़िया गौरव और संस्कृति को नष्ट करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस बार भाजपा एक मेहनती मुख्यमंत्री देगी जो उड़िया गौरव और संस्कृति की रक्षा करेगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर वह राज्य के संसाधनों को लूटने वाले भ्रष्ट अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करेगी और उन्हें जेल भेजेगी।



■ चुनावी सभा में पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन मांगे वोट

## राज्य में आठ हजार से अधिक स्कूल बंद हैं

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि बीजद सरकार के 25 साल के शासन के बाद राज्य में 27 लाख परिवार घरों से वंचित हैं, 26 लाख घरों में पीने का पानी नहीं है, 6400 गांवों में सड़क संपर्क नहीं है और राज्य में 8000 से अधिक स्कूल बंद हैं। शाह ने कहा कि भाजपा राज्य में सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने केंद्रीय योजनाओं को हड़पने और अपनी तस्वीर चिपकाकर श्रेय लेने के लिए पटनायक की आलोचना की। राज्य में भाजपा सरकार बनने के 90 दिनों के भीतर केंदू पत्ता तोड़ने वालों के लिए भविष्य निधि शुरू की जाएगी।

## सार संक्षेप

### पूर्व सरपंच की हत्या के मामले में श्रीनगर में विरोध-प्रदर्शन

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में पूर्व सरपंच ऐजाज अहमद शेख की हाल ही में हुई हत्या के विरोध में श्रीनगर में भारतीय जनता पार्टी ने विरोध प्रदर्शन किया। श्रीनगर जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक भट्ट ने पूर्व सरपंच की सुरक्षा में कथित खामी के लिए जिला प्रशासन शोपियां के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया। भाजपा का दावा है कि पूर्व सरपंच को धमकी भरे कॉल आने के बावजूद, जिला प्रशासन की उनकी सुरक्षा में कथित लापरवाही बरती है, जिसके कारण आतकंवादियों ने पूर्व सरपंच को अपना निशाना बनाया है।

### मोहन यादव ने किर्गिस्तान में रह रहे विद्यार्थियों से की बात

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने हिंसा प्रभावित किर्गिस्तान में रह रहे मध्यप्रदेश के विद्यार्थियों से फोन पर बात उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। डॉ.यादव ने विद्यार्थियों से बात कर उनसे कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार उनकी चिंता कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय स्तर पर विवाद के कारण किर्गिस्तान में अशांति की स्थिति निर्मित हुई है। बातचीत में विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री डॉ.यादव को बताया कि सभी विद्यार्थी हॉस्टल में रह रहे हैं और वहां उन्हें कोई परेशानी नहीं है।

### तेलंगाना में दस विवि के प्रभारी कुलपति नियुक्त

**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार ने मंगलवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारियों को 10 विश्वविद्यालयों के प्रभारी कुलपति (वीसी) के रूप में नियुक्त करने के आदेश जारी किए। उस्मानिया विश्वविद्यालय (ओयू) के दाना किशोर, जवाहरलाल नेहरू प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के बुर्रा वेंकटेशम, काकतीय विश्वविद्यालय के वक्ती करुणा, डॉ बी.आर. अम्बेडकर मुक्त विश्वविद्यालय के रिजवी, तेलंगाना विश्वविद्यालय के संदीप सुल्तानिया, पोट्टी श्रीरामुलु तेलुगु विवि की शैलजा रामाय्यर, महात्मा गांधी विवि के नवीन मित्तल, सातवाहन विवि के सुरेन्द्र मोहन, जवाहरलाल नेहरू वास्तुकला एवं ललित कला विवि के जयेश रंजन व पलामुरु विश्वविद्यालय के नदीम अहमद को नया प्रभारी कुलपति नियुक्त किया गया है।

### बुलेट ट्रेन परियोजना को 76 हजार सेग्मेंट बनाए जाएंगे

**अहमदाबाद।** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए 16 किमी लंबी सुरंग के लिए 76,000 से अधिक सेग्मेंट बनाए जाएंगे। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से मंगलवार को यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट को बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स व शिलफाटा के बीच 21 किलो मीटर लंबी सुरंग का निर्माण चल रहा है।

# राहुल गांधी को रांची कोर्ट से फिर समन

**रांची, 21 मई (एजेंसियां)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कोर्ट में उपस्थित होना होगा। इसको लेकर रांची के एमपी/एमएलए कोर्ट ने मंगलवार को समान जारी किया है। इस मामले की अगली सुनवाई 4 जून के बाद किया जाएगा। शिकायतकर्ता नवीन झा के अधिवक्ता विनोद कुमार साहू और अमरदीप साहू ने पैरवी की। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी की ओर से पूर्व में भी एमपी/एमएलए कोर्ट की ओर से समन जारी किया गया था। इस मामले को राहुल गांधी के वकील ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इसके बाद हाईकोर्ट ने राहुल गांधी को राहत देते हुए इसे खारिज कर दिया था। इसके बाद आज फिर एमपी एमएलए कोर्ट में राहुल गांधी को समन जारी किया है। ज्ञातव्य है कि राहुल गांधी ने अपने बयान में कहा था कि भाजपा में एक हत्यारा अध्यक्ष बन सकता है लेकिन कांग्रेस में ऐसा नहीं हो सकता। इससे आहत होकर भाजपा कार्यकर्ता नवीन झा ने वर्ष 2018 में शिकायतवाद की थी।



■ अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला
■ चार जून के बाद होगी अगली सुनवाई

# छपरा में चुनाव बाद हिंसा में व्यक्ति की मौत

**पटना/छपरा, 21 मई (देशबन्धु)।** छपरा में चुनावी रंजिश को लेकर हुई गोलीबारी में तीन लोग गोलियों का शिकार हो चुके हैं। इन तीन लोगों में से एक शख्स की मौके पर ही मौत हो गई है जबकि दो लोगों को गंभीर हालत में इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। चुनावी रंजिश को लेकर हुए भारी उपद्रव के बाद जिला प्रशासन ने जिले में दो दिनों के लिए इंटरनेट सेवा पर प्रतिबन्ध लगा दिया है। पुलिस ने इस मामले में कई लोगों को अपनी हिरासत में लिया है और हालात पर काबू करने की कोशिश कर रही है। दरअसल, पांचवे चरण के लोकसभा चुनाव की वोटिंग के दौरान सोमवार को बूथ संख्या-118 और 119 पर भारी हंगामा हुआ था। लोगों ने सारण लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी और लालू-राबड़ी की बेटी रोहिणी आचार्या पर बूथ कब्जा करने का आरोप लगाया था। इसी विवाद को लेकर मंगलवार की सुबह बीजेपी और आरजेडी समर्थक आपस में भिड़ गए और दोनों तरफ से जमकर गोलीबारी की गई। गोलीबारी की इस घटना में एक शख्स की मौत हो गई जबकि दो को गंभीर हालत में पटना रेफर किया गया है। मृतक की पहचान नगर थानाक्षेत्र के बड़ा तेलपा निवासी नागेन्द्र राय का 26 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार के रूप में हुई है। जबकि 30 वर्षीय गुड्डू राय और 40 वर्षीय मनोज राय गंभीर रूप से घायल हैं। घटना के बाद भिखारी ठाकुर चौक को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। एहतियात के तौर पर दो दिनों के लिए पूरे जिले में इंटरनेट सेवा को बैन कर दिया गया है। अपनी



■ उपद्रव के बाद पूर जिले में इंटरनेट सेवा बंद
■ दो राजनीतिक दलों के समर्थकों के बीच हुआ था विवाद

## खुद पर आरोप लगने से भड़कीं रोहिणी आचार्य

वहीं खुद पर आरोप लगने से भड़कीं रोहिणी आचार्य ने बीजेपी पर अपना गुस्सा उतारा है। रोहिणी ने कहा कि भापपा वाले पूरी तरह से डरे हुए हैं। हमारे कार्यकर्ताओं की हत्या की जा रही है। हमें न्याय चाहिए, हमारे तीन कार्यकर्ताओं को गोली मारी गई है। जिनमें से दो की मौत हो गई है जबकि एक की हालत गंभीर है। ये सभी भाजपा वाले गुंडे हैं। उनको सबक मिलना चाहिए। उनके खिलाफ केस दर्ज होना चाहिए। प्रशासन से हमारी मांग है कि इन गुंडों को पकड़ कर उन्हें जेल में डाले।

सफाई देते हुए रोहिणी ने कहा कि एक कैंडिडेट होने के नाते हर बूथ पर जाकर वहां निरीक्षण करना मेरा अधिकार है।

# मप्र में प्रचंड गर्मी का दौर जारी

**भोपाल, 21 मई (एजेंसियां)।** मध्य प्रदेश में प्रचंड गर्मी का दौर आज भी जारी रहा। इस दौरान रतलाम, गुना, ग्वालियर और छतरपुर जिले के नौगांव में पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। इन स्थानों पर लू के थपेड़ों से आम जनजीवन काफी हद तक प्रभावित हुआ। मौसम विज्ञान केन्द्र भोपाल के वैज्ञानिकों के अनुसार प्रदेश भर में भीषण गर्मी का दौर लगातार जारी है। इस दौरान रतलाम, गुना, ग्वालियर और छतरपुर जिले के नौगांव में पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। वहीं प्रदेश के दस से अधिक जिलों में पारा 40 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। इस बीच राजधानी भोपाल में दिन का तापमान 43़ 3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

■ कुछ स्थानों पर पारा 45 डिग्री के पार

# राजगढ़ में पुल से गिरी बस, दो की मौत



■ हादसे के मृतकों के परिजनों को की राहत राशि की घोषणा

**राजगढ़, 21 मई (एजेंसियां)।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के पचोर कस्बे के समीप एक बस अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिर गई। दुर्घटना में दो यात्रियों की मौत हो गई और 52 यात्री घायल हो गए। घायलों में नौ को इंदौर, सात को शाजापुर और शेष घायलों को ब्यावरा और पिचोर में भर्ती कराया गया है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजगढ़ जिले में हुए बस हादसे पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार गत रात्रि इंदौर से अशोकनगर जा रही बस राजगढ़ जिले के पचोर कस्बे के पास ओवर ब्रिज की दीवार से टकराकर नीचे गिर गई। घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 9 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना में 52 लोग घायल हुए हैं, जिनका प्राथमिक उपचार पचोर अस्पताल में कराया गया।

दुर्घटना का कारण ड्राइवर को नींद की झपकी आना बताया जा रहा है। राजगढ़ जिले के पचोर कस्बे के पास इंदौर से आ रही इस बस में यात्रियों में अधिकांश लोग गुना और अशोकनगर जिले के बताए जा रहे हैं। 41 लोगों का प्राथमिक उपचार पचोर के शासकीय अस्पताल में किया गया। मृतक में एक हरिओम कुशवाहा निवासी भटोली अशोकनगर (21) है, जबकि दूसरे मृतक के पास से भूपेंद्र यादव निवासी खनियांधाना का आधार कार्ड निकला है। बस में सवार लोगों में से 9 गंभीर घायलों को इंदौर, सात को शाजापुर और 10 को ब्यावरा भर्ती कराया गया है। घायलों में बच्चे, महिलाए भी शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री ने हादसे पर जताया दुख



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजगढ़ जिले में हुए बस हादसे पर शोक संवेदना व्यक्त की। डॉ यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया कि राजगढ़ जिले में बस दुर्घटना में दो अनमोल जिंदगियों के निधन का समाचार अत्यंत पीड़ादायी है। ईश्वर से दिवगंत आत्माओं की शांति एवं परिजनों को यह गहन दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना है।

# रेवंत रेड्डी ने राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि

**हैदराबाद, 21 मई (एजेंसियां)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत. रेड्डी ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर हैदराबाद के सोमाजीगुडा में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। रेड्डी ने भारत के आईटी क्षेत्र के विकास की नींव रखने में गांधी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और प्रधानमंत्री के रूप में राष्ट्र के प्रति उनकी सेवाओं को याद किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क, पूर्व मंत्री जना रेड्डी, वी. हनुमंत राव, पूर्व मंत्री शब्बीर अली, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) राज्य पार्टी मामलों की प्रभारी दीपा दासमुंशी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने भी खम्मम जिले के कुसुमंची में गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। पार्टी सूत्रों ने बताया कि अमेरिका के दौरे पर गये परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर, न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर में आयोजित गांधी की पुण्य तिथि कार्यक्रम में शामिल हुए।



# प्रज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट हो रद्द : जी परमेश्वर

**बेंगलुरु, 21 मई (एजेंसियां)।** कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने मंगलवार को घोषणा की कि राज्य सरकार ने औपचारिक रूप से केंद्र सरकार से सेक्स वीडियो स्कैंडल के मुख्य आरोपी हासन के सांसद प्रज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने का अनुरोध किया है। डॉ. परमेश्वर ने पत्रकारों से बात करते हुए प्रज्वल का गिरफ्तारी वारंट जारी करने की पुष्टि की और कहा, हमने केंद्र सरकार से उसका पासपोर्ट रद्द करने का आग्रह करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एक बार ऐसा हो जाने पर प्रज्वल रेवन्ना भारत लौटने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के अपने भतीजे से वापस लौटने और जांच में सहयोग करने की अपील के बारे में पूछे जाने पर इसे एक व्यक्तिगत पारिवारिक मुद्दा बताया। फोन टैपिंग के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए डॉ. परमेश्वर ने किसी भी तरह की संलिप्तता से दृढ़ता से इनकार किया। उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी फोन-टैपिंग गतिविधि में शामिल नहीं है। अगर देवेगौड़ा परिवार को इसे लेकर कोई संदेह है, तो हम उनसे सबूत प्रस्तुत करने का आग्रह करते हैं, और हम विस्तृत जांच करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके अलावा डॉ. परमेश्वर ने उल्लेख किया कि विशेष जांच दल को कथित तौर पर कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार से जुड़े एक ऑडियो क्लिप की जांच करने का काम सौंपा गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि एसआईटी को व्यापक जांच करने का पूरा अधिकार दिया गया है।



■ कर्नाटक के गृह मंत्री ने केंद्र सरकार से किया अनुरोध

**आयोजन** *मतदाता जागरूकता समापन समारोह में बोले मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार*

# झारखंड में मतदाता जागरूकता अभियान में युवाओं की बड़ी भूमिका

**रांची, 21 मई (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बेहतर करने में युवाओं की बड़ी भूमिका रही है। कुमार ने मंगलवार को रांची विश्वविद्यालय, रांची के आर्यभट्ट ऑडिटोरियम में मतदाता जागरूकता समापन समारोह तथा सम्मान समारोह-सह-पुरस्कार वितरण।**

कार्यक्रम में एनएसएस वालेंटियर एवं अन्य को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं से मतदाता जागरूकता में सहयोग मिला है। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के वालेंटियर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदान दिवस तक सक्रियता से जागरूकता का कार्य करते रहें। मतदान के दिन हर घर से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक कर बूथ तक लाना एनएसएस वालेंटियर सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े लोगों एवं जागरूक नागरिकों की बड़ी जिम्मेवारी है। एनएसएस के वालेंटियर के सहयोग से भी मतदान प्रतिशत में इजाफा होगा और रांची सहित राज्य का नाम बेहतर होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता जागरूकता के लिए मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए निबंधन, नैतिक मतदान एवं मतदान के दिन मतदान केंद्र तक मतदाताओं को भेजने के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि मतदान करना अपना अधिकार है। मतदान अवश्य करें और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने संबंधी कार्य करें। रांची विश्वविद्यालय रांची के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि मतदान करना अधिकार के साथ हमारा कर्तव्य है। उन्होंने एनएसएस के वालेंटियर्स में उत्साह भरते हुए कहा कि आपकी मेहनत का फल मतदान के दिन दिखेगा। उन्होंने इसका उदाहरण एडमिट कार्ड वितरण एवं परीक्षा से देते हुए कहा कि मतदान के दिन मतदाताओं को सहयोग कर अधिक-से अधिक मतदान करवाना बेहतर अंक प्राप्त करने जैसा है। उन्होंने कहा कि आप सभी फ्यूचर ऑफ नेशन हैं। अपने कर्तव्यों को समझें और उसका निर्वहन करते हुए मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें।



■ लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने पर दिया जोर

सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता ने कहा कि युवा शक्ति से मतदाताओं में जागरूकता आयी है। युवा मतदान के दिन सभी मतदाताओं को उनके घर से निकालने का प्रयास करें। मतदान केंद्र पर मतदाताओं के लिए सभी न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने कहा कि एन.एस.एस. वालेंटियर के प्रयास से मतदान में सभी मतदाताओं की सहभागिता बढ़ेगी। एन.एस.एस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. ब्रजेश कुमार ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए एन.एस.एस. वालेंटियरों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। कैंपस के साथ पब्लिक कनेक्ट कर मतदाताओं को जागरूक किया।

# कैपिटल ज़ोन

**उल्टा पुल्टा**

डॉक्टर ने महिला के मुंह में थर्मामीटर रख कर कुछ देर मुंह बंद रखने को कहा।

पत्नी को खामोश देख कर पति ने पूछा : डॉक्टर साहब, ये जादुई चीज कितने की आती है?

# देश पर भाजपा की तानाशाही हावी : शैली

## मेयर ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर लोगों को किया जागरूक

**नई दिल्ली,** 21 मई (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को करोल बाग मार्केट में जेल का जवाब वोट से कैंपेन के तहत सिग्नेचर अभियान चलाया, जिसमें सीएम अरविंद केजरीवाल को लोगों का जबरदस्त समर्थन मिला। एमसीडी की मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में पार्टी कार्यकर्ताओं ने लोगों को जागरूक किया। इस दौरान आई सपोर्ट केजरीवाल लिखे बोर्ड पर भारी संख्या में लोगों ने हस्ताक्षर कर अपने मुख्यमंत्री के सर्मथन में संदेश लिखे। डॉ. शैली ओबेरॉय ने कहा कि जिस तरह से भाजपा पूरे देश में तानाशाही चला रही है, आज जनता उसका जवाब देने के लिए तैयार है। जनता समझ चुकी है कि किस प्रकार से विपक्ष को खत्म किया जा रहा है। हमें जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है और लोग देश से तानाशाही का अंत करने जा रहे हैं। करोल बाग मार्केट में आई सपोर्ट केजरीवाल का पोस्टर लगाया गया था, जिसपर बड़ी संख्या में लोगों ने अपने हस्ताक्षर किए और अरविंद केजरीवाल के नाम संदेश लिखकर अपना समर्थन



जताया। कई लोगों ने आई सपोर्ट एके और आई लव यू केजरीवाल का मैसेज लिखा। कई समर्थन जेल का जवाब वोट से का ह्यूमन बैनर बनकर लोगों को जागरूक कर रहे थे।

> जिस तरह से भाजपा पूरे देश में तानाशाही चला रही है आज जनता उसका जवाब देने के लिए तैयार है : शैली ओबेरॉय

### लोगों से की केजरीवाल का समर्थन करने की अपील

इस दौरान मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने भी पोस्टर पर हस्ताक्षर कर लोगों से अरविंद केजरीवाल का समर्थन करने की अपील की। इस दौरान समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला और उन्होंने जेल का जवाब वोट से और लड़ेंगे-जीतेंगे के जमकर नारे लगाए। इस दौरान एमसीडी की मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने कहा कि आज हम करोल बाग मार्केट में सिग्नेचर के माध्यम से जनता का समर्थन ले रहे हैं। आम आदमी पार्टी इस बार इंडिया गठबंधन के तहत दिल्ली में 4 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि बाकी 3 सीटों पर कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार उतारे हैं। बीजेपी की तानाशाही जो पूरे देश में चल रही है, अब जनता उसका जवाब देने के लिए बिल्कुल तैयार है।

## भाजपा के लिए काम कर रहीं स्वाति मालीवाल : आप

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल मामले में एलजी वीके सक्सेना को कूदने पर आम आदमी पार्टी ने कोई हैरानी नहीं जताई है। आप का कहना है कि एलजी के बयान से आज यह साबित हो गया है कि स्वाति मालीवाल भारतीय जनता पार्टीके लिए काम कर रही हैं। चुनाव में भाजपा रोज नई साजिश लेकर आ रही है।

आप का कहना है कि भाजपा कभी शराब घोटाला ला रही है, कभी स्वाति मालीवाल को मोहरा बना रही है, तो कभी विदेश फंडिंग के झूठे आरोप आरोप लगा रही है। दिल्ली में 25 और पंजाब में एक जून को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान हैं, तब तक भाजपा ऐसे ही रोज नए हथकंडे अपनाएगी। सच्चाई यह है कि दिल्ली समेत पूरे देश में भाजपा बुरी तरह से हार रही है।

## कन्हैया पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 21 मई (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस ने उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार पर कथित तौर पर हमला करने और उन पर स्याही फेंकने के मामले में 41 वर्षीय एक व्यक्ति को मंगलवार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी अजय कुमार को न्यू उस्मानपुर स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया। यह घटना इसी इलाके में हुई थी। पुलिस ने कहा कि मामले में अन्य आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

> अन्य को पकड़ने के प्रयास में जुटी दिल्ली पुलिस

कुछ लोगों ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार पर 17 मई को स्याही फेंककर कथित तौर पर हमला किया था। यह घटना तब हुई थी जब कन्हैया कुमार स्थानीय पार्षद छाया शर्मा के साथ पार्टी की बैठक के बाद न्यू उस्मानपुर में आम आदमी पार्टी कार्यालय से बाहर आ रहे थे, तभी लोगों के एक समूह ने उन पर हमला कर दिया।

शर्मा की ओर से की गई शिकायत के मुताबिक कुछ लोग आये और कन्हैया कुमार के गले में माला डाल दी। माला पहनाने के बाद कुछ लोगों ने कन्हैया कुमार पर स्याही फेंक दी। कन्हैया कुमार और उनके साथ मारपीट की कोशिश की गई। शर्मा ने कहा कि जब उन्होंने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया गया और उन्हें धमकी दी गई।

## बकाए व एरियर के लिए परेशान हो रहे कर्मचारी : इकबाल सिंह

**नई दिल्ली,** 21 मई (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष व पूर्व महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह आम आदमी पार्टी पर झूठे वादे करने को लेकर घेराव किया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में हुए दिल्ली नगर निगम के चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी ने दस गारंटी दी थी लेकिन डेढ़ साल का समय आप को निगम की सत्ता में हुए हो गया है और एक भी गारंटी पूरी नही हुई है।

इसलिए दिल्ली नगर निगम के वर्तमान कर्मचारी और सेवानिवृत कर्मचारी इस चुनाव में आम आदमी पार्टी के खिलाफ वोट करने का मन बना चुके हैं। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि उनसे रोज कर्मचारी और सेवानिवृत कर्मचारी अपनी समस्याएं लेकर आते हैं लेकिन दिल्ली नगर निगम की महापौर और नेता उनकी शिकायतों पर कोई सुनवाई नहीं कर रहे हैं। इतना ही नहीं महापौर भी अब लोगों की समस्याएं सुनने की बजाय चुनावी प्रचार में लगी है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 में सातवें वेतन आयोग की सिफारिशे भाजपा शासित नगर निगम ने लागू की थी। उस समय में नगर निगम की खराब



- 2016 से नहीं मिला है सातवें वेतन आयोग के लागू होने का बकाया

आर्थिक स्थिति दिल्ली सरकार के निगम के साथ सौतेले व्यवहार के चलते खराब हो रखी थी। इसी वजह से निगम को फिर से अपने पैरों पर खड़ा करने और समस्याओं के समाधान के लिए केंद्र सरकार ने निगमों का एकीकरण कर 2022 में दिल्ली नगर निगम बनाई थी। पर आप ने एक तारीख को कर्मचारियों के वेतन से लेकर दिल्ली में साफ-सफाई व्यवस्था ठीक करने, बकाया और एरियर देने जैसी दस झूठी गारंटी देकर नागरिकों को भ्रमित करने का प्रयास किया।

**सार संक्षेप**

### दिल्ली के स्कूलों को तत्काल प्रभाव से छुट्टी करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने उन निजी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों को तत्काल प्रभाव से कक्षाएं बंद करने को कहा है जो गर्मी की छुट्टियों के बावजूद इसे आयोजित कर रहे हैं। शिक्षा निदेशालय ने एक परिपत्र में कहा कि सभी स्कूलों को इस शैक्षणिक वर्ष के लिए 11 मई से 30 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रखने का निर्देश दिया गया है। परिपत्र में कहा गया कि सभी सरकारी स्कूल 11 मई से बंद हैं। हालांकि, यह देखा गया है कि कुछ सरकारी सहायता प्राप्त और गैर-सहायता प्राप्त निजी स्कूल भीषण गर्मी के दौरान भी खुले हैं। परिपत्र में कहा गया है, इसलिए, दिल्ली के सभी सरकारी सहायता प्राप्त और गैर सहायता प्राप्त निजी स्कूलों के प्रमुखों को तत्काल प्रभाव से ग्रीष्मकालीन अवकाश के लिए स्कूल बंद करने की सलाह दी जाती है। बता दें दिल्ली में हाल के दिनों में तापमान में लगातार वृद्धि देखी गई है। रविवार को इस मौसम का उच्चतम तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शनिवार का तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस था, जबकि शुक्रवार को 42.5 डिग्री सेल्सियस रहा था। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले पांच दिन के लिए 'रेड अलर्ट' जारी करते हुए दिल्ली के कई हिस्सों में लू चलने और अन्य इलाकों में भीषण लू चलने का अनुमान जताया है।

### युवा कांग्रेस ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के शहादत दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी वरुण पांडेय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि रक्तदान शिविर में लगभग 400 यूनिट रक्तदान हुआ। रक्तदान शिविर में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संदीप दीक्षित तथा राज्यसभा सदस्य जेबी माथेर भी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी क्रांतिकारी सोच ने युवा भारत की नींव रखी। क्रांति के अग्रदूत राजीव गांधी आज भी युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आज़ादी की लड़ाई के दौरान बापू ने गांवों की मजबूती का सपना देखा था उसको पूरा राजीव गांधी ने किया।

### महिला सशक्तिकरण के लिए योग अभ्यास आयोजित

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में 'महिला सशक्तिकरण के योग' का आयोजन किया जिसमें कई जानी-मानी हस्तियां ने भाग लिया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 10वें संस्करण के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें का विषय 'महिला सशक्तिकरण के लिए योग' था। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रसिद्ध प्रेरक वक्ता बहन बीके शिवानी ने कहा कि आज के युवाओं को मानवता की भलाई के लिए बदलाव लाने के लिए दृढ़ता और योग के महत्व को समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी के समग्र विकास के लिए महिला सशक्तिकरण महत्वपूर्ण है।

## देश प्रेम व बलिदान का दूसरा नाम राजीव गांधी : देवेन्द्र

### पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी 33वीं पुण्यतिथि की श्रद्धांजलि अर्पित

**नई दिल्ली,** 21 मई (देशबन्धु)। भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 33वीं पुण्यतिथि पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने मंगलवार को प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में राजीव जी की तस्वीर पर फूल चढ़ाकर उन्हें अपनी श्रद्धाजंलि अर्पित की और राजीव भवन में लगी उनकी प्रतिमा को गुलाब की फूलमाला पहनाई। इससे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ स्मारक स्थल वीर भूमि पहुंचकर राजीव को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। राजीव गांधी को पुष्पाजंलि देने वालों में देवेन्द्र यादव के अलावा पूर्व विधायक भीष्म शर्मा, अमरीश गौतम और सुरेन्द्र कुमार, अभाक कमेटी सचिव अमृता धवन, जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज, राजेश चौहान, मिर्जा जावेद अली, धर्मपाल चंदेला, विष्णु अग्रवाल, सतबीर शर्मा, पूर्व निगम पार्षद ईश्वर बागड़ी, मौहम्मद उस्मान,



जेपी पंवार, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक सुनील कुमार, दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पा सिंह, नरेश शर्मा नीटू, शुभम शर्मा, प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन अब्दुल वाहिद कुरेशी सहित महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल के कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद थे। देवेन्द्र यादव ने कहा कि देश प्रेम और बलिदान का दूसरा नाम राजीव गांधी है। देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले राजीव जी को भारत देश हमेशा याद रहेगा। देश में संचार क्रांति के जनक, दूरदर्शी सोच व नीतियों तथा तकनीकी क्षेत्र में कम्प्यूटर क्रांति राजीव गांधी की ही देन है कि आज इंडिया दुनिया भर में डिजीटल क्षेत्र में अग्रणी देशों की पंक्ति में खड़ा है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी परम्पराओं को संजोकर रखने वाला प्राचीन देश होने के साथ-साथ एक युवा देश भी है, जिसके सबसे युवा प्रधानमंत्री राजीव गांधी बने थे। राजीव जी का सपना था कि देश आत्मनिर्भर और दुनिया में अग्रणी बने। कांग्रेस इंडिया गठबंधन की सरकार बनने बाद देश की 95 प्रतिशत जनसंख्या की आकांक्षाओं और जरुरतों को पूरा करने के लिए जो 5 न्याय और 25 गारंटी न्याय संकल्प में दी गई है, उनको क्रियान्वित करके हम देश की 140 करोड़ जनसंख्या को आत्मनिर्भर बनाऐंगे। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी के नायक राजीव गांधी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को हमारे नेता जन नायक राहुल गांधी साकार करेंगे।



- नई दिल्ली में भीषण गर्मी व लू के बीच छाते के साथ राजपथ से गुजरते पर्यटक। राजधानी में रोज चढ़ते पारे के चलते आवश्यक कार्यों के लिए घर से बाहर निकलने वालों की भी परेशानी बढ़ गई है। फोटो : इम्तियाज खान

## प्राचीन हनुमान मंदिर की मंगला आरती में शामिल हुए भाजपा प्रत्याशी

**नई दिल्ली,** 21 मई (देशबन्धु)। चुनावी सरगर्मी के बीच अपना नित नियम निभाते हुऐ चांदनी चौक से भाजपा प्रत्याशी प्रवीन खंडेलवाल अपनी पार्टी की नई दिल्ली से प्रत्याशी बांसुरी स्वराज और पार्टी के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर के साथ कनाट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के मंगला आरती में



मंगलवार सुबह 5 बजे सम्मलित हुए। आरती एवं दर्शन के पश्चात उपस्थित पत्रकारों से बात करते हुए प्रवीन खंडेलवाल एवं बांसुरी स्वराज ने कहा की आज दिल्ली में लोकसभा चुनाव से एकदम पहले का मंगलवार है और हमने आज श्री हनुमान जी से दिल्ली वालों के लिए मंगल कामना की। दोनों प्रत्याशियों ने कहा की चुनाव अब अंतिम चरण में है और हमने श्री हनुमान जी से प्रार्थना की कि जिस तरह चुनाव का लगभग 75 दिन का प्रचार हमने साक्रमकता से किया है उसी साक्रमकता से अगले चार दिन का मतदान तक का चुनाव चले और शीघ्र हम प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की समाजिक, राजनीतिक एवं प्रशासनिक परिवर्तन की यात्रा में सहयोगी बन सकें।

## छात्रों को निशुल्क स्टेशनरी वितरित

**नई दिल्ली,** 21 मई (देशबन्धु)। सामाजिक कार्यकर्ता परिषद संस्था द्वारा एक हजार से भी अधिक स्कूली छात्रों को निशुल्क स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नई दिल्ली के गोल मार्केट स्थित जैन भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष विपिन आनंद प्रकाश जैन ने सभी विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने इस अवसर पर बताया कि सामाजिक कार्यकर्ता परिषद 1965 में स्थापित की गई है।

संस्थापकों के मन में बच्चों के पढ़ाई को लेकर एक दर्द था कि कुछ बच्चे स्कूली सामग्री की कमी के कारण अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते हैं। इसी समस्या को देखते हुए 8-10 लोगों ने मिलकर नई और पुरानी किताबें इकट्ठा करने और उन्हें जरूरतमंद बच्चों को देने का कार्य शुरू किया। इसके बाद से संस्था ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और साल-दर-साल बढ़ोतरी की है। आज यह संस्था बहुत बड़े रूप में विकसित हुई है जिसका साक्षात्कार आप सभी देख रहे हैं। संस्था नियमित रूप से



स्वास्थ्य जांच शिविर, बालिका विद्यालयों में सेनेटरी पैड वितरण, और सर्दियों में गरीब लोगों को नि:शुल्क कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित करती है।

छात्र सहायता समारोह के 59वें अवसर पर आचार्य लोकेश मुनि, सत्य नारायण जाटिया, मनीका जैन, नीलेश द्विवेदी, बांसुरी स्वराज, प्रवीण खंडेलवाल, दिव्या गुप्ता जैन, अशोक नरूला, दीपक जोशी डायरेक्टर जनरल आल इंडिया रेडियो, हेमंत चौरसिया, एवं राजकुमार जाटिया जी सहित राहुल जैन एवं अन्य कई सामाजिक और राजनीतिक नेताओं ने भाग लिया।

## भारतीयों के पोषण में पोल्ट्री प्रोटीन की महत्वपूर्ण भूमिका : रणपाल ढांडा

### पोल्ट्री प्रोटीन की प्रमुख भूमिका के बारे में लोगों को किया शिक्षित

**नई दिल्ली,** 21 मई (देशबन्धु)। भारतीयों में प्रोटीन की कमी के गंभीर मुद्दे के हल के लिए पॉल्ट्री फेडरेशन ऑफ इंडिया पीएफआई ने यूएसए पॉल्ट्री एंड एग्स एक्सपोर्ट काउंसिल यूएसएपीईईसी के समर्थन से हाल ही में एक सेशन की मेजबानी की। भारत की पोषण संबंधी चुनौतियों से निपटने में पोल्ट्री प्रोटीन की प्रमुख भूमिका के बारे में लोगों को शिक्षित करने के लिए इंडस्ट्री के विशेषज्ञों को इस सेशन में आमंत्रित किया गया। इस सेशन में इंडस्ट्री के मशहूर विशेषज्ञों ने भागीदारी की। इससे यह सेशन लोगों के भोजन में खासतौर से पोल्ट्री प्रॉडक्ट्स से प्रोटीन बढ़ाने की वकालत करने वाला प्रमुख प्लेटफॉर्म बन गया। इन पोल्ट्री प्रॉडक्ट्स में चिकन, बतख, टर्की और अंडे शामिल हैं। पोल्ट्री फेडरेशन ऑफ इंडिया पीएफआई और यूएसए पोल्ट्री एंड एग एक्सपोर्ट काउंसिल यूएसएपीईईसी ने हाल ही में पोल्ट्री प्रोटीन को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी की थी। यह साझेदारी रोजाना के भोजन में एक अहम घटक के रूप में पोल्ट्री प्रोटीन को लेकर जागरूकता बढ़ाने एवं इन उत्पादों के उपभोग में वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण कदम का संकेत है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद आईसीएमआर ने जोर देकर कहा है कि प्रोटीन की कमी अभी भी भारत में गंभीर चिंता का विषय है। आदर्श सेहत के लिए उचित मात्रा में प्रोटीन की खपत पर जोर देने की कई सिफारिशें की गई। पोल्ट्री फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट रणपाल ढांडा, पोल्ट्री फेडरेशन ऑफ इंडिया के सचिव रविंदर सिंह संधू, पोल्ट्री फेडरेशन ऑफ इंडिया के खजांची रिकी थापर, आर्टिमस अस्पताल में न्यूट्रिशनिस्ट और डाइटीशियन प्रतिभा दीक्षित, वर्ल्ड वेटनेरी पोल्ट्री एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. अजीत राणाडे और यूएसएपीईईसी के रिवेन खन्ना इस सेशन के प्रमुख वक्ताओं में से एक थे, जिन्होंने सेशन में अपने विचारों को साझा किया।

## कन्हैया को क्राउड फंडिंग से मिला लाखों का चुनावी चंदा

- डॉ. कला अय्यर

**नई दिल्ली,** 21 मई (देशबन्धु)। उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्र कन्हैया कुमार ने लोकसभा चुनाव अभियान के लिए धन जुटाने के उद्देश्य से क्राउडफंडिंग शुरू की थी। जिसके तहत उन्हें अब तक लाखों का चुनावी चंदा मिला है।

कन्हैया कुमार ने चुनाव अभियान के लिए जितनी रकम जुटाने का टारगेट रखा था, अब तक उन्होंने लक्ष्य के करीब आधे पैसे जुटा लिए हैं। कन्हैया कुमार को चुनावी चंदा देने वालों में बॉलीवुड के दिग्गज सितारों से लेकर जेएनयू के प्रोफेसर और शोध छात्र तक शामिल हैं। इसके अलावा विदेशी विश्वविद्यालयों के शिक्षकों और आम लोगों ने भी कन्हैया को पैसे दिए हैं। कन्हैया कुमार ने क्राउडफंडिंग के तहत



मंगलवार (21 मई) दोपहर तक 47 लाख 4 हजार 359 रुपए जुटा लिए हैं। कन्हैया कुमार ने लोकसभा चुनाव अभियान के लिए धन जुटाने का लक्ष्य 92 लाख 50 हजार रखा है। हालांकि अभी चुनाव प्रचार खत्म होने में दो दिन बचे हुए हैं। कन्हैया कुमार को उनके

- कन्हैया को चुनावी चंदा देने वालों में बॉलीवुड के दिग्गज सितारों से लेकर जेएनयू के प्रोफेसर व शोध छात्र तक
- उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से हैं कांग्रेस के उम्मीदवार

चुनावी अभियान के लिए बॉलीवुड फिल्म निर्माता विशाल भारद्वाज और कॉमेडियन कुणाल कामरा ने भी चंदा दिया है। बताया जा रहा है कि उन्होंने लाखों का चंदा दिया है। इसके अलावा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के प्रोफेसरों ने भी अच्छा-खासा योगदान किया है।

मंगलवार तक कन्हैया कुमार के अभियान में 2,037 से ज्यादा लोगों ने 100 से 5 लाख तक का दान किया है। दिलचस्प बात यह है कि ज्यादातर दानकर्ताओं ने गुमनाम रहना पसंद किया है और अपने नाम उजागर नहीं किए हैं। वहीं अधिकांश दानकर्ताओं ने छोटे दान दिए। कन्हैया कुमार के अभियान की देखरेख कर रहे कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट अंशुल त्रिवेदी ने कहा कि जुटाए गए धन में छोटे दान का योगदान सबसे बड़ा है। उन्होंने कहा कि दान ज्यादातर आम लोगों से आ रहा है जो सिर्फ राजनीति में हिस्सा लेना चाहते हैं, जो उस आधार पर नहीं हो सकते हैं लेकिन सिर्फ हमारा समर्थन करना चाहते हैं।

अधिकांश दानदाताओं ने 100-200 की छोटी राशि दी है क्योंकि वह कन्हैया के असली समर्थक हैं। इसमें आम लोग, मजदूर, किसान, छात्र और पहली पीढ़ी के शिक्षार्थी हैं। बता दें कन्हैया कुमार उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर दो बार से लगातार सांसद भाजपा उम्मीदवार मनोज तिवारी टक्कर दे रहे हैं।

### किडजानिया इंडिया ने मनाया मातृत्व शक्ति का उत्सव

**नई दिल्ली,** 21 मई (देशबन्धु)। किडजानिया इंडिया ने 'मॉमी ज़म्मिट' के चौथे संस्करण की मेजबानी करके सभी जूपर मांओं के सम्मान में मदर्स डे का उत्सव मनाया। यह आयोजन मुंबई व दिल्ली एनसीआर दोनों स्थलों पर हुआ।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, तिलक ब्रिज, नई दिल्ली द्वारा कार्य के लिए निर्धारित प्रोफार्मा पर **एकल पैकेट खुली ई-निविदा** आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम व स्थान:** रोहतक-महम-हांसी नई लाइन के महम-हांसी खंड में 03 नंबर एलएचएस (चेनेज किमी 38/497, किमी 44/575 और किमी 53/488) पर कवर शेड, रिटेनिंग वॉल और सड़क का प्रावधान। |
| 2 | **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 4.34 करोड़ |
| 3 | **धरोहर राशि:** रु. 3,67,100/- |
| 4 | **कार्य निष्पादन की अवधि:** 06 (छह) माह |
| 5 | **ई-निविदा जमा करने व खुलने का समय, तारीख व स्थान:** निविदा दिनांक 12.06.2024 तक आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 11.30 बजे तक अपलोड की जा सकती हैं। निविदाकर्ता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं, जो 12.06.2024 को 11.30 बजे खोली जाएगी। |
| 6 | **विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा दस्तावेज:** विस्तृत ई-निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं के दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए दिनांक 29.05.2024 से 12.06.2024 तक उपलब्ध होगें। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्ते निविदा दस्तावेज में दी गयी हैं। विस्तृत निविदा सूचना को उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है। |

संख्या: 488-एसीएस-सी-आरओके-एचएनएस-एलएचएस-टीकेजे दिनांक: 20.05.2024 1527/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

डायल 112 के माध्यम से सुबह पुलिस को सूचना मिली थी। घटनास्थल से सभी साक्ष्य जुटा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पास के एस एस इंटरनेशनल स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे से फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करके मामले का खुलासा किया जाएगा : **स्वतंत्र कुमार सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त**

## स्पा सेंटर में चल रहे देह व्यापार का पर्दाफाश, दो को दबोचा

**नोएडा,** 21 मई (देशबन्धु)। बरौला गांव स्थित थाई स्पा सेंटर में चल रहे देह व्यापार का पर्दाफाश करते हुए एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट और सेक्टर-49 पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। कमरे के अंदर से आपत्तिजनक सामग्री, दो मोबाइल, नौ हजार 780 रुपए और एंट्री रजिस्टर समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। स्पा संचालक समेत तीन आरोपी अभी भी फरार है। इस मामले में एसीपी महिला सुरक्षा सौम्या सिंह ने कुल पांच आरोपियों के खिलाफ सेक्टर-49 थाने केस दर्ज कराया है। फरार आरोपियों की तलाश में एक टीम गठित है।

एसीपी महिला सुरक्षा ने थाने में दर्ज कराई शिकायत में बताया कि एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के प्रभारी राजीव बालियान जब क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी मुखबिर से सूचना मिली कि बरौला गांव में पिलर संख्या 44 के सामने अलोरा थाई स्पा सेंटर में कुछ महिलाओं और युवतियों पर दबाव बनाकर उनसे वेश्यावृत्ति कराई जा रही है। स्थानीय लोग इसकी कई बार निंदा कर चुके हैं। मुखबिर ने बताया कि स्पा का संचालन भगवान सिंह उर्फ भगवंत और कोमल नाम की महिला द्वारा संचालित किया जाता है। सोनू नाम का व्यक्ति भी इसमें सहयोग करता है। सूचना पर एसीपी शैव्या गोयल और सेक्टर-49 थाना प्रभारी को भी मौके पर बुलाया गया। योजना के तहत स्पा सेंटर पर जब छापेमारी की गई तो अंदर एक कमरे में एक महिला और पुरुष आपत्तिजनक स्थिति में मिले। पुरुष ने अपना नाम सेक्टर-50 निवासी विपुल कोहली बताया। एक अन्य कमरे में सेक्टर-22 निवासी राहुल कुमार एक युवती के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पाया गया। कमरे के अंदर से आपत्तिजनक सामग्री मिली। पुलिस ने राहुल और विपुल के मोबाइल को भी कब्जे में ले लिया। उनके साथ मौजूद युवती और महिलाओं का बयान लेकर छोड़ दिया गया।



■ स्पा संचालक समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

■ फरार स्पा संचालक समेत अन्य की तलाश में पुलिस टीम गठित

पुलिस अधिकारियों ने जब वेश्यावृत्ति में शामिल महिलाओं से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि स्पा सेंटर के संचालक और उसके साथियों ने नौकरी दिलाने के नाम पर उनसे संपर्क किया और नोएडा बुलाया। यहां नौकरी के नाम पर उनसे वेश्यावृत्ति कराई जाने लगी। ग्राहकों से जो पैसा मिलता था उसका कुछ हिस्सा महिलाओं और युवतियों को मिलता था बाकी का सारा पैसा स्पा संचालक और दलाल के पास चला जाता था। स्पा सेंटर से जो रजिस्टर बरामद हुआ है उसमें नियमित अंतराल पर आने वाले कई ग्राहकों के नाम और नंबर अंकित है। आरोपियों के खिलाफ अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956 के तहत केस दर्ज हुआ है।

सेक्टर-49 थाने में चल रहे देह व्यापार से पुलिस अनजान थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने इसकी शिकायत पूर्व में भी पुलिस से की थी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। संचालकों के फरार होने के बाद भी लोगों ने पुलिस की मंशा पर सवाल उठाए हैं। कार्रवाई एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की ओर से की गई। बाद में यूनिट की ओर से इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई।

## नगर आयुक्त ने वसुंधरा के नालों की सफाई व अन्य कार्यों का लिया जायजा

**गाजियाबाद,** 21 मई (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने मंगलवार को वसुंधरा जोन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया । जिसके क्रम में वसुंधरा जोन गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन तथा बृज विहार नाले की सफाई व्यवस्था को देखा गया। मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनीद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, वसुंधरा जोन के एस एफ आई हिमांशु व अन्य टीम उपस्थित रही जिनके साथ साफ सफाई का जायजा लिया।

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा मानसून से पहले नालों की सफाई कराई जा रही है। जिसको निरीक्षण के दौरान देखा गया जिसमें मैन्युअल तथा मैकेनाइज्ड तरीके से नाले की सफाई कराई जा रही है। छोटे बड़े मिलाकर 525 नालों की सफाई चल रही है। जिसमें बड़े 109 नालों की सफाई का कार्य ठेकेदार के द्वारा किया जा रहा है। नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मैकेनाइज्ड तरीके से 197 छोटे नाले तथा 219 मध्य नालों की सफाई का कार्य चल रहा है। वसुंधरा जोन अंतर्गत स्थित 11किमी बृज विहार नाले पर नगर आयुक्त ने औचक निरीक्षण किया। मौके पर सफाई व्यवस्था का कार्य होता हुआ मिला, 35 से 40प्रतिशत नाले की सफाई का कार्य पूर्ण हो चुका है। 52 फीट की लॉन्ग बूम पोर्क लेन मशीन द्वारा नाले की सफाई कराई जा रही है। नगर आयुक्त ने मौके पर कार्य कर रहे कर्मचारियों से सावधानीपूर्वक कार्य करने के लिए कहा। चल रहे कार्यों को देखते हुए नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित टीम से मानसून से पूर्ण कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए ताकि जल भराव की स्थिति पर पूरी तरह से काबू पाया जा सके। निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त ने वसुंधरा जोन स्थित गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन का भी जायजा लिया गया जहां पर मैकेनाइज्ड तरीके से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन को प्रोसेसिंग यूनिट तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। लगभग 150 से 200 टन प्रतिदिन कचरा वसुंधरा जोन से प्रोसेसिंग यूनिट तक पहुंचाने का कार्य स्मार्टली हुक लोडर से कराया जा रहा है। लगभग 8 से 10 लोडर, वसुंधरा जोन के डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन को प्रोसेसिंग यूनिट तक ढक कर कूड़ा पहुंचते हैं।



## सार संक्षेप

### छत से गिरकर महिला की मौत

**नोएडा।** सेक्टर-122 स्थित जनता फ्लैट की छत से गिरने से एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सेक्टर-113 थाना प्रभारी ने बताया कि मानसिक रूप से विक्षिप्त 54 वर्षीय मीरा देवी जनता फ्लैट में रहती थीं। सोमवार सुबह वह संदिग्ध परिस्थितियों में छत से गिरकर घायल हो गई। गंभीर रूप से घायल महिला को नजदीक के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने महिला को देखते ही मृत घोषित कर दिया। इस मामले में मृतक महिला के परिजनों ने थाने में शिकायत नहीं दी है। शिकायत मिलने पर पुलिस आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। महिला के छत से गिरने की पुलिस जांच कर रही है।

### दो महिलाओं की संदिग्ध अवस्था में मौत

**नोएडा।** सेक्टर-34 स्थित अपना घर आश्रम में रहने वाली दो महिलाओं की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत के कारणों की जानकारी के लिए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सेक्टर-24 थाना प्रभारी ने बताया कि अपना घर आश्रम में 50 वर्षीय मंजू और 40 वर्षीय सुनीता रहती थीं। दोनों की तबीयत खराब होने पर आश्रम के केयरटेकर ने महिलाओं को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने दोनों ही महिलाओं को देखते ही मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही महिलाओं की मौत हो गई थी। दोनों महिलाएं लंबे समय से बीमार थीं। सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रेस्टोरेंट से बैग चोरी

**नोएडा।** सेक्टर-16 स्थित रेस्टोरेंट में खाना खाने गए युवक का बैग चोरी कर चोर फरार हो गए। बैग में लैपटॉप, मोबाइल, पैड और पर्स समेत अन्य सामान था। फेज वन पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-26 निवासी मोहम्मद मुस्तफा खान ने बताया कि 18 मई को वह सेक्टर-16 स्थित एमसीडी में खाना खाने गए थे। वहां से उनका बैग चोरी हो गया,जिसमें कीमती सामान था। फेज वन पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। रेस्टोरेंट के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

### महिला के साथ की मारपीट

**नोएडा।** पड़ोसी पर गाली गलौज करने के बाद मारपीट करने का आरोप लगाते हुए एक महिला ने फेज वन थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर आठ निवासी मीरा देवी ने बताया कि वह एक फैक्टरी में काम करती है। आरोप है कि जब वह लंच करने के लिए आई तो बिजली नहीं थी। बिजली देखने के लिए जब वह अपने घर की छत पर जा रही थी, तभी देवेंद्र नामक व्यक्ति वहां पर आया। उसने महिला का बाल पकड़ कर खींच लिया। उसके हाथ में चाकू और सरिया था। उसने जान से मारने की धमकी दी तथा उसके साथ मारपीट की। इस घटना में महिला को चोट आई है। पुलिस नामजद आरोपी की तलाश कर रही है।

## जीडीए वीसी ने की पीएम आवास योजना के कार्यों की समीक्षा

**गाजियाबाद,** 21 मई (देशबन्धु)। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत निर्मित भवनों के विकास कार्यों से सम्बन्धित मुख्य बिन्दुओं पर समीक्षा बैठक की। बैठक में श्री वत्स ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत निर्मित भवनों का कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण किया जाए। साथ ही तमाम सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाए।

प्राधिकरण सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत निर्मित भवनों के विकास कार्यों से सम्बन्धित मुख्य बिन्दुओं पर समीक्षा बैठक की गई। जिसमें योजना में आन्तरिक विकास कार्यों/प्रगति,योजना के वाह्य कार्यो,निजी विकासकर्ताओं द्वारा निर्मित ई.डब्ल्यू.एस./एल.आई.जी. भवनों के निर्माण सम्बन्धी कार्यों की समीक्षा की गई।

उन्होंने निर्देश दिए कि प्राधिकरण की योजनान्तर्गत निर्मित भवनों को निर्धारित समय के अन्तर्गत गुणवत्ता मानकों के आधार पर पूर्ण किया जाए एवं योजना के आन्तरिक विकास कार्य व वाहय विकास कार्य कराते हुए तथा योजनाओं में निर्मित प्रधानमंत्री आवास परिसर में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं विकसित/निर्मित करते हुए योजना के आवंटियों को समयान्तर्गत कब्जा प्रदान किए जाए। इसके अतिरिक्त निजी विकासकर्ताओं द्वारा निर्मित किये जा रहे प्रधानमंत्री आवास योजना में यह सुनिश्चित किया जाए कि भवनों की गुणवत्ता में विकासकर्ताओं द्वारा कोई लापरवाही न की जाए साथ ही निर्मित भवनों के परिसर में मूलभूत सुविधाऐं विकसित/निर्मित करते हुए योजना के आवंटियों को समयान्तर्गत कब्जा प्रदान सुनिश्चित किया जाए।



■ निर्माण कार्यों व सुविधाओं की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न करें : अतुल वत्स

बैठक में जीडीए की मुख्य अभियंता मानवेन्द्र सिंह,विशेषधिकारी कनिका कौशिक, अधिशाषी अभियंता आलोक रंजन समेत तमाम अधिकारी उपस्थित रहे।

## 24 को लखनऊ में किसानों के मुद्दों पर होगी बैठक

**नोएडा,** 21 मई (देशबन्धु)। नोएडा में किसानों की समस्या का समाधान करने के लिए एक बैठक लखनऊ में होगी। ये बैठक 24 मई को होगी। इसकी अध्यक्षता आईडीसी मनोज सिंह करेंगे। बैठक में किसानों से संबंधित मांगों को रखा जाएगा। जिसमें 10 प्रतिशत की दर से किसानों को जमीन के बदले कितनी धनराशि दी जा सकती है। 64.7 प्रतिशत की दर से मुआवजा और आबादी निस्तारण संबंधित मांग के दस्तावेज रखे जाएंगे। इसकी रिव्यू बैठक प्राधिकरण पहले कर चुका है। इसके बाद आंकड़ों को राजस्व परिषद के चेयरमैन के समक्ष रखा जाएगा।

इस संबंध में किसानों की एक बैठक आज दोपहर को नोएडा प्राधिकरण में की गई। बैठक की अध्यक्षता सीईओ लोकेश एम ने की। इस बैठक में भारतीय किसान मंच के प्रतिनिधि शामिल हुए। किसानों ने मांगों पर प्राधिकरण स्तर पर किए गए कार्यो की जानकारी मांगी। प्राधिकरण ने किसानों को अवगत कराया कि सारा होमवर्क किया जा चुका है। 24 को होने वाली बैठक में सभी मुद्दों पर बातचीत की जाएगी।

किसानों ने आबादी निस्तारण के लिए 450 वर्गमीटर से बढ़ाकर 1000 वर्गमीटर किया जाए। इस पर नोएडा प्राधिकरण ने स्पष्ट कहा कि हाइ पावर कमेटी के सामने आपकी मांगों को रखा जा चुका है। वहा से रिपोर्ट मांगी गई है जिसे सब्मिट किया जा रहा है। इसके अलावा किसानों ने स्थानीय समस्याओं से भी अवगत कराया।

बता दे इन्ही मांगों को लेकर किसानों ने एक सप्ताह पहले भी प्राधिकरण में बैठक की थी। लेकिन उस दौरान किसान और प्राधिकरण अधिकारियों के बीच काफी नोंकझोंक हुई थी। किसानों ने प्रदर्शन भी किया था।





■ आईडीसी करेंगे अध्यक्षता, सीईओ ने किसानों की मांगों पर दी जानकारी

## महिला के साथ मारपीट करने के मामले में भाजपा पार्षद गिरफ्तार

**गाजियाबाद,** 21 मई (देशबन्धु)। मोहन नगर क्षेत्र में एक महिला व उसके पति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में पुलिस ने भाजपा पार्षद को गिरफ्तार किया है।

एसीपी रजनीश उपाध्याय ने बताया कि एक खोखा संचालक की पत्नी सीता ने थाना पर तहरीर दी कि उस क्षेत्र का पार्षद सुधीर व उसके अन्य साथियों के द्वारा पैसे के लेन-देन को लेकर उसके साथ तथा उसके पति के साथ मारपीट की। साथ ही खोखे को तहस-नहस कर दिया गया तथा उससे कुछ रूपए व गहने आदि छीन लिए गए । इस तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। मुख्य आरोपी सुधीर को गिरफ्तार कर गिरफ्तार कर लिया गया। वह नगर निगम में पार्षद है। इस मारपीट का वीडियो भी वायरल हुआ है।



## कंपनी का महत्वपूर्ण डाटा चोरी करने का आरोप

**नोएडा,** 21 मई (देशबन्धु)। सेक्टर चार स्थित एक कंपनी के सीनियर मैनेजर ने कुछ कर्मचारियों पर दस्तावेजों से छेड़छाड़ कर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए फेज वन थाने में केस दर्ज कराया है। केस न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ है। सीनियर मैनेजर की ओर से इस मामले में एक आरोपी को नामजद जबकि अन्य को अज्ञात में रखा गया है। आरोपी कि आरोपी कर्मचारी कंपनी के महत्वपूर्ण डाटा को उनके प्रतिस्पर्धा वाली कंपनियों को उपलब्ध करवा रहे हैं।

न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में प्रांजल श्रीवास्तव ने बताया कि सेक्टर चार में उनकी कंपनी है। उनकी कंपनी में काम करने वाले सैयद इमादुल इस्लाम और कुछ अन्य व्यक्तियों ने कंपनी के महत्वपूर्ण डाटा का दुरुपयोग कर उनके प्रतिस्पर्धा वाली कंपनियों को उपलब्ध कराया तथा ये लोग एक वेबसाइट बनाकर उसके माध्यम से उनकी कंपनी को नुकसान पहुंचा रहे हैं। शिकायतकर्ता ने पूर्व में मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस से की थी पर सुनवाई न होने पर उसने न्यायालय की शरण ली। अब न्यायालय के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है।

## जसवीर की धारदार हथियार से घर में की गई हत्या

**खोड़ा,** 21 मई (देशबन्धु)। सरस्वती विहार निवासी जसवीर (लाला) की धारदार हथियार से घर में ही रहस्यमय परिस्थितियों में हत्या कर दी गई। हत्या के उपरांत शव को घर में छोड़कर हत्यारे फरार हो गए। लोगों ने बताया कि मृतक बचपन से ही सरस्वती विहार में रहता था। और एसी कटर का काम करता था। लगभग बीस वर्ष पूर्व मां और पिता की मौत हो गई थी। मूलरूप से राजस्थान निवासी लाला की दो बहने है किरण अशोक नगर और अरुणा पटपड़गंज में निवासरत है। लाला घर में अकेला रहता था और नशे का लती था। नशे की हालत में अक्सर झगड़ा लड़ाई भी करता था। आस पास के लोगों ने बताया कि कल रात्रि में घर के नजदीक शिब्बी की परचून की दुकान के सामने उसका दो लोगो से झगड़ा हुआ था। लोगो ने बताया कि दो वर्ष पहले उसकी बहन अरुणा साथ रहती थी।

अरुणा आईटीआई करके नौकरी करती है। वह भाई की काफी मदद करती रहती थी। लेकिन साथ रहने पर वह अरुणा के साथ भी मारपीट करने लगा। वह यहां से जाकर अपने घर रहने लगी। लोगों ने बताया कि पूर्व में लाला के पास 150 वर्ग गज जमीन में मकान था। लेकिन धीरे धीरे सब बेच डाला। अब केवल पच्चीस गज के मकान में रह रहा था।मृतक के जीजा पंकज राणा ने बताया कि सुबह उसके दोस्त रवी ने फोन पर सूचना देकर घटना की जानकारी दी। उसके बाद हम लोग तुरंत यहां पहुंच गए। बहनों का रो रोकर बुरा हाल था। मृतक के गले और शरीर पर कई गहरे घाव थे। धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या किए जाने की आशंका जताई गई। मृतक के रिश्तेदारों की ओर से अज्ञात लोगों के विरुद्ध तहरीर दी गई है। पुलिस के हाथ कुछ अहम सुराग भी लगे है। पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल और सहायक पुलिस आयुक्त स्वतंत्र कुमार सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से सभी साक्ष्य जुटाया है।

सहायक पुलिस आयुक्त स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि डायल 112 के माध्यम से सुबह पुलिस को सूचना मिली थी। घटनास्थल से सभी साक्ष्य जुटा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पास के एस एस इंटरनेशनल स्कूल में लगे सी सी टी वी कैमरे से फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करके मामले का खुलासा किया जाएगा।



## दो लोगों पर युवती को अगवा करने का आरोप

**नोएडा,** 21 मई (देशबन्धु)। दो लोगों पर युवती को बहला-फुसलाकर अगवा करने का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति ने सेक्टर-49 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस ने युवती की सकुशल बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित कर दी है। शिकायत में बरौला गांव निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी गली नंबर 21 में परिवार के साथ रहती है। नौ मई को दोपहर दो बजे के करीब पीलीभीत निवासी प्रभात कुमार शिकायतकर्ता की बेटी को बहला-फुसलाकर अगवा कर ले गया। आरोप है कि इसमें प्रभात की मदद उसके चाचा राजीव ने की। शिकायतकर्ता ने पुलिस को आरोपियों का नंबर भी उपलब्ध कराया है।

## नोएडा के 27 बिल्डरों की प्रापर्टी का सर्वे हुआ पूरा

**नोएडा,** 21 मई (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण में 27 ऐसे बिल्डर है जिनकी परियोजना में खाली फ्लैट, प्लॉट, दुकान धरोहर राशि का सर्वे किया गया। इसकी एक डिटेल बना गई। ये सर्वे सर्किल वार किया गया। इस महीने तक ये बिल्डर अमिताभ कांत की सिफारिश के तहत 25 प्रतिशत पैसा जमा नहीं करते तो इनकी प्रापर्टी को सील किया जाएगा। इसमें 12 बिल्डर ऐसे है जिन्होंने अमिताभ कांत की सिफारिश के तहत न तो सहमति दी और न ही ये प्राधिकरण की ओर से आयोजित बैठक का हिस्सा बन रहे है। इन पर करीब 1696 करोड़ से ज्यादा का बकाया है।

आकड़ों को देखे तो नोएडा में 57 में से 22 बिल्डरों ने 25 प्रतिशत धनराशि रुपए 173.77 करोड़ जमा करा दी है। इन 20 बिल्डरों से नोएडा प्राधिकरण को लगभग रुपए 450 करोड़ मिलेगा। 4 बिल्डरों द्वारा कुल 25 प्रतिशत धनराशि 83.47 करोड़ में आंशिक धनराशि 53.68 करोड़ जमा कराई। 18 ऐसे बिल्डर है जिन्होंने 25 प्रतिशत धनराशि जमा कराने के लिए सहमति दी है। जिन बिल्डरो ने 25 प्रतिशत रकम दी उनसे कुल 1604 रजिस्ट्री होंगी। प्राधिकरण ने 1 मार्च, 29 अप्रैल और 8 मई को अलग अलग स्थानों पर कैंप लगाकर 530 रजिस्ट्रियां कराई।

अब जानते है 12 बिल्डर जो न तो बैठक में आए और न ही सहमति दी इन 12 बिल्डरों को प्राधिकरण की ओर से नोटिस जारी किया गया। जिसका जवाब भी अब तक नहीं दिया गया। ऐसे में इनकी प्रापर्टी का सर्वे कराया गया । ताकि इनको सील कर प्राधिकरण बकाया निकाले और रजिस्ट्री खोली जा सके। प्राधिकरण एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने बताया इन बिल्डरों की जो भी खाली इंवेट्री प्रॉपर्टी है उसको सील किया जाएगा। ताकि बकाया मिल सके और रजिस्ट्री शुरू हो सके।

| | |
|---|---|
| टीबी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड इन पर | 55.27 करोड़ |
| एमपीजी रियेल्टी प्राइवेट लिमिटेड | 38.92 करोड़ |
| एजीसी रिएल्टी प्राइवेट लिमिटेड | 20.80 करोड़ |
| सिविटेक डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड | 8.77 करोड़ |
| मनीषा किवी प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड | 0.38 करोड़ |
| आईवीआर प्राइम | 659.92 करोड़ |
| एसोटेक लिमिटेड | 267.80 करोड़ |
| एसोटेक कांट्रैक्टस लिमिटेड | 189.88 करोड़ |
| आर जी रेजिडेंस प्राइवेट लिमिटेड | 170.10 करोड़ |
| गार्डेनिया इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | 111.84 करोड़ |
| फ्यूटेक शेल्टर प्राइवेट लिमिटेड | 114.71 करोड़ |
| एवीपी बिल्डटैक प्राइवेट लिमिटेड | 58.38 करोड़ |

■ अमिताभ कांत की सिफारिश के तहत नहीं जमा कराए पैसे

■ महज 12 बिल्डर पर 1696 करोड़ रुपए बकाया

### एनसीएलटी और कोर्ट केस वाले बिल्डर में की जाएगी पैरवी

अमिताभ कांत की सिफारिश में कोर्ट केस और एनसीएलटी में जा चुके बिल्डर प्रोजेक्ट शामिल नहीं है। जबकि सबसे ज्यादा बकाया इन बिल्डरों पर है। इन पर करीब 20 हजार करोड़ के आसपास का बकाया है। इसके लिए प्राधिकरण अब मजबूत पैरवी करने की बात कर रहा है।

यूनीटेक 10 हजार करोड़, आम्रपाली 3576 करोड़, सुपरटेक ओआरबी154 ,सुपरटेक लिमिटेड 612, आईवीआरसी 248 करोड़, ग्रेनाइट गेट प्रापर्टी 985 करोड, लॉजिक्स इंफ्राटेक 727 करोड़, लाजिक्स सिटी डेवलपर्स 630 करोड़, थ्री सी 541 करोड़

## ट्यूशन पढ़ने गई छात्रा लापता, गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज

**नोएडा,** 21 मई (देशबन्धु)। चौड़ा गांव में रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। वह घर से ट्यूशन पढ़ने के लिए निकली थी पर वहां नहीं पहुंची। काफी तलाशने के बाद जब किशोरी नहीं मिली तो परिजनों ने सेक्टर-24 थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस को दी शिकायत में चौड़ा गांव निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी 18 मई को ट्यूशन पढ़ने गई थी पर वापस नहीं लौटी। किशोरी को सकुशल तलाशने के लिए एक टीम गठित की गई है। घर और कोचिंग सेंटर के बीच लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला जा रहा है। इस संबंध में कोचिंग संचालक और वहां पढ़ने वाले छात्रों से भी पूछताछ की गई है।

**उवाच**

जनपद गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश का शो विंडो कहा जाने वाला जनपद है, जो कि अपनी औद्योगिक उपलब्धियां को लेकर विश्व विख्यात है। जनपद में तीन प्राधिकरण नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण तथा तीन तहसील सदर, जेवर एवं दादरी है : **मनीष कुमार वर्मा, जिलाधिकारी**

# श्रीलंका के प्रशासनिक अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल ने किया दौरा




■ **जिलाधिकारी ने प्रदेश एवं जनपद के प्रशासनिक ढांचे की कार्य प्रणाली, योजनाओं व कार्यक्रमों से प्रतिनिधि मण्डल को कराया अवगत**

**ग्रेटर नोएडा,** 21 मई (देशबन्धु)। केंद्र, राज्य एवं जनपदों में प्रशासनिक ढांचे की कार्य प्रणाली, योजना एवं कार्यक्रमों की गहन जानकारी लेने के लिए श्रीलंका के प्रशासनिक अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल जिले का भ्रमण किया। श्रीलंका के प्रशासनिक अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल सबसे पहले जिला मुख्यालय के सभागार पहुंचा, जहां पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह एवं अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉक्टर नितिन मदान तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने श्रीलंका के प्रशासनिक अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया।

इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों एवं श्रीलंका के प्रशासनिक अधिकारियों के बीच प्रदेश एवं जनपद के प्रशासनिक ढांचे की कार्यप्रणाली, योजनाओं एवं कार्यक्रमों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने श्रीलंका के प्रशासनिक अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल को प्रदेश एवं जनपद के प्रशासनिक ढांचे की कार्य प्रणाली के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि जनपद गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश का शो विंडो कहा जाने वाला जनपद है, जो कि अपनी औद्योगिक उपलब्धियां को लेकर विश्व विख्यात है। जनपद में तीन प्राधिकरण नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण तथा तीन तहसील सदर, जेवर एवं दादरी है। जनपद गौतम बुद्ध नगर में प्रशासनिक कार्यों के क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, न्यायिक, वित्त एवं राजस्व, भू.आ., उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के पदों का सृजन किया गया है, जिनके पास मजिस्ट्रेट अधिकार होते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि विकास विभाग हेतु जनपद में मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला विकास अधिकारी की तैनाती होती है।

वर्कशॉप में जिलाधिकारी ने श्रीलंका के प्रशासनिक अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी कार्यक्रमों एवं योजनाओं के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों के द्वारा अपने-अपने विभागों में संचालित जन कल्याणकारी कार्यक्रमों एवं योजनाओं के संबंध में भी श्रीलंका के प्रशासनिक अधिकारियों को विस्तार से अवगत कराया गया। इसके बाद श्रीलंका का प्रतिनिधि मण्डल पुलिस विभाग सहित विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया।

## नेफोवा टीम ने एसीईओ के सामने रखा ग्रेनो वेस्ट की समस्याएं

**ग्रेटर नोएडा,** 21 मई (देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट की समस्या को लेकर नेफोवा की एक टीम अध्यक्ष अभिषेक कुमार के नेतृत्व में एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग से मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। प्रतिश राय सेक्टर 10 और सेक्टर 12 के मध्य में अधूरे सर्विस रोड की वजह से आये दिन दुर्घटना और जाम का सामना करना पड़ता है। प्रतीश राय ने आवेदन के साथ अपनी बात एसीईओ के सामने रखी। जिसमें लीज बैक का स्टेटस चेक करके स्थायी या फिर अस्थायी समाधान का आश्वासन दिया। अजनारा होम्स के दिनकर पाण्डे ने सोसाइटी के आस पास अतिक्रमण की समस्या उठाया। निवासियों ने बताया कि इसकी वजह से दुर्घटना, अपराध तो बढ़ा ही है, लोगों को आने जाने में परेशानी होती है, महिलाएं और बच्चे सुरक्षित महसूस नहीं करते। उन्होंने संज्ञान लेते हुए जीएम प्लानिंग को आवेदन अग्रसारित किया।



■ **समस्या की सुनवाई करते हुए एसीईओ ने जल्द समाधान का दिया आश्वासन**

विष्णु मिश्रा ने लावारिस कुत्तों की समस्या से अवगत करवाया और इस मामले में मदद मांगी। कुछ आक्रामक कुत्तों के बारे में सूचित करते हुए उन्हें शेल्टर होम भेजने की मांग की, साथ ही एबीसी रूल का अनुपालन करवाने की मांग की। एसीईओ ने बताया कि ग्रेटर नोएडा पालिसी बन रही है, इसके लिए अलग से अधिकारियों की बैठक होगी, और सुझाव के लिए वहां संपर्क किया जा सकता है। साथ ही ओएसडी इंदु प्रकाश को स्टरलाइजेशन के लिए एचसीएल की टीम के साथ काम करने का निर्देश दिया। नेफोवा अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने साफ-सफाई, अतिक्रमण और मुलभूत सिविल मुद्दे पर बल देते हुए ध्यान आकृष्ट करवाया।

# कोलकाता व चेन्नई रेलवे लाइन से जुड़ेगा नोएडा एयरपोर्ट

**रुंधी से चौला तक प्रस्तावित रेलवे स्टेशन**

रुंधी-0 किमी
चांदहट-11.30 किमी
जेवर खादर-24 किमी
जेवर एयरपोर्ट-33 किमी
जहांगीरपुर-42 किमी
बेहगपुर-52 किमी
चौला-61 किमी

■ **नोएडा एयरपोर्ट पर टर्मिनल बिल्डिंग से भूमिगत रेलवे ट्रैक बनाने का प्रस्ताव**
■ **वंदेभारत, बुलेट, मेट्रो के साथ रेलवे से एयरपोर्ट को जोड़ने की तैयारी**

**ग्रेटर नोएडा,** 21 मई (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को रेलवे लाइन से जोड़ने पर सहमति बन गई। दिल्ली हावडा रेलवे पर स्थित चौला स्टेशन से रुंधी तक 61 किमी लंबा रेलवे ट्रैक बनाया जाएगा। जिस पर करीब 2400 करोड़ रूपए खर्च होगा। रेलवे लाइन नोएडा एयरपोर्ट पर टर्मिनल बिल्डिंग से भूमिगत होकर जाएगी। एयरपोर्ट पर टर्मिनल बिल्डिंग पर ग्राउंड ट्रैफिक सेंटर का निर्माण किया जा रहा है। जहां पर हवाई यात्रा करने वालों को बस, टैक्सी, वंदेभारत, मेट्रो बुलेट ट्रेन आदि के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। एयरपोर्ट को रेलवे लाइन से जोड़ने को 16 मई को रेल मंत्रालय, यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड, यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण अधिकारियों के बीच बैठक हुई। बैठक में प्रस्तावित रेलवे लाइन के डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट को लेकर चर्चा हुई।

बैठक में एयरपोर्ट टर्मिनल बिल्डिंग पर भूमिगत रेलवे लाइन बिछाने पर आ रही अड़चन को दूर करने का प्रयास किया गया। भूमिगत रेलवे ट्रैक के निर्माण पर होने वाले खर्च को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड वहन करने को तैयार हो गया। एयरपोर्ट की विकासकर्ता कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड की तरफ से अतिरिक्त जमीन की मांग रखी गई। जिसे नियाल ने फिलहाल अस्वीकार कर दिया है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से विमानों के उड़ान से पहले सड़क, रैपिड ट्रेन, बुलेट ट्रेन आदि से कनेक्टिविटी को लेकर प्रस्ताव तैयार किया गया। अब एयरपोर्ट को रेलवे लाइन से जोड़ने का प्रस्ताव तैयार हो गया। इसका डीपीआर नार्दन सेंट्रल रेलवे ने तैयार किया है। डीपीआर के अनुसार चौला स्टेशन से लेकर रुंधी रेलवे स्टेशन तक 61 किमी लंबा नया रेलवे ट्रैक बनाया जाएगा। चौला दिल्ली हावड़ा और रुंधी दिल्ली होकर चेन्नई-मुंबई रेलवे ट्रैक पर स्थित है। ट्रैक का निर्माण होने से नोएडा एयरपोर्ट कोलकाता और चेन्नई-मुंबई रेलवे लाइन से सीधे जुड़ जाएगा। नोएडा एयरपोर्ट देश का पहला एयरपोर्ट होगा जो सीधे रेलवे लाइन से कनेक्ट होगा।

# किसानों ने जेवर विधायक के सामने उठाया जमीन का मुआवजा न मिलने का मामला



■ **जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट और दिल्ली मुंबई कॉरिडोर को जोड़ने वाले निर्माणाधीन एक्सप्रेस-वे से प्रभावित किसानों से की वार्ता**

**ग्रेटर नोएडा,** 21 मई (देशबन्धु)। दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे को जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से जोड़ने का काम अंतिम दौर में चल रहा है। इसके लिए सहमति से जमीन देने वाले किसानों ने मंगलवार को जेवर विधायक के सामने मुआवजा न मिलने का मामला उठाया। हरियाणा के बल्लभगढ़ से दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए जेवर एयरपोर्ट तक ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे बनाया जा रहा है, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा बनाए जा रहे एक्सप्रेस वे को बनाए जाने हेतु किसानों ने अपनी जमीनें सहमति से दी थी, लेकिन पिछले कुछ दिनों से इन किसानों को कुछ कानूनी अड़चनों की वजह से परेशानी हो रही है। इस संबंध में किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह से ग्राम महमदपुर जादौन में आयोजित जनचौपाल पर मिला। जहां इस प्रतिनिधिमंडल ने जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह को बताया कि 'एक्सप्रेस-वे के निर्माण हेतु हमने अपनी जमीनों की सहमति दी थी, लेकिन हमें अभी तक मुआवजा नहीं मिला है।

मौके पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा और अपर जिलाधिकारी बच्चू सिंह से वार्ता की और शीघ्र ही किसानों की समस्या का निराकरण कराए जाने को कहा साथ ही जन संवाद कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम पारसौल और ग्राम मोहम्मदपुर जादौन के लोगों की समस्याएं भी जानी।

# दो बार नोटिस भेजने के बाद भी 24 बिल्डरों ने नहीं जमा की 25 प्रतिशत राशि

■ **अमिताभ कांत कमेटी की सिफारिशों का लाभ लेने के लिए आगे नहीं आ रहे बिल्डरों पर सख्त कार्रवाई की तैयारी**
■ **क्रेडाई के पदाधिकारियों के साथ बैठक पूरी स्थिति से अवगत करा चुके हैं प्राधिकरण अधिकारी**
■ **45 बिल्डर जमा कर चुके हैं 310 करोड़ रुपए, 3200 फ्लैटों की हो चुकी है रजिस्ट्री**

**ग्रेटर नोएडा,** 21 मई (देशबन्धु)। बिल्डर्स- बॉयर्स प्रकरण को सुलझाने के लिए गठित अमिताभ कांत कमेटी की सिफारिशों का लाभ में बिल्डर ज्यादा रूचि नहीं दिखा रहे हैं। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दो बार नोटिस भेजने के बाद भी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र के 24 बिल्डर बकाया राशि का 25 प्रतिशत जमा करने के लिए आगे नहीं आए हैं। ऐसे बिल्डरों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी चल रही है। कार्रवाई से पहले क्रेडाई के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर पूरी स्थिति से अवगत कराया जा चुका है। वहीं कमेटी की सिफारिशों का लाभ लेने के लिए अब तक 45 बिल्डरों द्वारा 310 करोड़ रुपए जमा कराए जा चुके हैं। इस बीच 3200 फ्लैटों की रजिस्ट्री हो चुकी है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में 98 बिल्डर परियोजनाओं में करीब 75 हजार फ्लैट बॉयर्स फंसे हुए हैं। बिल्डरों पर प्राधिकरण का बकाया होने की वजह से फ्लैटों की रजिस्ट्री नहीं हो पा रही थी। साथ ही रुकी हुई परियोजनाएं भी आगे नहीं बढ़ा पा रही थी। इसका समाधान निकालने के लिए ही शासन ने अमिताभ कांत कमेटी गठित की थी। कमेटी की सिफारिशों का लाभ लेने वाले बिल्डरों को बकाया राशि का 25 प्रतिशत एकमुश्त जमा करना था। इसके लिए 60 दिन की समय सीमा निर्धारित की गई थी। प्राधिकरण से मिली जानकारी के मुताबिक अब तक 45 बिल्डरों ने ही 25 प्रतिशत राशि जमा की है। जबकि 24 बिल्डर दो बार नोटिस भेजने के बाद भी कमेटी की सिफारिशों का लाभ लेने के लिए आगे नहीं आ रहे हैं।

एसीईओ, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, सौम्य श्रीवास्तव ने बताया कि अमिताभ कांत की सिफारिशों का लाभ लेने के लिए आगे नहीं आ रहे 24 बिल्डरों को दो बार नोटिस भेजा जा चुका है। ऐसे बिल्डरों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी चल रही है। इस संबंध में क्रेडाई के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर पूरी स्थिति से अवगत कराया जा चुका है। बकाया जमा न करने वाले बिल्डरों पर कार्रवाई की जाएगी।

## बिजली कटौती से परेशान पंचशील हाइनिश के निवासी सड़क पर उतरे

**ग्रेटर नोएडा,** 21 मई (देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट स्थित पंचशील हाइनिश सोसाइटी निवासियों ने बिजली न होने से परेशान होकर सोसाइटी के सामने सड़क जाम कर दिया। मौके पर पहुंची बिसरख कोतवाली पुलिस ने निवासियों को हटाने और मनाने की कोशिश की। देर रात लगभग 2 बजे दोबारा डीजी बैकअप शुरू होने पर सड़क से हटे निवासी। पंचशील हाइनिश सोसाइटी में रविवार रात 12 बजे से एनपीसीएल की लाइट नहीं है। डीजी बैकअप भी चलते चलते सोमवार रात करीब 10 बजे बोल गया। रविवार रात पंचशील हाइनिश सोसाइटी के एक ट्रांसफार्मर में आए खराबी से एनपीसीएल की 33 केवी की फीडर की कई बार फ्यूज उड़ी थी और फीडर भी ट्रिप हुआ था। एनपीसीएल ने एतिहात के तौर पर सोसाइटी की बिजली काट अन्य सोसाइटियों में बिजली आपूर्ति चालू किया था। एनपीसीएल की टीम ने जांच के बाद सोमवार शाम पंचशील हाइनिश सोसाइटी प्रबंधन को नोटिस जारी कर अपने खराब उपकरण को ठीक करवा कर टेस्टिंग रिपोर्ट भेजने को कहा।



■ **भीषण गर्मी में डीजी बैकअप बंद होने से लोगों का हुआ बुरा हाल**

## सेक्टर-36 में सफाई नहीं होने से सेक्टरवासी परेशान

**ग्रेटर नोएडा,** 21 मई (देशबन्धु)। सेक्टर-36 सेक्टर के आसपास गंदगी एवं पत्तों के ढेर लगे हुए हैं अधिकारियों से बार-बार शिकायत के बावजूद भी सिर्फ ठेकेदार एंटोनी कंपनी द्वारा फोटो बड़ी कराकर अधिकारियों को आश्वासन दे दिया जाता है। पिछले एक महीने से ओएसडी संतोष कुमार सीनियर मैनेजर चेतराम शिकायत की गई है। ठेकेदारों पर नहीं होती कोई कार्रवाई जिसकी वजह से समय पर कोई भी ठेकेदार अपना कार्य नहीं करता उसका अंजाम सेक्टर वासियों को भुगतना पड़ता है। सुनील प्रधान ने मांग की है कि ऐसी ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई हो जिससे आगे वह समय पर अपना कार्य कर सके।

## सेक्टर बीटा एक व दो में सफाई व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे ओएसडी


■ **सेक्टर बीटा टू में सफाई व्यवस्था ठीक न होने पर जताई नाराजगी**
■ **लापरवाही दोहराने पर कॉन्ट्रैक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी**

**ग्रेटर नोएडा,** 21 मई (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी संतोष कुमार बीटा वन व टू की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे। सेक्टर बीटा टू के निवासियों ने बताया कि गारबेज कलेक्शन के लिए वाहन प्रतिदिन नहीं आ रहा, जिससे सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। ओएसडी ने कॉन्ट्रैक्टर मैसर्स ब्लू प्लेनेट इनवायर्नमेंटल सोल्यूशंस को रोस्टर बनाकर नियमित गारबेज उठवाने के निर्देश दिए। इसी सेक्टर के गेट नंबर-5 के पास आई ब्लॉक में गंदगी दिखी। निवासियों ने बताया कि सफाईकर्मी नियमित रूप से नहीं आते। इस पर ओएसडी ने दोबारा शिकायत मिलने पर कॉन्ट्रैक्टर मैसर्स साईनाथ सेल्स एवं सर्विसेज के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही।

# बल्लभगढ़ के व्यापारी का अपहरण कर ग्रेनो पहुंचे बदमाश

**ग्रेटर नोएडा,** 21 मई (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेसवे जीरो पॉइंट पर थाना नॉलेज पार्क पुलिस चेकिंग कर रही थी। फरीदाबाद बल्लभगढ़ के एक व्यापारी का अपहरण कर लेकर जा रहे बदमाश पुलिस को देखकर घबरा गए। बदमाशों ने सोचा कि पुलिस को पता चल गया है कि हमने अपहरण किया। पुलिस को देखकर वो इस कदर घबरा गए कि स्कॉर्पियो गाड़ी डिवाइडर पर चढ़ा दी और यहां से भाग निकले। पुलिस ने जब स्कॉर्पियो को चेक किया तो उसके अंदर हाथ पैर बंधे अवस्था में व्यापारी सीट के पीछे घायल अवस्था में मिले।

एडिशनल डीसीपी ग्रेटर नोएडा अशोक कुमार ने बताया कि फरीदाबाद बल्लभगढ़ के रहने वाले राजीव मित्तल अपने किसी रिश्तेदार को एयरपोर्ट से लेने के लिए निकले थे। इसी दौरान बदमाशों ने उनका अपहरण कर लिया। बदमाश उन्हें नोएडा और ग्रेटर नोएडा में घुमाते रहे। इसी बीच जब नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे पर नॉलेज पार्क पुलिस यमुना एक्सप्रेस वे जीरो पॉइंट पर चेकिंग कर रही थी। तब बदमाशों के हाथ पैर फूल गए। वे पुलिस को देखकर घबरा गए। बदमाशों ने स्कॉर्पियो हड़बड़ी में डिवाइडर से टकरा दी। इसके बाद बदमाश गाड़ी छोड़कर यहां से भाग निकले। पुलिस ने राजीव मित्तल को स्कॉर्पियो के अंदर से निकाला और उनके हाथ पैर खोले। राजीव मित्तल को निकालने के बाद पुलिस पूछताछ की। तब पता चला कि राजीव मित्तल का ये बदमाश अपहरण कर ले जा रहे थे और फिलहाल पुलिस ने राजीव मित्तल को सकुशल उनके परिजनों के हवाले कर दिया है।



# बैडमिंटन लीग में महाराजा अग्रसेन कॉलेज टीम बनी विजेता




**बालिका एकल मैच में गलगोटिया ने मारी बाजी**

**ग्रेटर नोएडा,** 21 मइ (देशबन्धु)। शारदा विश्वविद्यालय की स्पोर्ट्स सोसायटी और छात्र कल्याण विभाग ने शारदा बैडमिंटन लीग का आयोजन किया गया। इसमें एनसीआर के 16 कॉलेज की टीमों में 70 खिलाड़ियों ने भाग लिया। बालक एकल और डबल्स मैच में दिल्ली के महाराजा अग्रसेन कॉलेज विजेता रही, वहीं बालिका एकल में गलगोटिया विश्वविद्यालय की टीम विजेता रही। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग के डीन डॉ. प्रमोद कुमार और खेल निदेशक डॉ. कपिल दवे ने बताया कि एनसीआर के महाराजा अग्रसेन कॉलेज, जीएल बजाज, आईआईएलएम, जेएसएस कॉलेज, केआर मंगलम कॉलेज समेत 16 टीमों ने हिस्सा लिया। ब्याज एकल के फाइनल मैच में महाराजा अग्रसेन कॉलेज की टीम ने केआईईटी कॉलेज की टीम को पहले सेट में 20-18, दूसरे सेट में 21-19 और आखिरी सेट में 22-20 अंको से हराकर विजेता बनी। बालक डब्ल्स में भी महाराजा अग्रसेन कॉलेज की टीम ने केआईईटी कॉलेज को हराकर फाइनल मैच जीत लिया। बालिका एकल मैच के फाइनल मुकाबले में गलगोटिया विश्वविद्यालय ने शारदा विश्वविद्यालय की टीम को 21-12 और 21-17 को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। विश्वविद्यालय डायरेक्टर पीआर डॉ. अजीत कुमार ने कहा कि खेल हों या शिक्षा दोनों समान हैं, दोनों में अनुशासन और प्रतिबद्धता जरूरी है। शिक्षा के साथ जब ट्रेनिंग भी दी जाती है तब एक छात्र मौजूदा समय में प्रतिस्पर्धा में सक्षम बन पाता है।

## स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**ग्रेटर नोएडा,** 21 मई (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कैम्प कार्यालय ग्रेटर नोएडा वेस्ट पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 33वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि स्व. राजीव गांधी न सिर्फ आधुनिक भारत के निर्माता थे, बल्कि वे एक युग दृष्टा थे जिन्होंने आज के भारत का सपना तीन दशक पूर्व देखा था। उन्होंने राजनीति में ज्यादा से ज्यादा युवा शामिल हों अपनी पसंद के राजनेता का चुनाव कर सके इसलिए मतदान की उम्र 18 वर्ष निर्धारित कराई। सूचना और प्रौद्योगिकी क्रांति से लेकर आधुनिक पंचायती राज तक सब स्व. राजीव गांधी की बेहतरीन सोच के उदहारण है और इसी सोच के मुरीद उनके विरोधी राजनीतिक दल के नेता भी रहे। स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उनको स्मरण करने के लिए बिन्नू नेता, रमेश बाल्मीकि, सचिन भाटी, रूपेश भाटी, संदीप भाटी, सुबोध भाटी, राजीपाल, हीरालाल जिंदल, नवीन कुमार, रवि कुमार, अनुज पहलवान, संजीव, वंश चौधरी आदि लोग शामिल हुए।



**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
एच-169, सैक्टर गामा, ग्रेटर नौएडा
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एल0ओ0पी के भूखण्ड संख्या 140, Cassia Fistula Estate, Sector Chi 04 Area 1024.7 Sqmt, आवंटन संख्या LOP01-70357 के आबंटी Sh. Soney Lal Patel की मृत्यु के उपरान्त उनकी पत्नी Smt. Krishna Patel द्वारा उक्त भूखण्ड/आवंटन को अपने नाम कराने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। इसमें यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में स्वर्गीय Sh. Soney Lal Patel के स्थान पर उनकी पत्नी Smt. Krishna Patel के पक्ष में नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी
ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण

**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर के0पी0-4, ग्रेटर नोएडा सिटी
जि0- गौतमबुद्व नगर उ0प्र0।
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि D01 आवासीय भूखण्डों की योजना के अन्तर्गत भूखण्ड संख्या L-187, Area-230 Sqmt., Sector-Delta-02, Allotment No.-D0136821 Greater Noida, Smt. Radha Rani Goel W/o Late Sh. P.C. Goel के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। आवंटी Smt. Radha Rani W/o Late Sh P.C. Goel की मृत्यु दिनांक 02.07.2021 को हो गयी है। मृतक आवंटी के पुत्र Sh. Ajay Goel S/o Late Sh Pravesh Chand Goel द्वारा उपरोक्त वर्णित भूखण्ड को पूर्ण रूप से अपने पक्ष में म्यूटेशन/नामांतरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में स्वर्गीय Smt. Radha Rani Goel W/o Late Sh. P.C. Goel के स्थान पर उनके पुत्र Sh. Ajay Goel S/o Late Sh. Parvesh Chand Goel R/o House No..-187, Block-L, Sector-Delta-02, Greater Noida Distt. G.B. Nagar (U.P.) के पक्ष में भूखण्ड को पूर्ण रूप से दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेष कार्याधिकारी (सम्पत्ति)
ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण।

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला गौतमबुद्व नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-रायपुर बांगर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-आर.पी.बी.01292, भूखण्ड संख्या-106, क्षेत्रफल-400 वर्ग मीटर सर्वश्री उत्तम, अधम पुत्रगण श्री कुवंरपाल, श्रीमती सुमन पत्नी श्री कुवंरपाल, निवासी-ग्राम-डाबरा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहःआवंटी श्रीमती सुमन पत्नी श्री कुवंरपाल की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान सर्वश्री उत्तम सिंह, उधम सिंह पुत्रगण स्व0 श्री कुवंरपाल, श्रीमती उषा (विवाहित) पुत्री स्व0 श्री कुवंरपाल, निवासी-ग्राम डाबरा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से सर्वश्री उत्तम सिंह, उधम सिंह पुत्रगण स्व0 श्री कुवंरपाल, निवासी-ग्राम-डाबरा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके सर्वश्री उत्तम सिंह, उधम सिंह पुत्रगण स्व0 श्री कुवंरपाल, निवासी-ग्राम-डाबरा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

पत्र नहीं मित्र
**देशबन्धु**
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

**देशबन्धु**
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

**Shiv Mahima Enterprises**
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 22 मई 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# रईसी की मौत के बाद ईरान

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की आकस्मिक मौत से वैश्विक समीकरणों में होने वाले बदलाव से लेकर ईरान की अंदरूनी राजनीति में मची हलचल को लेकर नए सवाल खड़े हो गए हैं। गौरतलब है कि इब्राहिम रईसी रविवार को पूर्वी अज़रबैजान प्रांत में एक बांध का उद्घाटन करके लौट रहे थे तभी उनका हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया था। उनके साथ ईरान के विदेश मंत्री भी हेलीकॉप्टर में सवार थे। सोमवार को इस हादसे के शिकार सभी लोगों की मौत की पुष्टि कर दी गई। उसके बाद से ही सवाल उठने लगे थे कि अब ईरान किस राह पर आगे बढ़ेगा, अमेरिका के साथ उसके संबंधों पर इसका क्या असर पड़ेगा।

ईरान के साथ यह विडंबना रही है कि उसके इस्लामिक रिपब्लिक बनने के 45 वर्षों के दौरान उसके मौजूदा सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई को छोड़कर सभी राष्ट्राध्यक्ष किसी न किसी मुसीबत का शिकार हुए। किसी की आकस्मिक मौत हुई, किसी को राजनैतिक निशाने पर लिया गया, तो कोई पद से बेदखल कर दिया गया। इब्राहिम रईसी मोहम्मद अली राज़ई के बाद, दूसरे ऐसे राष्ट्रपति हैं जिनका कार्यकाल किसी घातक दुर्घटना के कारण समाप्त हुआ है। राज़ई की मौत 1981 में प्रधानमंत्री कार्यालय में हुए एक विस्फोट में हो गई थी।

इब्राहिम रईसी एक कट्टरपंथी नेता थे। 2021 में उन्होंने राष्ट्रपति पद संभाला था और उनके शासनकाल में लिए गए फैसलों या घटनाओं में कम से कम पांच ऐसे थे, जिनसे पता चलता है कि ईरान को वे कट्टरपंथ और रुढ़िवादिता के साथ ही आगे ले जाना चाहते थे। इसलिए उन्हें अयातुल्लाह अली खामेनेई के उत्तराधिकारी के तौर पर सर्वथा योग्य माना जा रहा था। रईसी के सत्ता में आने के बाद ईरान ने सबसे पहले अपने परमाणु कार्यक्रम को दोगुना कर दिया, जिससे पश्चिमी देश नाराज हुए। इसके बाद दूसरा बड़ा फैसला रूस और यूक्रेन युद्ध में पश्चिम के विरोध के बावजूद रूस का समर्थन करने का फैसला लेना। रईसी ने नाटो के विस्तार की ईरान के लिए भी खतरे के रूप में व्याख्या की। रईसी के कार्यकाल में कट्टरपंथ को बढ़ावा देने वाला तीसरा बड़ा फैसला हिजाब को लेकर था। 2022 के आखिरी महीनों में हिजाब के खिलाफ युवतियों ने ऐतिहासिक विरोध प्रदर्शन शुरू किया था, इसी दौरान सितम्बर में महसा अमीनी नामक युवती की मौत ईरान की मॉरल पुलिस के कारण हुई थी। इस घटना ने देश भर में युवतियों को गुस्से में भर दिया था। रईसी के शासनकाल में चौथा बड़ा फैसला इजरायल से सीधे टकराव का था। इजरायल और फिलीस्तीन के बीच अक्टूबर से चल रहे संघर्ष में पिछले महीने ही सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर इजरायली हमला हुआ था, जिसमें एक शीर्ष ईरानी जनरल की मौत हुई थी। इसके बाद ईरान ने इजरायल पर सीधा हमला बोला। ईरान ने सैकड़ों किलर ड्रोन और मिसाइलों की इजरायल के ऊपर बौछार कर दी। और इब्राहिम रईसी के कट्टरपंथी शासन की पांचवी पहचान तीन चरमपंथी संगठनों हिजबुल्लाह, हूती और हमास को सक्रिय समर्थन से मिलती है।

ईरान की अंदरूनी राजनीति के साथ-साथ अन्य देशों के साथ उसके संबंध पर इन पांचों फैसलों का गहरा असर पड़ा। और इन फैसलों ने रईसी को एक विवादास्पद नेता भी बनाया। इब्राहिम रईसी की उनके पहले लिए फैसलों के कारण आलोचना होती रही है। रईसी ईरान के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और लंबे समय तक शीर्ष अभियोजक रहे थे। वे 1980 में बनी उस कमेटी के सदस्य थे, जिसमें खामेनेई के फतवे के बाद हजारों राजनैतिक विरोधियों को फांसी पर चढ़ा दिया गया। इस कमेटी को डेथ कमेटी कहा जाने लगा। इसके अलावा जनवरी 2020 में यूक्रेन के एक अंतरराष्ट्रीय उड़ान पर निकले विमान को ईरान की रिवॉल्युशनरी गार्ड कोर ने मार गिराया था। जिसमें 167 नागरिकों की मौत हो गई थी। बाद में इसे गलती करार दिया गया, लेकिन इसके असल दोषियों को सजा नहीं मिली, ऐसा पीड़ितों के परिजनों का आरोप है।

अतीत की इन घटनाओं के साथ-साथ मौजूदा वक्त के अंतरराष्ट्रीय राजनैतिक हालात रईसी के लिए चुनौतीपूर्ण थे, और इन चुनौतियों के बीच ही उनकी आकस्मिक मौत हो गई। जिस हेलीकॉप्टर पर वे सवार थे, अब उस पर सवाल उठने लगे हैं। साथ ही उनकी मौत के पीछे किसी बड़ी साजिश के कोण भी तलाशे जा रहे हैं। इब्राहिम रईसी की मौत का हादसा ऐसे समय में हुआ है जब पश्चिम एशिया गहरे संघर्ष में उलझा हुआ है। पिछले सात महीनों से इजरायल ने गजा में युद्ध छेड़ रखा है। वहीं, लेबनान में मौजूद ईरान समर्थित हिजबुल्लाह ने इजरायल के खिलाफ मोर्चा खोला हुआ है। ईरान ने पहले भी अपने शीर्ष अधिकारियों की हत्या के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराया है। इसलिए इस बार भी शक की सुई स्वाभाविक तौर पर इजरायल की ओर घूमी है, हालांकि अब तक की रिपोर्ट यही बता रही हैं कि ये एक दुखद घटना है और इसमें कोई साजिश अभी तक सामने नहीं आई है।

सोमवार को इब्राहिम रईसी की मौत की पुष्टि के बाद ईरान के प्रथम उपराष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर को इस्लामी गणराज्य का कार्यवाहक राष्ट्रपति नियुक्त किया गया है। इसके बाद 50 दिनों के भीतर नए राष्ट्रपति के लिए चुनाव होंगे। इससे पहले मार्च में जो संसदीय चुनाव हुए थे, उसमें रिकार्ड स्तर पर कम मतदान हुआ था। जो इस बात का संकेत देता है कि ईरान के लोगों में कहीं न कहीं कट्टरपंथ को लेकर एक निराशा का भाव बढ़ा है। ऐसे में अब देखना दिलचस्प होगा कि लगभग दो महीने बाद होने वाले चुनावों में क्या कोई परिवर्तन होता है या फिर ईरान पुराने रास्ते पर ही बढ़ता है। इस बीच नीतियों को लेकर यह तय है कि कोई भी फैसला पहले की तरह सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई ही लेंगे। रविवार को ही खामेनेई ने कह दिया था कि ईरान के लोगों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। सरकार बिना किसी व्यवधान के काम करेगी।

इस आकस्मिक हादसे के बाद नई दिल्ली और तेहरान के बीच संबंधों पर भी बातें हो रही है। कुछ दिन पहले ही भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह के संचालन को लेकर ऐतिहासिक सौदा हुआ है। जिससे भारत को चाबहार के संचालन का अधिकार अगले 10 सालों के लिए मिल गया है, जो उसे अफगानिस्तान और मध्य एशिया में व्यापार के लिए पहुंच देगा। इस सौदे के बाद अमेरिका ने भारत को प्रतिबंधों की चेतावनी दी थी, जिसमें भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा था कि यह बंदरगाह पूरे क्षेत्र को लाभान्वित करेगा और अमेरिका को इस मामले में संकीर्ण दृष्टिकोण नहीं अपनाना चाहिए। उम्मीद है कि भारत और ईरान के बीच पूर्ववत सौहार्द्रपूर्ण संबंध बने रहेंगे, लेकिन अमेरिका क्या ईरान पर नए सिरे से दबाव बनाने की कोशिश करेगा, क्या ईरान अमेरिका को पहले की तरह जवाब देता रहेगा, ये आने वाला वक्त बताएगा।

# जीते कोई भी, पराजित तो निर्वाचन आयोग हुआ है

लोकसभा चुनाव के लिये पांच चरणों का मतदान निपट चुका है। 8 राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर सोमवार को पांचवें चरण का मतदान होने के साथ ही 418 क्षेत्रों की वोटिंग सम्पन्न हो गई है। केवल 125 सीटों पर मतदान बकाया है। अब तक के हुए मतदान के आधार पर विश्लेषक एवं बहुत से सर्वे अलग-अलग राय दे रहे हैं। कुछ भारतीय जनता पार्टी को आगे तो ज्यादातर इंडिया गठबन्धन को बाजी मारता हुआ देख रहे हैं। कुछ ऐसे भी सर्वेक्षण आये हैं जो कांटे की टक्कर बताते हुए त्रिशंकु संसद का अंदाजा व्यक्त कर रहे हैं। भावी परिदृश्य कोई भी रंग-रूप धर सकता है। वैसे छोटे-बड़े सभी सियासी दलों, उनके उम्मीदवारों, निर्दलीयों, गठबन्धनों, समीकरणों, राजनीतिक दांव-पेंचों, चुनाव को असर करने वाले तथ्यों आदि पर तो खूब चर्चा हो ही रही है, एक गैर-राजनैतिक संस्था पर भी भरपूर बहस हो रही है- वह है केन्द्रीय निर्वाचन आयोग। उसकी भूमिका एवं उसका अपने संवैधानिक दायित्वों के निर्वाह में नाकाम होने पर भी बहसें जारी हैं। कह सकते हैं कि 4 जून के चुनावी परिणामों में चाहे जो जीते, पराजित तो निर्वाचन आयोग ही घोषित होगा।

आजाद भारत में संविधान निर्माताओं ने जिस निष्पक्षता, स्वतंत्रता व निर्भयता के अपेक्षित गुण-धर्मों वाले आयोग की स्थापना की थी, उन सभी उम्मीदों को मौजूदा मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में बनी इस संस्था ने ध्वस्त कर दिया है। पिछले कुछ अरसे में एक के बाद एक हुए विभिन्न चुनावों में आयोग लगातार सत्ता के आगे झुकता चला गया है और इस चुनाव (18वीं लोकसभा) को देखें तो वह सिर्फ सरकार के आगे नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी को ही दण्डवत प्रणाम कर रहा है। मतदान के चरण-दर-चरण आयोग जिस तरह अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ रहा है वह न केवल इन्हीं चुनावों के परिणामों को प्रभावित करेगा बल्कि आने वाले समय में एक ऐसी व्यवस्था व परिपाटी बनाकर जायेगा जिसके कारण इस महादेश के लिये स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव दूर की कौड़ी बनकर रह जायेंगे। दुख इतना ही नहीं है कि राजीव कुमार ने अपनी रीढ़ सीधी करने की कोशिश नहीं की, अधिक दुर्भाग्यजनक तो यह है कि उन्होंने खुद ही अपनी सारी शक्तियां सत्ता को सौंप दीं। टिप्पणीकारों से लेकर सोशल मीडिया तक जैसे कार्टून, चुटकुले, मीम आदि आयोग को लेकर बन रहे हैं, उससे साफ हो गया है कि टीएन शेषन जैसे अधिकारियों ने जिस मेहनत व साहस के साथ आयोग को सम्मान दिलाया था, वह राजीव कुमार जैसे अधिकारी ने मिट्टी में मिलाकर रख दिया। अपनी कार्यपद्धति से राजीव कुमार ने आने वाले समय में शेषन जैसे किसी अधिकारी के बनने का रास्ता तो अवरूद्ध कर ही दिया, भावी निर्वाचन आयुक्त भी उन्हीं के जैसे होने चाहिये- यह अलबत्ता उन्होंने सुनिश्चित कर दिया है।



डॉ. दीपक पाचपोर

**केन्द्रीय चुनाव आयोग ने, जिसे संवैधानिक व्यवस्था को बनाये रखने की जिम्मेदारी मिली थी, देश में संविधान तथा लोकतंत्र को गहरे खतरे में डाल दिया है। लोकतंत्र की लड़ाई में देशवासियों का साथ देने की बजाय आयोग सत्ता के पक्ष में खड़ा है। अब तो उसे भाजपा का सहयोगी संगठन बतलाया जाता है। किसी भी स्वायत्त संस्था के लिये इस दर्जे तक पहुंचना बेहद शर्मनाक कहा जा सकता है।**

इस तरह देखें तो केन्द्रीय चुनाव आयोग ने, जिसे संवैधानिक व्यवस्था को बनाये रखने की जिम्मेदारी मिली थी, देश में संविधान तथा लोकतंत्र को गहरे खतरे में डाल दिया है। लोकतंत्र की लड़ाई में देशवासियों का साथ देने की बजाय आयोग सत्ता के पक्ष में खड़ा है। अब तो उसे भाजपा का सहयोगी संगठन बतलाया जाता है। किसी भी स्वायत्त संस्था के लिये इस दर्जे तक पहुंचना बेहद शर्मनाक कहा जा सकता है। यह स्थिति यहां तक कैसे पहुंची, इसे जानने के लिये तीन कालखंडों में बांटकर चुनाव आयोग के कार्यकाल को देखा जाना चाहिये। टीएन शेषन के कार्यकाल (नवम्बर, 1990 से दिसम्बर, 1996 तक) को ध्यान में रखकर यह काल विभाजन होना चाहिये। शेषन पूर्व, शेषन का कार्यकाल और शेषन के पश्चात। उनके पहले तक सम्भवत: निर्वाचन आयोग को अपनी शक्ति का भान नहीं था। था भी, तो उसने अपने नख-दंत हमेशा छिपाकर रखे या उनका वैसा इस्तेमाल नहीं किया जैसा कि वह कर सकता है। इसका सम्भावित कारण यह है कि स्वतंत्रता संग्राम की विरासत को लेकर राजनीति करने वाली आजाद भारत की प्रारम्भिक पीढ़ियों में मर्यादाओं व मूल्यों के प्रति आग्रह होता था। उनमें आज के से राजनीतिज्ञों की सी उद्दंडता और उच्छृंखलता नहीं थी। ऐसा भी नहीं कि वह पूर्णत: अनुशासित और विधिसम्मत काम करने वाली पीढ़ी थी। अनेक राज्यों में हिंसा एवं मतदान में व्यवधान डालने की घटनाएं होती थीं। बिहार बूथ कैप्चरिंग के लिये बदनाम था। यहां मतपेटियां लूट लेने और मतदाताओं को बन्धक बनाकर अपने पक्ष में वोट कराने की कुख्यात परम्परा थी। तो भी स्थिति इतने तक ही सीमित थी। शेषन ने आयोग की शक्तियों को लौटाया। उपद्रवी तत्वों पर अंकुश लगाया और राजनीतिज्ञों की मनमानी पर लगाम लगाई। उनकी कार्य शैली का आयोग परवर्ती काल में काफी समय तक अनुसरण करता रहा।

2014 में आये नरेन्द्र मोदी ने इस महत्वपूर्ण संस्था की ताकत को आंकते हुए समझ लिया था कि उसे अपने शिकंजे में लाये बगैर वे 'कांग्रेस मुक्त' या 'विपक्ष मुक्त भारत' के अपने मिशन को नहीं चला सकते, न ही वे 'ऑपरेशन लोटस' जैसी लोकतंत्र विरोधी कार्रवाइयों को अंजाम दे सकेंगे। बहुत सहज व आश्चर्यजनक ढंग से आयोग ने अपने को भाजपा की मंशा व उद्देश्यों के अनुसार ढाल लिया। उसे पहला टास्क यह मिला कि मोदी-शाह को प्रचार के लिये अधिकतम अधिक समय मिले। इसके लिये मतदान कार्यक्रम लम्बा चले। इसका कारण यह था कि भाजपा का पूरा प्रचार इन्हीं दो लोगों पर टिका है। देश बड़ा है सो उन्हें वक्त ज्यादा चाहिये। 2014 में देश के जो मतदान 35 दिन चलते थे, 2019 में उसके लिये 38 दिन लगे। अब 2024 में यह प्रतिक्रिया पूरे 44 दिन ले रही है। पहले के दो चुनावों में भाजपा के पास कुछ और भी नेता थे। अब तो केवल मोदी ही हैं। शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को उसी में एडजेस्ट कर लिया जाता है। पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक आदि के विधानसभा चुनावों में ऐसा करके देखा गया। कुछ राज्यों के चुनावों की घोषणा तो पीएम या शाह की सभाएं पूरी होने के बाद की गई थी। अब यह सभी के सामने साफ हो गया है कि अवधि लम्बी होने का कारण कोई सुरक्षा प्रबन्ध नहीं होता बल्कि वह यह है कि पूरा चुनावी कार्यक्रम भाजपा नेता, खासकर उसके स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बनाया जाने लगा है।

सामान्य दिनों में तो निर्वाचन आयोग का प्रशासन पर कोई नियंत्रण नहीं होता लेकिन एक बार आचार संहिता लागू हो जाये तो उसके बाद सारी सरकारी मशीनरी आयोग के नियंत्रण में होती है और हर कोई- पीएम से लेकर अधिकारी तक- उसके कहे में होता है। 2019 का चुनाव मोदी ने पुलवामा के शहीदों के नाम पर लड़ा और वे जीते। पिछले चुनावों की बातों को यदि भूलकर अभी लड़े जा रहे चुनाव के प्रचार में कोई दिन ऐसा नहीं जाता जब मोदी अपने भाषणों में विपक्ष को कोसने, भ्रष्टाचार के निराधार आरोप लगाने के अलावा सम्प्रदाय, धर्म आधारित नफरती भाषण न करते हों। उन्हें न कोई नोटिस मिलती है न कोई सवाल करता है। देश में पहली बार एक राज्य के मौजूदा मुख्यमंत्री अरविंद केजरावील (दिल्ली) और दूसरे पूर्व सीएम (झारखंड) को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जरिये जेल भेजा गया ताकि वे चुनाव प्रचार न कर सकें। मोदी के साथ कई भाजपा नेता हेट स्पीच करते हैं परन्तु आयोग खामोश रहता है क्योंकि वह अब भाजपा के राजनैतिक लक्ष्यों का टूल बन गया है।

(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)

# केंद्र में राजनीतिक सत्ता परिवर्तन का संकेत दे रहा स्वर्ण आयात में उछाल

■ नन्तू बनर्जी

दक्षिणपंथी भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) या उसके प्रमुख विपक्ष 26-दलीय इंडिया राजनीतिक गठबंधन, किसी के पक्ष में लहर के अभाव वाले इस बार के संसदीय चुनाव के संभावित परिणाम की कोई भी भविष्यवाणी कठिन होती जा रही है। इंडिया गठबंधन का प्रतिनिधित्व सात राज्यों के मुख्यमंत्रियों और पिछली संसद के 142 सदस्यों द्वारा किया जा रहा है जो भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए को कठिन चुनौती दे रहा है।

इस बार चुनाव के पहले तीन चरणों में गिरता मतदान प्रतिशत एनडीए और इंडिया गठबंधन, दोनों के लिए चिंता का एक और कारण बन गया है। कुल मिलाकर पांच से छह प्रतिशत मतदान प्रतिशत का एनडीए या इंडिया खेमे के संख्या के खेल पर गंभीर प्रभाव पड़ना संभव है। सार्वजनिक रूप से, दोनों समूह 300 सदस्यों की अंतिम ताकत की आकांक्षा रखते हैं, हालांकि केवल 543 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हैं। अगली सरकार बनाने के लिए, एक राजनीतिक गठबंधन को कम से कम 272 सीटें जीतने की आवश्यकता होगी। सरकार अधिक स्थिर दिखेगी यदि उसके लोकसभा सांसदों की संख्या 300 से अधिक हो जाये।

**क्या विदेशी निवेशक इस बार देश की राष्ट्रीय सरकार और बाज़ार की स्थिरता को लेकर एक अलग राजनीतिक गंध महसूस कर रहे हैं? अमीर भारतीय अपनी नकदी की सुरक्षा के लिए पहले की तरह सोना खरीद रहे हैं। आधिकारिक रिकॉर्ड बताते हैं कि पिछले महीने सोने का आयात एक साल पहले की समान अवधि के 1 अरब डॉलर से तीन गुना बढ़कर 3.1 अरब डॉलर हो गया। सोने की कीमतें लगभग हर हफ्ते बढ़ रही हैं।**

फिलहाल, एनडीए और इंडिया गठबंधन दोनों के चुनाव प्रचारक जनता की उदासीन प्रतिक्रिया से कुछ हद तक परेशान दिख रहे हैं। चुनाव प्रचारक इतने घबराये हुए हैं कि बहुत कम लोग अपने चुनावी घोषणापत्रों के बारे में बात करते हैं और यह भी उतने उत्साह से नहीं बताते हैं कि सत्ता में लौटने पर वे लोगों की किस तरह सेवा करना चाहते हैं। समूह के अधिकांश नेताओं के पास मतदाताओं के साथ संवाद करने के लिए एक-दूसरे के खिलाफ मौखिक आरोप लगाने, झूठ और अधिक झूठ बोलने, तथ्यों को तोड़ने-मरोड़ने और अक्सर कटाक्ष या यहां तक कि व्यक्तिगत हमलों का उपयोग करने के अलावा बहुत कुछ नहीं है। चुनावी घोषणा पत्र व्यावहारिक रूप से पीछे छूट गये हैं।

इन चुनाव अभियानों में जनता की भागीदारी दिन पर दिन निराशाजनक रूप से कम होती जा रही है। लगातार चल रही लू भी एक वजह हो सकती है। व्यवसाय और उद्योग, जो आम तौर पर संभावित विजेताओं का समर्थन करते हैं, भी भ्रमित हैं। वे इस बारे में निश्चित नहीं हैं कि रोटी के किस तरफ मक्खन लगाना है। माना जाता है कि बड़े व्यवसाय, औद्योगिक घराने और व्यापार दोनों पक्षों को खुश रखने के लिए गुप्त रूप से धन की पेशकश कर रहे हैं। एनडीए के स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार उद्योगपतियों अंबानी और अडानी पर कांग्रेस को कथित अवैध धन भेजने का आरोप लगाया है और दावा किया है कि यही कारण है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उनके खिलाफ बोलना बंद कर दिया है।

विडंबना यह है कि नरेंद्र मोदी के लगातार कांग्रेस विरोधी, गांधी परिवार विरोधी बयानों ने कांग्रेस पार्टी को दैनिक समाचारों में एक बहुत जरूरी स्थान प्रदान किया है और परोक्ष रूप से जनता के समर्थन में मदद की है या कांग्रेस के लिए स्वतंत्र मतदाता कल्पना को मजबूत किया है, जो लोकसभा में 100 से अधिक सीटें हासिल करने की उम्मीद करती है। हैरानी की बात यह है कि मोदी ने पश्चिम बंगाल में अपने अभियान के दौरान भी कांग्रेस पार्टी के क्षत्रपों को नहीं बख्शा, जहां कांग्रेस का अस्तित्व ही नहीं है।

पिछले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। मोदी का कांग्रेस-फोबिया स्पष्ट रूप से देश की सबसे पुरानी राष्ट्रीय पार्टी (जीओपी) के लाभ के लिए काम कर रहा है। ओडिशा के कंधमाल जिले में एक चुनावी रैली में बोलते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा, 'वे (कांग्रेस) यह कहकर भारतीयों के मन में डर पैदा करते हैं कि पाकिस्तान एक परमाणु शक्ति है। कांग्रेस की कमजोर मानसिकता के कारण जम्मू-कश्मीर के लोगों ने दशकों तक संघर्ष किया है। पश्चिम बंगाल की तरह, कांग्रेस पार्टी की आज ओडिशा की राजनीति में बहुत कम प्रासंगिकता है। 2019 के लोकसभा चुनाव में, ओडिशा ने कोरापुट (एससी) निर्वाचन क्षेत्र से एक अकेला कांग्रेस सांसद भेजा।

यह ध्यान दिया जा सकता है कि 2013 के बाद पहली बार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) चुनावी घबराहट के कारण बाजार से लगातार निकासी कर रहे हैं। चल रहे राष्ट्रीय चुनावों में भाजपा के पहले के अनुमान से कम सीटें जीतने की अटकलों के बीच, एफपीआई चुनिंदा स्टॉक बेच रहे हैं। सत्तारूढ़ एनडीए के लिए यह शायद ही कोई अच्छा संकेत है। भारत में 2014 और 2019 के संसदीय चुनावों से पहले भाजपा के नेतृत्व वाले दक्षिणपंथी राजनीतिक गठबंधन को एफपीआई और वैश्विक अमेरिकी बहुराष्ट्रीय निवेश बैंकों और गोल्डमैनसैक्स, जेपीमॉर्गन, वेल्सफ़ार्गो और मॉर्गनस्टेनली जैसी वित्तीय सेवा कंपनियों का भारी समर्थन प्राप्त था। गोल्डमैनसैक्स ने इस बार भी कम मुखरता से मोदी का समर्थन जारी रखा है। हालांकि, 4 जून को देश के संसदीय चुनाव के नतीजों से पहले एफपीआई भारतीय बाजार में सुरक्षित खेल रहे हैं। अकेले चालू माह के दौरान, एफपीआई ने मई के मध्य तक 22,000 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर बेचे हैं। अप्रैल में 21,524 करोड़ रुपये की उन्होंने निकासी की थी। 31 मार्च, 2024 तक पांच प्रतिशत से अधिक एफपीआई हिस्सेदारी वाले 100 से अधिक शेयरों में 10 प्रतिशत से 30 प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई, जबकि निफ्टी सूचकांक में केवल 1.7 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। भारतीय म्यूचुअल फंड ऑपरेटर खरीदार के रूप में बाजार के बचाव में आये हैं। संसदीय चुनाव के नतीजे बाजार के लिए एक प्रमुख ट्रिगर होंगे।

पिछले तीन लोकसभा चुनावों के दौरान एफपीआई शुद्ध खरीदार थे - खासकर चुनाव से पहले दो महीने और चुनाव की अवधि के दौरान भी- भारत जैसे अत्यधिक आबादी वाले, बहुसांस्कृतिक और बहुभाषी लोकतंत्र में किसी भी चुनाव के साथ आने वाली अनिश्चितताओं के बावजूद। 2009 के लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया के दौरान, जिसे मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) ने बड़े आराम से जीता था, एफपीआई 20,117 करोड़ रुपये के शेयरों के शुद्ध खरीदार थे। राष्ट्रीय चुनावों के दौरान देश के द्वितीयक बाजार में विदेशी निवेश का वह रिकॉर्ड प्रवाह था। पिछले तीन संसदीय चुनावों के दौरान शेयर बाजार में सामान्य अस्थिरता ज्यादा नहीं देखी गई थी।

क्या विदेशी निवेशक इस बार देश की राष्ट्रीय सरकार और बाज़ार की स्थिरता को लेकर एक अलग राजनीतिक गंध महसूस कर रहे हैं? अमीर भारतीय अपनी नकदी की सुरक्षा के लिए पहले की तरह सोना खरीद रहे हैं। आधिकारिक रिकॉर्ड बताते हैं कि पिछले महीने सोने का आयात एक साल पहले की समान अवधि के 1 अरब डॉलर से तीन गुना बढ़कर 3.1 अरब डॉलर हो गया। सोने की कीमतें लगभग हर हफ्ते बढ़ रही हैं। इस समय राजनीतिक स्थिति शेयर बाजार जितनी ही अस्थिर है, हालांकि बड़ी संख्या में लोगों को अभी भी लगता है कि एनडीए तुलनात्मक रूप से कम बहुमत के साथ सत्ता में लौट सकता है। सात चरणों का लम्बा चुनाव सभी के लिए तनाव और पीड़ा का कारण बन रहा है।

## पावन प्रसंग

# आनंद व संतोष के साथ कार्य करें

प्रकृति परिवर्तनशील है, उसकी दौड़ इतनी तेज है कि उसकी चाल नाप सकना संभव नहीं। नदी में पैर डालकर थोड़ी देर में उन्हें उठाया जाए तो मात्र इतने क्षणों से असंख्य टन पानी आगे बढ़ गया होगा और पीछे से जाने वाले ने उसकी जगह ले ली होगी। इस चाल के साथ किसी का दौड़ सकना संभव नहीं। इसी प्रकार भूतकाल की घटनाओं का आकलन करते हुए आज का निर्माण व्यर्थ है। इसी प्रकार भविष्य की उन कल्पनाओं में उड़ते रहने से कोई लाभ नहीं, जो कभी-कभी आशा के विपरीत अनोखे ढंग से बदल जाती है। भूत के घटनाक्रमों का सही निष्कर्ष इतना ही है कि हम उन परिवर्तनों से कुछ सीखें और उस नसीहत को ध्यान में रखते हुए आज का कार्यक्रम बनाएं। इसी प्रकार भविष्य को यदि सच में उत्तम बनाना है तो उसका भी एक ही तरीका है कि वर्तमान का श्रेष्ठतम उपयोग कर गुजरें और उन बोए हुए मीठे फलों को अवसर आने पर चखें। काम कम और चिंता अधिक यह बर्बादी का बहुत बुरा तरीका है।

जार्ज बर्नार्ड शॉ कहते थे कि हर समय व्यस्त रहो। इससे आपकी वे शक्तियां बच जाएंगी जो सपनों और कल्पनाओं की चक्की में पिसती हैं; शरीर और मन को बुरी तरह निचोड़ देती है। मनुष्य के पसीने में संपदाएं भरी हुई हैं और पसीने की बूंद के साथ संपदाएं टपकती हैं। रुचिपूर्वक आज के कामों में संलग्न होने से बढ़कर तत्काल आनंद प्राप्त करने का और कोई तरीका नहीं है।

जिन्हें जीवन से सचमुच प्यार है और वे उस उपलब्धि का बढ़ा-चढ़ाकर रसास्वादन करना चाहते हैं, उनके लिए जीवनविज्ञानियों का एक ही परामर्श है कि अपनी मस्ती किसी भी कीमत पर न बेची जाए, अपनी स्वतंत्रता में विवेक के अतिरिक्त और किसी को भी हस्तक्षेप न करने दिया जाए। अनुकूल परिस्थितियां, लोगों की अनुकंपाएं, समृद्धि की संभावनाओं की आशा रखने में कोई हर्ज नहीं पर हिम्मत एकाकी चल पड़ने की होनी चाहिए। हमारा संतोष और आनंद इस बात पर केंद्रित रहना चाहिए कि हमने भले काम किए, दायित्व निभाए और जो किया उसमें पूरा श्रम तथा मनोयोग लगाया। इस आधार पर हम हर घड़ी प्रमुदित रह सकते हैं, भले ही परिणाम इच्छा के अनुरूप होया प्रतिकूल।

कपड़ों से लिपटा हुआ कलेवर बाहर दीखता है, पर असल में व्यक्ति जो कुछ है, भीतर रहता है। बल, बुद्धि, विद्या प्रतिभा इनमें से बाहर एक भी नहीं दीखता। यदि प्राण निकल जाए तो मृत शरीर की कीमत छदाम भी न उठे शरीर की शोभा चेहरे के ऊपर निर्भर है। उसकी गतिविधियां हाथ-पैरों के सहारे चलती है, किंतु जीवन-संचार का रक्त प्रवाह शरीर के मध्य में स्थित हृदय के ऊपर निर्भर है, जो दृष्टिगोचर नहीं होता। जो दीखता है, वह तो एक मांस की गठरी भर है। उसकी संचालन क्रिया हृदय पर निर्भर रहती है। यह संसार भी तो परमात्मा का ही है फिर हमने संसार से पलायन को अध्यात्म समझ लिया। इसी संसार में निष्काम भाव से रहते हुए लोक मंगल के कार्य को करते रहने में सच्चा सन्यास भी निहित है और सामाजिक उत्थान भी। इसी को स्वामी रामकृष्ण परमहंस ने हाथ में तेल लगाकर कटहल काटने जैसे कहा तो शास्त्रों ने 'कमल पत्रवत" की संज्ञा दे डाली। जो कवि को स्वीकारते हैं तो वे कविता को भी अंगीकार करते हैं, वैसे ही परमात्मा को भी सहर्ष स्वीकार कर हर कार्य को प्रसन्नता पूर्वक करना चाहिए। जीवन की समस्याओं का समाधान उनसे भागने में नहीं, उससे होकर गुजरने में है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# सुविधाओं से लाभान्वित होने लगी हैं ग्रामीण महिलाएं

दुनिया भर में महिलाओं के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण को लेकर समय-समय पर आंदोलन होते रहे हैं। बात चाहे राजनीति में प्रतिनिधित्व की हो या फिर सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में उनकी भागीदारी की हो। इसका अब व्यापक प्रभाव भी देखने को मिलता है। वर्तमान में दुनिया की सभी सरकारें अब महिलाओं को केंद्र में रख कर नीति और योजनाएं तैयार करने लगी हैं। भारत में भी महिलाओं के अधिकारों से जुड़े कई आंदोलनों ने इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाई है। जिसका परिणाम है कि आज सभी सरकार और राजनीतिक दल अपने एजेंडे में भी महिलाओं से जुड़े मुद्दों को सर्वोपरि रखने लगे हैं। चाहे वह स्वास्थ्य का मुद्दा हो, सामाजिक स्थिति की बात हो या फिर रोज़गार के माध्यम से उनके सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता का मुद्दा हो, सरकार सभी विषयों को प्राथमिकता देने लगी है।

इसका प्रभाव केवल शहरों तक ही नहीं बल्कि देश के कई ग्रामीण क्षेत्रों में भी नज़र आने लगा है। जहां पंचायत स्तर पर महिलाओं और किशोरियों को कई प्रकार की सुविधाएं मिलने लगी हैं। ग्रामीण महिलाएं अब अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने लगी हैं। ऐसा ही राजस्थान का लोयरा गांव भी है। जहां न केवल महिलाओं को आंगनबाड़ी के माध्यम से पोषाहार जैसी सुविधाओं का लाभ मिल रहा है बल्कि स्कूली स्तर पर किशोरियों को छात्रवृत्ति और माहवारी के दौरान पैड्स उपलब्ध कराये जाते हैं। राजस्थान के पर्यटन नगरी के रूप में विख्यात उदयपुर स्थित यह गांव जिला मुख्यालय से करीब 10 किमी की दूरी पर आबाद है। बड़गांव पंचायत समिति अंतर्गत इस गांव की आबादी लगभग ढाई हजार के आसपास है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति बहुल इस गांव में 450 मकान हैं। गांव में ज्यादातर गमेती और डांगी समुदाय के लोग निवास करते हैं। इसके अतिरिक्त ओबीसी समाज की भी यहां अच्छी आबादी है। बाकी सामान्य समुदाय के कुछ परिवार भी यहां आबाद हैं। गांव के अधिकतर पुरुष उदयपुर शहर में मजदूरी करने जाते हैं। इनमें अधिकतर चिनाई कारीगर, बेलदार, मार्बल फिटिंग अथवा मार्बल घिसाई मजदूर के रूप में काम करते हैं जबकि महिलाएं शहर के बड़े घरों में घरेलू सहायिका और कुछ खेतों में मज़दूरी करती हैं।

भले ही आर्थिक रूप से यह गांव सशक्त न हो, लेकिन जागरूकता के मामले में इस गांव में पहले की अपेक्षा सुधार हुआ है। गांव की महिलाएं सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाने लगी हैं। एक ओर जहां उन्हें मनरेगा के तहत काम मिलने लगा है तो वहीं आंगनबाड़ी के माध्यम से पूरक पोषाहार कार्यक्रम के तहत सुविधाएं उपलब्ध होने लगी हैं। 13 वर्षीय केतकी कहती है कि -हमें न केवल इन विषयों पर बल्कि सरकार द्वारा छात्राओं के हितों में चलाई जा रही कई अन्य योजनाओं के बारे में भी स्कूल की शिक्षिकाएं बताती रहती हैं। वह बताती है कि उसके पिता एक दैनिक मज़दूर हैं। ऐसे में वह उसकी शिक्षा का खर्च नहीं उठा सकते हैं। लेकिन वह सरकार द्वारा मिलने वाली छात्रवृत्ति के कारण पढ़ने में सक्षम हो सकी है।

ऐसा नहीं है कि सरकार महिलाओं और किशोरियों के हितों में योजनाएं नहीं बनाती है। बात चाहे वृद्धावस्था पेंशन योजना हो, एकल नारी सम्मान योजना हो या फिर आई एम शक्ति उड़ान योजना हो. यह सभी महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शुरू किये गए हैं।

**ज्योत्सना डामोर, उदयपुर राजस्थान**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## यूक्रेन के खार्किव में रूस का ताबड़तोड़ हमला, सात घायल

**कीव।** उत्तर-पूर्वी यूक्रेन के खार्किव शहर पर रूस ने ताबड़तोड़ हमले किए। रात भर हुए हमले में कम से कम सात लोग घायल हो गए। खार्किव के गवर्नर ओलेह सिन्येहुबोव ने एक बयान जारी कर ये जानकारी दी है। यूक्रेनी वायु रक्षा द्वारा मार गिराए गए लड़ाकू ड्रोनों का मलबा शहर के कई हिस्सों में गिरा हुआ मिला। हमले में इमारतों और वाहनों को भी नुकसान पहुंचा है। सिन्येहुबोव ने कहा कि घायलों में 61 वर्षीय एक पुरुष और 69 और 72 वर्ष की दो महिलाएं शामिल हैं। ओडेसा, मायकोलाइव और निप्रॉपेट्रोस सहित अन्य यूक्रेनी इलाकों में भी भी रात भर रूस ने ड्रोन से हमले किए। यूक्रेनी वायु सेना ने कहा कि देश भर में 29 में से 28 ड्रोन मार गिराए गए।

# ईरानी राष्ट्रपति व विदेश मंत्री के अंतिम संस्कार समारोह में उमड़े लोग

**तेहरान,** 21 मई (एजेंसियां)। ईरान में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी, विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन और अन्य का अंतिम संस्कार समारोह शुरू हो गया है। बड़ी संख्या में लोग इसमें शामिल हुए। लोग अपने प्रिय नेता की आखिरी झलक पाने के लिए आतुर दिखे। राज्य मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को उत्तर-पश्चिमी शहर ताब्रीज में अपने नेता को विदाई देने के लिए



हजारों लोग उमड़ पड़े। ईरानी समाचार एजेंसियों द्वारा जारी वीडियो में आसमान में बादलों के नीचे लोगों की भीड़ जमा है और एक खुली गाड़ी मे फूलों से सजे ताबूत ले जाए जा रहे हैं। लोग राष्ट्रपति रईसी व अन्य मृतकों के ताबूत को स्पर्श करने के लिए धक्का-मुक्की कर रहे थे। धार्मिक गढ़ और तीर्थ शहर क़ोम के साथ-साथ राजधानी तेहरान में भी शोक समारोह की योजना बनाई गई है। रईसी को गुरुवार को उनके गृह नगर मशहद के शिया केंद्र में शिया इस्लाम के आठवें इमाम, इमाम रजा की दरगाह पर दफनाया जाएगा। रईसी व अमीर अब्दुल्लाहियन सात अन्य लोगों के साथ सोमवार को एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए थे।

## 'भारत-ईरान संबंधों में है रईसी और अब्दुल्लाहियन का योगदान'

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को नई दिल्ली में ईरान के दूतावास का दौरा किया। देश ने ईरानी राष्ट्रपति सैय्यद इब्राहिम रईसी और देश के विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन के सम्मान में एक दिन का राजकीय शोक मनाया है। दोनों नेताओं का रविवार को एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में निधन हो गया। जयशंकर ने ईरानी दूतावास के दौरे के बाद एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'उन्हें हमेशा भारत के दोस्तों के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने भारत-ईरान संबंधों के विकास में बहुत योगदान दिया। भारत सरकार इस कठिन समय में ईरान के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ी है।' रईसी और अब्दुल्लाहियन उन नौ लोगों में शामिल थे, जिनकी उस समय मौत हो गई, जब उनका हेलीकॉप्टर ईरान के पहाड़ी उत्तर-पश्चिम में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जब वे क्षेत्र में संयुक्त परियोजनाओं को हरी झंडी दिखाने के बाद अजरबैजान सीमा से लौट रहे थे।



# जर्मन विदेश मंत्री यूक्रेन की यात्रा पर

**कीव,** 21 मई (एजेंसियां)। जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक मंगलवार की सुबह यहां पहुंची और रूसी हवाई हमलों से यूक्रेन को और ज्यादा अंतरराष्ट्रीय समर्थन देने की अपील की। सुश्री बेयरबॉक की फरवरी-2022 में रूस-यूक्रेन के बीच चौतरफा युद्ध शुरू होने के बाद यूक्रेन की यह सातवीं यात्रा है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को रूसी मिसाइलों और ड्रोन के हमलों से बचाने के लिए तत्काल अधिक वायु रक्षा की आवश्यकता है। इससे पहले सुरक्षा कारणों से उनकी यात्रा की घोषणा नहीं की गई थी। सुश्री बेयरबॉक ने कहा 'यूक्रेन के सहयोगियों को और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को हमारी सीमाओं पर सेना भेजने से रोकने की मुहिम में शामिल होना चाहिए। यूक्रेन की हवाई सुरक्षा उद्देश्य के लिए जर्मनी के नेतृत्व वाली पहल ने लगभग एक अरब डॉलर जुटाए हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं कि यह और भी ज्यादा प्राप्त हो सके' इस बीच



रूसी हमलों को ध्यान में रखते हुए सुश्री बेयरबॉक को आज खार्किव की अपनी नियोजित यात्रा रद्द करनी पड़ी।

उन्होंने जनवरी 2023 में खार्किव का दौरा किया था, जिस पर युद्ध की शुरुआत में रूसी सैनिकों ने भारी हमला किया था। जर्मन मंत्री की यात्रा से कुछ समय पहले, यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली और पश्चिमी लड़ाकू जेट प्राप्त करने की तात्कालिक आवश्यकता पर एक बार फिर से बल दिया। श्री ज़ेलेंस्की ने खार्किव की रक्षा के लिए दो और पैट्रियट वायु रक्षा प्रणालियों के भुगतान का बार-बार अनुरोध किया है।

## सुडोकू 6562

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | 7 | 9 | 1 | | |
| | 8 | 5 | | | 4 | | | |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | | | | |
| | 5 | 6 | 4 | 3 | | 2 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 3 | | 2 | | 5 | 8 | 9 | 7 | |
| | | | | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| | | | 2 | | | 6 | 3 | |
| | | 7 | 3 | 4 | | | 1 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 22 मई, 2024 बैशाख शुक्ल पक्ष 14

### राशिफल

मेष - आज आप समाज और आम लोगों से वाहवाही प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही आपको आर्थिक लाभ भी हो सकता है। परिवार और वैवाहिक जीवन सुख और संतोष से भरपूर रहेगा। वाहनसुख प्राप्त कर सकेंगे।

वृषभ - शारीरिक मानसिक स्वस्थता के कारण आप अपना काम पूरा कर सकेंगे। आपको आर्थिक लाभ होगा। अस्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य में सुधार होगा। ननिहाल से अच्छा समाचार मिलेगा। ऑफिस में सहकर्मी आपकी मदद करेंगे।

मिथुन - आज संतान और जीवनसाथी के संबंध में चिंता होगी। वाद-विवाद या चर्चाओं में गहरे न उतरना हित में रहेगा। आत्मसम्मान को ठेस पहुंचेगी। मित्रों के लिए खर्च की संभावना है। पेट संबंधी बीमारियों से तकलीफ होगी।

कर्क - आपको आज आलस और भय का अनुभव होगा। मन में हताशा छा जाएगी। छाती में कोई पीड़ा या तकलीफ हो सकती है। परिजनों और सगे संबंधियों के साथ चर्चा और विवाद हो सकता है। नींद नहीं आएगी।

सिंह - आज आपका शरीर और मन प्रसन्न रहेगा। भाई-बंधुओं के साथ का समय अधिक आत्मीयतापूर्ण रहेगा। मित्रों और संबंधियों के साथ बाहर घूमने जा सकते हैं। प्रिय व्यक्ति के साथ आनंदपूर्वक समय व्यतीत कर सकेंगे।

कन्या - आज आपके परिवार में सुख- शांति बनी रहेगी और परिजनों के साथ आनंद मना सकेंगे। आज आपकी वाणी से लोग प्रभावित होंगे। प्रवास की संभावना है। मिष्ठान्न का आनंद पा सकेंगे। आयात- निर्यात के व्यवसाय में लाभ होगा।

तुला - आज आपकी रचनात्मक क्षमताएं प्रदर्शित होंगी। आप कुछ सृजनशील प्रवृत्तियां भी करेंगे। वैचारिक दृढ़ता के कारण सभी काम में आप सफल हो सकेंगे।

वृश्चिक - आज मौज-शौक और मनोरंजन के पीछे पैसे खर्च करेंगे। आपका स्वास्थ्य नरम-गरम रहा करेगा। आपके साथ दुर्घटना होने की संभावना है, इसलिए संभलकर चलने की सलाह दी जाती है।

धनु - आप रोमांस के सुखद पल का आनंद उठा सकेंगे। आज का दिन आर्थिक, सामाजिक और पारिवारिक क्षेत्र के लिए अच्छा है। पारिवारिक जीवन में सुख शांति का वातावरण रहेगा।

मकर - आपको बिजनेस में लाभ होने की संभावना है। आर्थिक और प्रवास की योजना बनाने की दृष्टि से भी अच्छा है। सरकारी कामकाज सरलता से पूरे होंगे। अधिकारी आपके काम से बेहद खुश होंगे।

कुंभ - आज आपका शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा न होने पर भी आप मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। आज काम करने का आपका मन नहीं होगा। नौकरी में उच्च पदाधिकारियों से सावधान रहना आवश्यक है।

मीन - आपको अचानक आर्थिक लाभ होने की संभावना है। शरीर और मन में थकान और अस्वस्थता का अनुभव होगा। पेट की तकलीफ तथा सर्दी, दमा और खांसी की संभावना है।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## आज का इतिहास

1420-ऑस्ट्रिया और सीरिया से यहूदियों को निकाला गया।

1545-एक विस्फोट में शेर शाह सूरी की मौत। 1540 में शेरशाह ने मुगल साम्राज्य को अपने हाथों में लिया था।

1570-थियेट्रम आर्बिस टेर्राम नाम से पहला एटलस प्रकाशित हुआ, इसमें कुल 70 नक्शे थे।

1712-सम्राट कैरेल छठी को हंगरी के राजा का ताज पहनाया गया।

1735-जॉर्ज हेडली ने 'ट्रेड विंड' की पहली व्याख्या प्रकाशित की।

1746-रूस और ऑस्ट्रिया सहयोग की संधि पर हस्ताक्षर किये।

1762-स्वीडन और प्रशिया ने शांति संधि पर हस्ताक्षर किये।

1772-राजा राम मोहन राय का जन्म। उन्हें भारतीय पुनर्जागरण का अग्रदूत और आधुनिक भारत का जनक कहा जाता है।

1906-राइट बंधुओं ने अपने फ्लाइंग मशीन के लिए अमेरिका से पेटेंट मिला।

1915-प्रथम विश्व युद्ध के दौरान इटली ने आस्ट्रिया, हंगरी तथा जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।

1933-विश्व व्यापार दिवस पहली बार मनाया गया।

1936-भारत के पहले स्टेडियम की नींव बम्बई में लार्ड ब्रेबॉर्न ने रखी।

1960-चिली के दक्षिणी तट पर आए सबसे बड़े भूकंपों में से एक में 5,700 लोगों की मौत।

1963-भारत के पहले ग्लाइडर रोहिणी ने उड़ान भरी।

1972-अमेरिका के राष्ट्रपति रिचर्ड एम निक्सन मास्को पहुंचे। यह एक अमेरिकी राष्ट्रपति की सोवियत संघ की पहली यात्रा थी।

1980-मशहूर आर्केड गेम पेक-मेन लॉन्च हुआ।

1984-बछेन्द्री पाल दुनिया की सबसे ऊंची चोटी एवरेस्ट को फतह करने वाली पहली भारतीय महिला बनी।

## इजराइली हमले में वेस्ट बैंक में सात फिलिस्तीनियों की मौत



**तेल अवीव,** 21 मई (एजेंसियां)। उत्तरी वेस्ट बैंक के जेनिन शहर में इजराइली हमले में सात लोग मारे गए। इस दौरान नौ लोग घायल भी हो गए। इनमें से दो की हालत गंभीर है। यह जानकारी रामल्ला में फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी। जेनिन में एक अस्पताल के निदेशक ने फ़िलिस्तीनी टेलीविज़न को बताया कि काम पर जाते समय इजराइली सेना की गोलियों से एक डॉक्टर की मौत हो गई। फ़िलिस्तीनी शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, मृतकों में एक शिक्षक और एक छात्र भी शामिल हैं। चरमपंथी फिलिस्तीनी समूहों ने बताया कि जेनिन में इजराइली विशेष बलों के साथ उनकी भीषण भिड़ंत हुई। इजराइली सेना ने कहा कि उसने जेनिन में आतंकवादियों के खिलाफ अभियान चलाया।

# श्रीलंका ने आईएसआईएस की गतिविधियों पर नए सिरे से शुरू की जांच

**कोलंबो,** 21 मई (एजेंसियां)। अहमदाबाद हवाई अड्डे से श्रीलंका निवासी आईएसआईएस के चार संदिग्ध आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद श्रीलंकाई खुफिया एजेंसियों ने देश में आईएसआईएस की गतिविधियों की नए सिरे से जांच शुरू की है। सूत्रों ने बताया कि श्रीलंका की स्टेट इंटेलिजेंस ने अहमदाबाद में गिरफ्तार संदिग्धों की पृष्ठभूमि और आईएसआईएस से उनके कथित संबंधों का पता लगाने के लिए अपने भारतीय समकक्षों से जानकारी मांगी है। खबरों के मुताबिक, कुछ दिन पहले चारों संदिग्ध - मोहम्मद नुसरत (33), मोहम्मद फरीश (35), मोहम्मद नफरान (27) और मोहम्मद रशदीन (43) कोलंबो से चेन्नई के लिए रवाना हुए थे। वहां से, वे अहमदाबाद गए, जहां उन्हें सोमवार को गुजरात आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) ने गिरफ्तार कर लिया। खबरों में कहा गया है कि संदिग्धों



■ **श्रीलंका की स्टेट इंटेलिजेंस ने आईएसआईएस से उनके कथित संबंधों का पता लगाने के लिए अपने भारतीय समकक्षों से जानकारी मांगी**

को उनके पाकिस्तानी हैंडलर ने यहूदियों, ईसाइयों, भाजपा और आरएसएस के सदस्यों पर हमले की जिम्मेदारी सौंपी थी। श्रीलंका के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री तिरान एलेस ने मीडिया को बताया कि श्रीलंकाई सुरक्षा एजेंसियां स्थिति पर बारीकी नजर रख रही हैं। एलेस ने मीडिया को बताया, 'हम अपने भारतीय समकक्षों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, ताकि किसी भी संभावित खतरे से निपटने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जाएं। उल्लेखनीय है कि पांच साल पहले, इस्लामिक स्टेट के हमलावरों के एक समूह ने ईस्टर पर श्रीलंका में आत्मघाती हमलों को अंजाम दिया था। इसमें 45 विदेशियों सहित 270 लोग मारे गए थे और 500 से अधिक घायल हुए थे। इन हमलों से कुछ हफ्ते पहले, भारतीय खुफिया एजेंसियों ने अपने श्रीलंकाई समकक्षों को इस्लामिक स्टेट द्वारा आत्मघाती हमलों को अंजाम देने की योजना के बारे में सचेत किया था।

## अर्जेंटीना के राष्ट्रपति के बयान पर विवाद के बीच विदेश मंत्री ने स्पेनिश राजदूत से बातचीत की

**ब्यूनस आयर्स,** 21 मई (एजेंसियां)। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली के बयान को लेकर राजनयिक संकट के बीच विदेश मंत्री डायना मोंडिनो ने अर्जेंटीना में स्पेनिश राजदूत मारिया जीसस




अलोंसो के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। स्पेनिश समाचार एजेंसी ईएफई ने अर्जेंटीना के विदेश मंत्रालय के सूत्र का हवाला देते हुये यह जानकारी दी। श्री माइली ने रविवार को मैड्रिड में धुर दक्षिणपंथी वोक्स पार्टी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भाषण देते हुये कथित तौर पर स्पेनिश प्रधान मंत्री पेड्रो सांचेज की पत्नी पर भ्रष्ट होने का आरोप लगाया और यह भी कहा कि समाजवाद के कारण गरीबी बढ़ी है। स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बेरेस ने अर्जेंटीना में स्पेन के राजदूत को वापस बुला लिया और कहा कि अगर माइली ने सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी तो सरकार तदनुसार कार्रवाई करेगी। इससे पहले सोमवार को अल्बेरेस ने कहा था कि वह अर्जेंटीना के राजदूत को बुलाकर माइली से सार्वजनिक माफी मांगने को कहेंगे। श्री सांचेज ने 29 अप्रैल को घोटाले के बावजूद पद पर बने रहने के अपने फैसले की घोषणा की।

## थाईवान के मुद्दे पर अपनी गलती तुरंत ठीक करे अमेरिका

**बीजिंग,** 21 मई (एजेंसियां)। चीनी राज्य परिषद के थाईवान मामलों के कार्यालय के प्रवक्ता छन पिनह्वा ने संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया। इस मौके पर प्रवक्ता ने कहा कि दुनिया में सिर्फ एक चीन है। थाईवान चीन की प्रादेशिक भूमि का एक अभिन्न हिस्सा है। एक चीन की नीति अंतरराष्ट्रीय संबंधों के सावधानीपूर्वक बुनियादी मापदंड और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की आम सहमति है। दुनिया में अधिकांश देश एक चीन की नीति पर कायम रहते हैं। प्रवक्ता ने कहा कि हम अमेरिका आदि चीन के साथ कूटनीतिक संबंध स्थापित करने वाले देशों द्वारा चीन के थाईवान क्षेत्र के साथ किसी भी तरीके की सरकारी आवाजाही करने का कड़ा विरोध करते हैं। चीन किसी भी तरह और किसी भी बहाने से थाईवान के मामले में हस्तक्षेप करने की कड़ी निंदा करता है। अमेरिका और संबंधित देशों को अपनी गलती जल्द से जल्द सुधारनी चाहिए और एक चीन की नीति व अपने राजनीतिक वचन का पालन करते हुए थाईवान मामलों का उचित समाधान करना चाहिए। प्रवक्ता ने कहा कि थाईवान की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेस पार्टी के अधिकारियों ने बार-बार बाहरी शक्तियों से जुड़कर थाईवान की स्वाधीनता की कोशिश की। उनकी कार्रवाई थाईवान द्वीप में मुख्यधारा की जनमत का बिलकुल उल्लंघन है और थाईवान जलडमरुमध्य की शांति व स्थिरता के लिए खतरा है। इससे यह तथ्य नहीं बदला जा सकता कि थाईवान चीन का हिस्सा है।

## वर्ग पहेली 6562



**बायें से दायें:-**

१. झूठी बात
४. विचाराधीन कैदियों के रखने की जगह (उर्दू)
६. निषेध
७. एक पक्षी
८. सारंगी बजाने की कमानी
१०. मंत्री (उर्दू)
११. अणु-संबंधी
१३. बेचैनी, छटपटाहट
१४. सवेरा, प्रभात
१५. रोगरहित
१७. निवेदन, आवेदन-पत्र
१९. अंधकार
२१. तीन भुजा वाली आकृति, त्रिकोण
२२. जुल्म की शिकायत, अन्याय, अत्याचार से बचाने की प्रार्थना (उर्दू)
२४. पृथ्वी के गर्भ से उत्पन्न एक दैत्य

**ऊपर से नीचे:-**

१. बनावटी व्यवहार करने वाला
२. वश में करने की क्रिया विद्या
३. नौजवान
४. उपयोगी, लाभप्रद
५. यात्रियों, पथिकों के लिए निःशुल्क रुकने-ठहरने की जगह
९. वह पत्र जिसमें किसी के जन्मकाल के ग्रह नक्षत्रों की स्थिति, उनके शुभाशुभ फल बताए गए हैं
११. आश्रय, सहारा (उर्दू)
१२. आश्चर्य, हैरानी
१३. पुत्री
१४. आराम
१५. नियंत्रण में रखा हुआ
१६. साहूकार
१८. पक्षी
१९. भोर, प्रभात
२०. यात्रा (उर्दू)
२३. स्थिति, अवस्था

### वर्ग पहेली-6561

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ श | नैः | २ श | नैः | ■ | ■ | ३ वि | ध्न | ४ ह | र्ता |
| शि | ■ | शि | ■ | ५ प | थि | क | ■ | त्या | ■ |
| ६ क | टु | व | च | न | ■ | ७ ल | ह | रा | ८ ना |
| ला | ■ | द | ■ | ९ प | त्त | न | ■ | ■ | ज |
| ■ | १० आ | ना | ११ जा | ना | ■ | ■ | १२ ई | ध | न |
| ■ | जा | ■ | र | ■ | १३ नि | प | ट | ■ | ख |
| १४ प | द | १५ र | ज | ■ | वि | ■ | १६ | १७ सा | रा |
| ल्ल | ■ | स | ■ | १८ आ | दा | ता | ■ | ह | ■ |
| २० वि | द्रो | ही | ■ | र्थि | ■ | २१ मी | मां | स | २२ क |
| त | ■ | २३ न | र | क | पा | ल | ■ | ■ | ष्ट |

यूसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**मांग** *तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आगाह*

# मोदी वोटों के लिए तमिलनाडु के लोगों को बदनाम करना बंद करें

**चेन्नई, 21 मई (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आगाह किया कि वह वोटों की खातिर प्रदेश के लोगों और तमिलों को बदनाम करना बंद करें। श्री स्टालिन ने यहां एक बयान में ओडिशा में एक चुनावी बैठक के दौरान तमिलनाडु के लोगों के खिलाफ श्री मोदी की अपमानजनक टिप्पणियों और उन्हें 'चोर, बेईमान और नफरत फैलाने वाले' करार देने पर आपत्ति जताई और कहा कि ऐसे बयान देश के लोगों के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं।**

उन्होंने कहा, 'वोट की खातिर श्री मोदी को मेरे लोगों को बदनाम करना बंद करना चाहिए। उन्होंने कहा, श्री मोदी ने झूठ का पुलिंदा फैलाया है कि दक्षिणी तमिलनाडु के नेताओं ने उत्तर प्रदेश के लोगों के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की है। यह काल्पनिक और झूठ के पुलिंदे के अलावा कुछ नहीं है। वह चुनाव हारने के डर से ऐसी भड़काऊ टिप्पणी कर रहे थे। उन्होंने दावा किया, विपक्ष के नेतृत्व वाला इंडिया समूह चुनाव में जीत की ओर बढ़ रहा है।' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को अपनी सरकार की उपलब्धियों और पार्टी की विचारधारा को उजागर करके और राजनीतिक मर्यादा का उल्लंघन किए बिना अपने चुनाव प्रचार के दौरान विपक्ष के खिलाफ रचनात्मक आलोचना करके एक आदर्श बनना चाहिए इसके बजाय श्री मोदी अपने नफरत भरे भाषणों के



**'वोट की खातिर श्री मोदी को मेरे लोगों को बदनाम करना बंद करना चाहिए। उन्होंने कहा, श्री मोदी ने झूठ का पुलिंदा फैलाया है कि दक्षिणी तमिलनाडु के नेताओं ने उत्तर प्रदेश के लोगों के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की : एम के स्टालिन**

जरिए राज्यों और उनके लोगों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा दे रहे थे, यह देश के लिए अच्छा संकेत नहीं है।

श्री मोदी पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने ओडिशा की चुनावी सभा में कहा था कि प्रसिद्ध पुरी जगन्नाथ मंदिर के खजाने की गायब चाबियां तमिलनाडु में हैं। श्री स्टालिन ने तमिलनाडु के लोगों का अपमान करने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि श्री मोदी की टिप्पणी न केवल भगवान पुरी जगन्नाथ का अपमान है बल्कि यह तमिलनाडु के लोगों को अपमानित और आहत भी करती है, जो ओडिशा के लोगों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध, प्रेम और स्नेह साझा करते हैं। उन्होंने कहा, क्या प्रधानमंत्री तमिलनाडु के लोगों को 'चोर' करार दे सकते हैं और उन पर पुरी के भगवान जगन्नाथ के खजाने से चोरी करने का आरोप लगा सकते हैं।' उन्होंने यह भी जानना चाहा कि क्या तमिलनाडु के लोगों को बेईमान कहना प्रदेश का अपमान नहीं है।

## दुनिया को जानें

### पेइचिंग में जोड़ों ने कराया विवाह का पंजीकरण, 2,616 रजिस्ट्रेशन हुए

**बीजिंग,** 21 मई (एजेंसियां)। 20 मई को चीनी चंद्र कैलेंडर के अनुसार चौबीस सौर चक्रों में से 'श्याओमान' था और चीनी भाषा में '520' का उच्चारण 'वो आई नी (मुझे तुमसे प्यार है)' जैसा होता है। इस दिन चीन की राजधानी पेइचिंग में विभिन्न विवाह पंजीकरण एजेंसियों में नवविवाहित पंजीकरणों की संख्या बहुत ज्यादा रही। एक ही दिन में विवाह पंजीकरण के लिए पंजीकृत होने की संख्या 3,231 जोड़ों तक पहुंची, जो वर्ष 2024 का सबसे अधिक पंजीकरण है। 21 मई को पूरे पेइचिंग शहर में विवाह पंजीकरण के लिए 3,000 से अधिक जोड़े पहुंचे। 20 मई को, पूरे पेइचिंग में कुल दो सामूहिक शादियां, 10 सामूहिक विवाह प्रमाणपत्र प्रस्तुति और 17 अन्य विशेष कार्यक्रम आयोजित हुए। पूरे शहर में, विवाह पंजीकरण कार्यालयों में लूप पर सुरक्षा निर्देशों को प्रसारित करने, अलगाव बाधाओं को स्थापित करने, विशेष कर्मचारियों की व्यवस्था करने और स्वतंत्र विश्राम क्षेत्रों की स्थापना आदि विभिन्न तरीकों से नवविवाहित पंजीकरण स्थल पर व्यवस्था कायम हुई।

## राहुल गांधी के हरियाणा दौरे पर बीजेपी नेता कृष्णपाल गुर्जर ने कसा तंज

**फरीदाबाद,** 21 मई (एजेंसियां)। फरीदाबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हरियाणा दौरे को लेकर तंज कसा है। उन्होंने कहा, 'राहुल गांधी पहले अमेठी छोड़कर वायनाड भागे। इसके बाद वायनाड से रायबरेली गए। अब रायबरेली भी छोड़ने की तैयारी में जुट चुके हैं। बता दें कि बीते लोकसभा चुनाव में बीजेपी की स्मृति ईरानी से मिली हार के बाद कांग्रेस ने इस बार राहुल गांधी को उनकी मां और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की परंपरागत सीट रायबरेली से चुनावी मैदान में उतारा है। रायबरेली सोनिया की परंपरागत सीट रही है, लेकिन अब वो राज्यसभा सांसद बन चुकी हैं, जिसके बाद अब यहां से राहुल को उतारा गया है। राहुल के इस कदम को बीजेपी ने राजनीतिक गलियारों में स्मृति से उनके डर जाने के रूप में रेखांकित किया। इसके अलावा, कृष्णपाल गुर्जर ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को भी आड़े हाथों लिया।

### चर्चित मंडी लोकसभा सीट पर राजनीतिक विश्लेषकों की नजरें टिकी

# हॉट सीट पर जीत दर्ज करने के लिए कांग्रेस व भाजपा ने झोंकी ताकत

■ हिमकिरण मांटा

**शिमला,** 20 मई (देशबन्धु)। सूबे की चर्चित मंडी लोकसभा सीट पर राजनीतिक विश्लेषकों की नजरें टिकी हैं। मंडी में बॉलीवुड भाजपा की कंगना रणौत का मुकाबला कांग्रेस के किंग विक्रमादित्य सिंह से है। विक्रमादित्य सिंह बुशहर रियासत के राज परिवार के वारिस हैं। हॉट सीट पर जीत दर्ज करने के लिए कांग्रेस व भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। पीएम मोदी भी मंडी में 24 मई को रैली करने वाले हैं। कांग्रेस पार्टी के स्टार प्रचारक राहुल गांधी भी मंडी में चुनावी जनसभा की योजना बना रही है। हॉट सीट का चुनाव नतीजा सूबे की सियासत की दिशा भी तय करेगा। मंडी लोकसभा सीट पर जीत दर्ज करने के लिए कांग्रेस व भाजपा दोनों अपने अपने परंपरागत गढ़ों में अजेय बढ़त बनाने की कोशिश में हैं। लिहाजा दोनों ही दलों का फोकस न सिर्फ दूसरे दल के प्रभाव वाले क्षेत्रों में सेंध मारने , बल्कि परंपरागत दुर्ग को महफूज रखने पर है।



मंडी लोकसभा सीट छह जिलों में फैली है। संसदीय सीट में शामिल 17 विधान सभा क्षेत्रों में से 12 पर भाजपा के विधायक काबिज हैं। 12 में से भाजपा के 9 विधायक मंडी से हैं। मंडी 2017 से भाजपा का अभेद्य दुर्ग बन गया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता कौल सिंह ठाकुर भी मंडी के द्रंग से दो चुनाव हार गए हैं। इसकी वजह जयराम ठाकुर हैं। भाजपा हाईकमान के 2017 में जयराम ठाकुर को सरकार में बड़ी जिम्मेवारी देने के इशारे मात्र से यह कांग्रेस के हाथों से खिसक गया। 2017 के चुनाव में भाजपा मंडी की सभी 10 सीटें जीत गई। 2022 में दस में से 9 सीटों पर भाजपा जीती है। यही सीटें मंडी संसदीय क्षेत्र का हिस्सा हैं। जयराम ठाकुर के मुख्यमंत्री बनने के बाद से मंडी के लोग भाजपा से जुड़े हैं। जुड़ाव जयराम ठाकुर की वजह से अधिक है। लिहाजा भाजपा लोकसभा चुनाव में मंडी की 9 विधान सभा सीटों पर भारी बढ़त लेने की कोशिश में है।

मंडी संसदीय क्षेत्र में शामिल किन्नौर व रामपुर बुशहर रियासत का हिस्सा रहे हैं। यह दोनों क्षेत्र विक्रमादित्य सिंह के प्रभाव वाले हैं। इसके अलावा रामपुर के साथ लगते आनी , कुल्लू व बंजार के साथ साथ जनजातीय क्षेत्र लाहौल स्पीति व पांगी भरमौर भी विक्कमादित्य सिंह के प्रभाव वाले माने जा रहे हैं। इसकी वजह स्व. पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह हैं। वीरभद्र सिंह जनजातीय इलाकों के हमदर्द माने जाते थे। वह तीन मर्तबा मंडी से सांसद भी रहे। लिहाजा कांग्रेस का प्रयास है कि अपने परंपरागत गढ़ों में अजेय बढ़त बना कर मंडी में सेंध मारी जाए।

मंडी लोकसभा सीट पर सराज , सरकाघाट, जोगिंद्रनगर , सुंदरनगर व मंडी सदर में भाजपा बड़ी लीड पाने के लिए प्रयास कर रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में सराज से भाजपा उम्मीदवार राम स्वरूप शर्मा को कांग्रेस उम्मीदवार से करीब 35 हजार मतों की बढ़त थी। जयराम ठाकुर के मुख्यमंत्री बनने से पहले 2014 में हुए चुनाव में सराज से कांग्रेस को करीब 1200 मतों की बढ़त मिली थी। मगर बीते विधान सभा चुनाव में जयराम ठाकुर सराज से 37 हजार से अधिक मतों से जीते थे। लिहाजा भाजपा का फोकस सराज में बड़ी लीड पर है। सराज में जयराम ठाकुर की विशेष टीम ने मोर्चा संभाला हुआ है।

## स्पीति की महिला जन प्रतिनिधियों ने मंडी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कंगना रणौत के विरोध का ऐलान किया

**शिमला।** स्पीति की महिला जन प्रतिनिधियों ने मंडी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कंगना रणौत के विरोध का ऐलान किया है। महिला जन प्रतिनिधियों ने स्पीति में पत्थर बाजी की घटना में भाजपा कार्यकर्ताओं को चोट पहुंचाने के नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के आरोपों को भी गलत करार दिया। स्पीति के महिला जनप्रतिनिधियों ने मंगलवार को जारी बयान में कही। काजा पंचायत की प्रधान सोनम डोलमा , बीडीसी सदस्य दिकित, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष अगमों और पूर्व जिला परिषद सदस्य पूनम ने बताया कि वे स्थानीय लोगों के साथ मिल कर प्रशासन की अनुमति से कंगना के खिलाफ शांति पूर्वक विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्पीति के लोगों ने सभी नियमों का पालन किया है , कोई पत्थरबाजी और दुर्व्यवहार नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर पहले कंगना की ओर से दलाईलामा पर की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर स्पीति के लोगों से कोर्ट केस करने की बात कर रहे थे , लेकिन आज ऐसा क्या हो गया है कि उनका साथ दे रहे हैं।

# विकास का राजा ने प्रयास ही नहीं किया : राज बब्बर

**गुरुग्राम,** 21 मई (देशबन्धु)। गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार एवं पूर्व सांसद राज बब्बर का कहना है कि पूरे लोकसभा क्षेत्र का दौरा करने के बाद उनका स्पष्ट मानना है कि इस लोकसभा क्षेत्र का विकास कराने का राजा साहब ने कभी प्रयास ही नहीं किया। जिन परियोजनाओं की घोषणा हुई भी वे घोषणा से आगे बढ़ ही नहीं पाई। अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र के गांवों व कस्बों में चुनावी जनसंपर्क के दौरान पूर्व सांसद राज बब्बर ने कहा कि बीस साल से लगातार सांसद चुने जा रहे भाजपा के मौजूदा सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह कुल बीस विकास योजनाएं भी ऐसी नहीं गिनवा सकते जिनसे इस क्षेत्र में समुचित विकास हुआ हो। उनके कार्यकाल में वर्ष 2013 में जिस डिफेंस यूनिवर्सिटी की घोषणा हुई थी उस पर शिलान्यास के बाद कोई काम नहीं हुआ।




कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर ने फिरोजपुर झिरका, कादरपुर, झाड़सा, नाहरपुर रूपा, गढ़ी हरसरू, साढराना, बुढेड़ा, गाड़ौली, शिवाजी नगर व लक्ष्मण विहार आदि गांवों व कालोनियों में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र का विकास कराने के लिए विकास की नीयत होना जरुरी है। उन्हें नहीं लगता कि पिछले बीस वर्षों में इस लोकसभा क्षेत्र में विकास कार्य कराने के प्रयास किए गए हों। सरकारी स्तर पर यहां खेड़की दौला टोल हटाने, पुराने गुरुग्राम शहर में मेट्रो का विस्तार करने, सिविल हॉस्पिटल की 200 बिस्तरों की नई बिल्डिंग बनाने और आधुनिक बस अड्डा बनाने जैसी ढेरों घोषणाएं तो हुईं लेकिन न तो भाजपा की राज्य सरकार ने और न ही क्षेत्र के सांसद ने इन परियोजनाओं को पूरा कराने व लोगों को सुविधा उपलब्ध कराने की तरफ ध्यान दिया।

पूर्व सांसद एवं सिने अभिनेता राज बब्बर ने कहा कि मेवात जितना बीस साल पहले पिछड़ा था उतना ही आज है। यहां विकास के नाम पर केवल लोगों को सब्ज़बाग दिखाए गए हैं। पूरे मेवात इलाके में शिक्षा और चिकित्सा सुविधा का हाल बेहाल है। उन्होंने लोगों को भरोसा दिया कि केन्द्र में इंडिया गठबंधन की सरकार अस्तित्व में आते ही पूरे गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र में तीव्र गति विकास कार्य कराते हुए लोगों को सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

**सार संक्षेप**

### फैक्ट्री में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख

**हरिद्वार।** औद्योगिक नगरी सिडकुल क्षेत्र में देर रात एक फैक्टरी में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी फैल गयी। आग की लपेट उठती देखकर कर्मचारियों में भगदड़ मच गया, इस दौरान 20 से ज्यादा कर्मचारियों ने भागकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलने पर पुलिस व अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची जिन्होने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से लाखो का नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। फैक्ट्री में आग लगने की यह घटना बीती रात करीब 10 बजे की है। जब पंखे और इनके पुर्जे बनाने वाली कंपनी केकेजी में संदिग्ध परिस्थितियों में भयंकर आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और मौके पर अफरा-तफरी फैल गयी। मामले की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम और अग्निशमन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही सिडकुल से तीन गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंची। इसके बाद मायापुर से भी तीन गाड़ियां मौके पर बुला ली गई। थाने से सटी कंपनी में तुरंत पुलिस फोर्स भी मौके पर पहुंच गई और दमकल कर्मचारियों की टीमे आग बुझाने में जुट गई। बताया जा रहा है कि करीब रात 11.30 बजे तक दमकल कर्मियों ने आग पर काफी हद तक काबू पा लिया। मुख्य अग्नि शमन अधिकारी अभिनव त्यागी ने बताया कि आग ने विकराल रूप धारण किया हुआ था। आग लगने से केवल कंपनी को नुकसान पहुंचा है। कोई भी कर्मचारी नहीं अंदर फसा था। आग से कोई जनहानि भी नहीं हुई है।

### प्रभारी सचिव यात्रा स्थलीय निरीक्षण के लिए सोनप्रयाग पहुंचे

**रूद्रप्रयाग।** स्वास्थ्य सचिव व प्रभारी सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने जनपद की सीमा सिरोहबगह से सोनप्रयाग तक सुविधाओं का स्थलीय निरीक्षण कर जरूरी दिशा निर्देश दिये। मंगलवार को यहां जनपद भ्रमण पर पहुंचे सचिव स्वास्थ्य व प्रभारी सचिव यात्रा डॉ. आर राजेश कुमार ने जनपद की सीमा सिरोहबगड़ से लेकर सोनप्रयाग तक यातायात व्यवस्थाओं सहित विभिन्न विभागों ने उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। केदारनाथ धाम में पहुंच रहे श्रद्धालुओं के साथ अतिथि देवो भवः की परम्परा के तहत किया जाए स्वागत ताकि वह अपने साथ उत्तराखंड देवभूमि से सुखद अनुभव लेकर जाएं। केदारनाथ यात्रा के लिए जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं एवं तैयारियों का यात्रा से जुड़े अधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक कर समीक्षा करते हुए जानकारी प्राप्त की। श्री केदारनाथ धाम में दर्शन करने को पहुंच रहे तीर्थ यात्रियों से ओवर रेटिंग न हो, इसके लिए उन्होंने खाद्य सुरक्षा विभाग को सभी दुकानों, होटल एवं रेस्टोरेंट व ढाबों में अनिवार्य रूप से रेट लिस्ट चस्पा करने के दिए हैं निर्देश।

### सुडोकू 6562 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 | 1 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 5 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 8 | 1 |
| 4 | 7 | 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 6 | 3 |
| 3 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 9 | 7 | 4 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 1 | 2 | 9 | 5 | 6 | 3 | 7 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 4 | 6 | 8 | 1 | 2 |

## सेना और सीमा दोनों ही सशक्त और सुरक्षित हुए : अनुराग ठाकुर



**हमीरपुर,** 21 मई 2024 (देशबन्धु)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि आज़ादी के बाद से अब तक रक्षा सौदों में दलाली खाने वाली कांग्रेस सेना पर ज्ञान ना हीं बाँटे तो बेहतर होगा। अच्छी सुविधाओं के लिए हमारे सैनिक तरसते रह गए और कांग्रेस दुश्मन देशों के एजेंडे पर भारतीय सेना को कमजोर करती रही। मोदी राज में भारतीय सेना और सीमा दोनों ही सशक्त और सुरक्षित हुए हैं। ठाकुर ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान के दौरान बड़सर और कुटलैहड़ विधानसभा में जनसभाओं व मीडिया कर्मियों से वार्तालाप के दौरान ये बातें कहीं। ठाकुर ने कहा कि आज़ादी के बाद लम्बे समय तक शासन करने वाली कांग्रेस पार्टी यदि अपने स्वार्थ तक सीमित न रह कर देशहित के बारे में सोचती तो भारत बहुत पहले महाशक्ति बन चुका होता। कांग्रेस शासनकाल में देश जल, थल, नभ में हुए बड़े घोटालों का गवाह बना जिसने विश्व में हमारी अस्मिता को चोट पहुँचा कर हमारी छवि एक कमज़ोर देश के रूप में बनाई। इतिहास गवाह है कि आज़ादी के बाद से अब तक कांग्रेस पार्टी ने हर डिफ़ेंस डील में अपनी डील को तरजीह दी है। हमेशा से कांग्रेस का एजेंडा देश के पैसे को अपनी जेबों में भरने का रहा है। ठाकुर ने कहा कि जो भारत कभी विश्व में सबसे बड़े रक्षा आयातक के तौर पर जाना जाता था वह आज अपने ही देश में रक्षा क्षेत्र से जुड़े एक लाख करोड़ से ज्यादा के समान बना रहा है।

# श्री बद्रीनाथ धाम पहुंचकर डीजीपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा

**चमोली,** 21 मई (देशबन्धु)। पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड, अभिनव कुमार द्वारा चारधाम यात्रा एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं के दृष्टिगत श्री बद्रीनाथ धाम का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। श्री बद्रीनाथ धाम मन्दिर परिसर के आसकृपास के स्थानों की सुरक्षा एवं मन्दिर के बाहर एवं अन्दर की सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा भीड़ नियंत्रण हेतु बनाये गये पुलिस प्रबन्धन का जायजा लिया गया। तत्पश्चात श्रद्धालुओं से संवाद स्थापित किया गया।

यात्रा एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



इस दौरान उन्होने विषम परिस्थितियों में ड्यूटी कर रहे जवानों का हौसला अफजाई करते हुए निर्देशित किया गया कि चारधाम यात्रा पर आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु हमारे अतिथि के समान है, अत: हमें अतिथि देवो भव: की भावना के साथ यात्रियों की सुरक्षा एवं सहयोग करते हुए, श्री बद्रीनाथ धाम में श्रद्धालुओं का सहभागी बनकर उन्हें सुव्यवस्थित एवं कतारबद्ध तरीके श्री हरि के दर्शन कराकर उनकी सुखद यात्रा संपन्न करवानी है, साथ ही श्रद्धालुओं के साथ मधुर एवं विनम्र व्यवहार कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना है। बुजुर्ग, दिव्यांग और बीमार श्रद्धालुओं के लिए मन्दिर समिति के सदस्यों से समन्वय स्थापित कर सुगमता से दर्शन कराने हेतु निर्देशित किया गया।

पुलिस महानिदेशक द्वारा बताया गया है कि उत्तराखण्ड पुलिस आपकी यात्रा को सरल, सुगम व सुरक्षित बनाने के लिए लगातार तत्पर है, कोई भी यात्री बिना रजिस्ट्रेशन व रजिस्ट्रेशन की तिथि से पूर्व यात्रा पर न आएं। उन्होने कहा कि उत्तराखण्ड पुलिस चारधाम यात्रा के लिए आ रहे सभी तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। धामों में भीड़ के अत्याधिक दबाव के कारण वाहनों को विभिन्न जगहों पर रोका जा रहा है। इस यात्रा को यादगार और शांतिपूर्ण बनाने में उत्तराखण्ड पुलिस का सहयोग करे। इस दौरान उनके द्वारा चारधाम यात्रा के दृष्टिगत सीजन ड्यूटी में नियुक्त जनपद व बाहरी जनपदों से आये पुलिस बल के ठहरने हेतु आवासीय बैरिक, बिजली, पानी, शौचालयों की व्यवस्थाओं का भैतिक निरीक्षण किया गया।

## घोड़े खच्चर और डंडी कंडी की संख्या और समय निर्धारित

**उत्तरकाशी।** यमुनोत्री धाम पैदल यात्रा मार्ग पर यात्रियों के आवागमन को सुगम, सुरक्षित एवं शान्तिपूर्वक ढंग से सम्पादित किए जाने के लिए जिला मजिस्ट्रेट डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत एक आदेश जारी किया है। इस आदेश के अनुसार जानकी चट्टी से यमुनोत्री तक घोड़े-खच्चर एवं डंडी के आवागमन के लिए अधिकतम संख्या एवं समयावधि निर्धारित की है। इस संबंध में उप जिलाधिकारी, बड़कोट, पुलिस उपाधीक्षक, बड़कोट एवं अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, उत्तरकाशी की संयुक्त रिपोर्ट के आधार पर यमुनोत्री धाम पैदल यात्रा मार्ग संकरा होने के कारण भीड़ नियंत्रण, जानमाल के खतरे का अंदेशा जताया गया है। इस कारण यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत जिला मजिस्ट्रेट, उत्तरकाशी डॉ मेहरबान सिंह बिष्ट ने यमुनोत्री धाम पैदल यात्रा मार्ग पर सुगम एवं सुविधाजनक आवागमन के लिए पारित आदेश के अनुसार जानकी चट्टी से यमुनोत्री एवं यमुनोत्री से जानकीचट्टी आने-जाने वाले घोड़े खच्चरों की संख्या निर्धारित की गई है। खोड़े खच्चरों की अधिकतम संख्या 800 निर्धारित की गई है। इस मार्ग पर घोड़े-खच्चरों के आवागमन का समय प्रात: 4 बजे से सायं 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। आदेशानुसार घोड़े-खच्चरों की संख्या 800 पूर्ण होने के पश्चात घोड़े-खच्चर उसी अनुपात में जानकी चट्टी से भेजे जायेंगे, जिस अनुपात में यमुनोत्री से वापस आयेंगे।

# लिव इन पार्टनर ही निकला महिला का हत्यारा, पत्नी सहित गिरफ्तार

**हरिद्वार,** 21 मई (देशबन्धु)। मनसा देवी मंदिर की खाई में मिले महिला के शव यानि हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक दम्पत्ति को गिरफ्तार कर लिया हैं। हत्यारा व्यक्ति मृतका के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहता था। कहीं और शादी हो जाने के बाद उसने ही मृतका से पीछा छुड़ाने के लिए उसकी हत्या कर शव मनसा देवी मन्दिर की खाई में फेंक दिया था। घटना का खुलासा करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल ने बताया कि बीती 16 मई को मनसा देवी मंदिर के पास एक महिला का शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मनसा देवी पैदल मार्ग से लगभग 100 मीटर आगे हिल बाई पास की तरफ महिला का शव लगभग 20 से 30 मीटर नीचे खाई में पड़ा था। जिस पर पुलिस व आमजन ने मिलकर शव को बाहर निकाला था। मृतका के हाथ पैर व मुंह पर खरोच के निशान थे। जिससे प्रथम दृष्टया माना जा रहा था कि उसकी हत्या हुई है। बात करने वाले शख्स ने अपना नाम मोनू कुमार बताया और बताया कि महिला उसकी पत्नी थी। जिसका नाम पूजा पुत्री विजय मिश्रा निवासी धनसिया मधुबनी विहार है।



■ पीछा छुड़ाने के लिए दिया घटना को अंजाम

■ हत्या कर शव मनसा देवी मन्दिर की खाई में फेंका था

युवक ने बताया कि वह दो साल पहले भाग गयी थी।

एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने बताया पूजा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाने के कारण मौत की बात सामने आई। जिस पर पुलिस ने उसकी हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी। इस दौरान सीसी कैमरे खंगालने पर पुलिस को पता चला कि घटना के दिन मृतका पूजा के साथ एक पुरूष, महिला व एक बच्चा आते हुए दिखाई दिये। लेकिन वापसी के समय संदिग्ध पुरूष, महिला और बच्चे के साथ पूजा मौजूद नही थी। जिस पर पुलिस ने अथक प्रयासों के बाद एक सूचना के आधार पर संदिग्ध महिला व पुरूष को बीती शाम खड़खड़ी के पास से हिरासत में ले लिया। जिन्होने पूछताछ में अपना नाम रोशन कुमार कामत व खुशबु कुमारी बताया। उन्होंने बताया कि मृतका की शादी बिहार निवासी मोनू कुमार से हुयी थी। लेकिन 2 साल पहले वो वहां से भागकर हरियाणा आ गयी और रोशन के साथ लिवइन में रहने लगी। कुछ समय बाद रोशन की शादी किसी अन्य युवती (खुशबु) से हो गयी। शुरुआत में गांव में रही रही खुशबु जब अपने पति के साथ रहने हरियाणा आयी तो अवैध संबंधों की जानकारी होने पर खुशबु ने एतराज जताया। अलग रहने को कहने पर अक्सर रोशन और पूजा के बीच झगडे होने लगे। इस बीच जब तीनों बच्चे सहित घुमने हरिद्वार आये और मनसा देवी दर्शन के लिए गए तो एक बार फिर रोशन और पूजा के बीच झगडा होता देख खूशबू बच्चे को लेकर आगे चली गयी। इस बीच रोशन ने गला दबा कर पूजा की हत्या कर दी और शव को नीचे खाई मे फेंक दिया था। जिसके बाद खुशबू व रोशन वापस गुरूग्राम भाग गये।

## यात्रा मार्ग पर स्थानीय लोगों के लिए ग्रीन पैसेज की करें व्यवस्था: अंशुमान

**देहरादून,** 21 मई (देशबन्धु)। अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था एपी अंशुमान ने कहा कि चारधाम यात्रा मार्ग पर रोके गये यातायात से स्थानीय लोगों को असुविधा न हो इस हेतु उनके वाहनों एवं आवश्यक वस्तुओं के वाहनों के आवागमन के लिए ग्रीन पैसेज की व्यवस्था की जाये। आज यहां प्रचलित चारधाम यात्रा-2024 के दौरान यातायात को सुचारु एवं सुव्यवस्थित रुप से संचालित कराये हेतु अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था एपी अंशुमान उत्तराखण्ड द्वारा पुलिस मुख्यालय में वीडियो कान्फ्रेंन्स के माध्यम से निदेशक, यातायात, पुलिस महानिरीक्षक, गढ़वाल परिक्षेत्र, पुलिस उपमहानिरीक्षक, अपराध एवं कानून व्यवस्थाध्नोडल अधिकारी, चारधाम यातायात, वरिष्ठध्पुलिस अधीक्षक, देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी, टिहरी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली एवं सेनानायक, एसडीआरएफ एवं उक्त जनपदों के चारधाम यात्रा व्यवस्था में नियुक्त अपर पुलिस अधीक्षकध्पुलिस उपाधीक्षक के साथ बैठक आहूत कर चारधाम यात्रा एवं आगामी बुद्ध पूर्णिमा स्नान पर्व के दृष्टिगत जनपद प्रभारियों द्वारा यातायात व्यवस्था के सुचारु रुप से संचालन के सम्बन्ध में की गयी तैयारियों की समीक्षा की गयी।

तदोपरान्त अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, उत्तराखण्ड द्वारा निर्देश दिये गये वरिष्ठध्पुलिस अधीक्षक, रुद्रप्रयाग, चमोली, उत्तरकाशी, पौड़ी, टिहरी, देहरादून एवं हरिद्वार चारधाम यात्रा हेतु राज्य में आये श्रृद्धालुओं एवं उनके वाहनों आदि के सम्बन्ध में लगातर आपसी समन्वय करते हुए उच्चाधिकारियों को वस्तुस्थिति से अवगत कराना सुनिश्चित करें, ताकि चारों धामों में श्रृद्धालुओं की क्षमता से अधिक भीड़ न हो सके।


# एक साल के भीरत पूरे प्रदेश में रेगूलर पुलिस व्यवस्था हो : हाईकोर्ट

■ अमरनाथ तिवारी

**नैनीताल,** 21 मई (देशबन्धु)। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य में राजस्व पुलिस व्यवस्था समाप्त करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने जनहित याचिका को निस्तारित करते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं। साथ ही कोर्ट ने एक साल के भीतर पूरे प्रदेश में रेगुलर पुलिस की व्यवस्था करके उसकी रिपोर्ट कोर्ट में पेश करें। मंगलवार को सुनवाई पर राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि सरकार ने कई क्षेत्रों में रेगुलर पुलिस की व्यवस्था कर दी है और अन्य क्षेत्रों में इस व्यवस्था को लागू करने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। साल 2004 में सुप्रीम कोर्ट ने भी नवीन चन्द्र बनाम राज्य सरकार केस में इस व्यवस्था को समाप्त करने की आवश्यकता समझी गयी थी। जिसमें कहा गया कि राजस्व पुलिस को सिविल पुलिस की भांति ट्रेनिंग नहीं दी जाती, यही नहीं राजस्व पुलिस के पास आधुनिक साधन, कम्प्यूटर, डीएनए और रक्त परीक्षण, फोरेंसिक जांच,फिंगर प्रिंट जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं होती है। इन सुविधाओं के अभाव में अपराध की समीक्षा करने में परेशानियां होती हैं। कोर्ट ने यह भी कहा था कि राज्य में एक समान कानून व्यवस्था हो, जो नागरिकों को मिलनी चाहिए। उच्च न्यायालय ने भी इस संबंध में सरकार को साल 2018 में कई दिशा निर्देश दिए थे, लेकिन उस आदेश का पालन सरकार ने नहीं किया। जनहित याचिका में कोर्ट से अनुरोध किया है कि पूर्व में दिए आदेश का अनुपालन करवाया जाए। इस मामले में समाधान 256 कृष्णा विहार लाइन न। एक जाखन देहरादून वालों ने जनहित याचिका दायर की है।

■ कोर्ट ने पुलिस व्यवस्था लागू कर रिपोर्ट पेश करने को कहा

■ राज्य से राजस्व पुलिस व्यवस्था समाप्त करने की याचिका पर की सुनवाई



## हाईकोर्ट ने दोषी की फांसी की सजा को उम्रकैद में बदला

■ पांच वर्षीय दिव्याग से कुकर्म और हत्या में सुनाई गई थी फांसी की सजा

■ दोशी के माता और पिता की सजा बरकरार

नैनीताल। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने रुद्रपुर में पांच वर्षीय दिव्यांग बच्चे के साथ कुकर्म कर उसकी निर्मम हत्या करने वाले आरोपी को फांसी मामले में सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ ने अभियुक्त की फांसी की सजा को आजीवन कारावास में तब्दील करते हुए उसके माता व पिता की सजा को बरकरार रखा है। आरोपी को पॉक्सो कोर्ट रुद्रपुर द्वारा फांसी की सजा दी गई थी। मामले के अनुसार 21 फरवरी 2019 को ट्रांजिट कैंप थाने के वार्ड नंबर 4 आजाद नगर निवासी एक व्यक्ति ने ट्रांजिट कैंप थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि उसका पांच वर्षीय दिव्यांग बच्चा घर की छत पर खेल रहा था। कुछ समय बाद जब उसकी मां उसे छत से लेने के लिए गई तो वह वहां मौजूद नहीं था। उन्होंने बेटे को हर संभावित जगह व रिश्तेदारों के यहां खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। जिसके बाद बच्चे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस की जांच करने पर पता चला कि उनका पड़ोसी बच्चे की खोजबीन में सहयोग नहीं कर रहे हैं और उनसे नजरें चुरा रहे हैं। रात को पड़ोसी उनकी छत पर पानी के टैंक का ढक्कन खोलने का प्रयास कर रहा था, जिसे पकड़ने का प्रयास भी किया गया, लेकिन वह धक्का देकर भाग गया। पुलिस ने 21 फरवरी 2019 को पड़ोसी के यहां पड़ताल की तो घर में एक बोरे में बच्चे की लाश बरामद हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रिपोर्ट में बच्चे के शरीर पर चोटें बताई गई और गला घोंटकर हत्या करने की पुष्टि हुई। पुलिस ने मौके पर ही तीनों दोषियो को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों दोषियों के खिलाफ पॉक्सो एक में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया। कोर्ट में सुनवाई के दौरान सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता विकास गुप्ता ने 11 गवाह पेश कर बच्चे के साथ कुकर्म वह हत्या करने का आरोप सिद्ध किया था। पॉक्सो न्यायाधीश विजय लक्ष्मी विहान ने अपना निर्णय सुनाते बच्चे के साथ कुकर्म कर निर्मम हत्या करने के अपराध युवक को फांसी की सजा और साक्ष्य छुपाने पर उसके पिता को 4 साल कठोर कारावास व मां को 3 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी। जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में अपील की थी।

# प्रादेशिकी

## कथित साधू की अश्लील फोटों हो रहीं वायरल

**फर्रुखाबाद,** 21 मई (देशबन्धु)। थाना क्षेत्र के एक गांव में रहे रहे कथित बाबा की कुछ अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहीं है जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस को अभी मामले में कोई तहरीर नहीं मिलीं हैं। जेएनआई फोटों की सत्यता का दावा नहीं करता हैं। मिली जानकारी के मुताबिक खुद को जनपद गोरखपुर का बतानें वाला एक कथित बाबा बीते लगभग एक दशक से रह रहा था। बाबा फोटो वायरल होनें के बाद फरार बताया जा रहा है। लगभग दो सप्ताह से बाबा भूमिगत है, लेकिन उसकी कई महिलाओं के साथ कथित अश्लील फोटो वायरल हो रहीं हैं। थानाध्यक्ष राजेपुर रण विजय सिंह नें बताया कि मामले में कोई तहरीर नही आयी है। फोटो वायरल होनें की जानकारी उनके पास नहीं है। तहरीर मिलने पर जांच की जाएगी।

# कांग्रेस-सपा आतंकवाद की समर्थक : योगी

**लखनऊ/बस्ती,** 21 मई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि समाजवादी पार्टी तथा कांग्रेस आतंकवादियों और माफियाओं की समर्थक हैं। बस्ती लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी के समर्थन में जनता इंटर कालेज नगर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि कहा कि यह लोकसभा चुनाव राम भक्त और राम विरोधियों के बीच हो रहा है। जनता कह रही है जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे जिससे विरोधी धराशाई हो गए हैं। उन्होने कहा कि समाजवादी पार्टी तथा कांग्रेस पार्टी आतंकवादियों, माफियाओं तथा भ्रष्टाचार करने वाले लोगों का हमेशा समर्थन करती रही है। उत्तर प्रदेश में जब अखिलेश यादव मुख्यमंत्री थे तब राम भक्तों पर हमला करने वाले आतंकवादियों का मुकदमा वापस लेने का प्रयास किए थे लेकिन न्यायपालिका ने ऐसा नहीं होने दिया। जब भाजपा 400 पार का नारा देती है तब समाजवादी पार्टी का सिर चकरा जाता है लेकिन समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश के 63 सीट पर भी चुनाव नहीं लड़ पा रही है। योगी ने कहा कि जब-जब सपा तथा कांग्रेस का गठबंधन हुआ है तब-तब देश में अनर्थ ही

■ चुनावी जनसभा में भाजपा पत्याशी के समर्थन में की वोट की अपील



जब-जब सपा तथा कांग्रेस का गठबंधन हुआ है तब-तब देश में अनर्थ ही हुआ है : **योगी आदित्यनाथ**

हुआ है। केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी और उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार थी उस समय बनारस के संकट मोचन हनुमान मंदिर पर हमला हुआ था और राम भक्तों पर गोलियां चलाई गई थी ये लोग राम विरोधी हैं। सपा के ही सरकार में बस्ती की मुंडेरवा चीनी मिल बंद हो गई थी लेकिन भाजपा की प्रदेश सरकार ने मुंडेरवा चीनी मिल को दुबारा चालू करवाया।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में बहू, बेटियां, व्यापारी सुरक्षित नहीं थे आज पूरा उत्तर प्रदेश अपराध मुक्त हो गया है और कानून का राज चलने लगा है। समाजवादी पार्टी के लोग माफियाओं के प्रति संवेदना रखते हैं अभी एक माफिया की मौत हो जाने पर सपा के लोग माफिया के घर जाकर मातम कर रहे थे। प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश में माफियाओं का कमर तोड़ने का काम किया है और कानून का राज स्थापित किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर इतिहास रचने जा रहे हैं। पूरा विश्व नए भारत का अब दर्शन कर रहा है। दिन प्रतिदिन हमारा देश सबसे आगे निकल कर विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 10 साल के भीतर इतना सशक्त हो गया है कि अगर पाकिस्तान में कहीं पटाखा दग जाता है तो उसको जवाब देते-देते थक जाना पड़ता है, जो माफिया 2017 से पहले फिरौती वसूलते थे, आज सब माफिया गायब हो चुके हैं, सपा की संवेदना माफियाओ के प्रति है, गरीबो के प्रति नही है। हमे माफियाओं के सहयोगी, आतंकवादियों के आकाओं को फिर से देश में काबिज नहीं होने देना है। कांग्रेस-सपा के लोग संविधान के साथ खिलवाड़ करना चाहते है।

जो रोहंगिया आये हैं उनको ये निवासी बनाने में लगे हैं। योगी ने कहा कि सपा और कांग्रेस गठबंधन सत्ता हासिल करने के लिए तरह-तरह का गुल खिला रहा है। इनके कारनामे जनता से छिपे नहीं हैं। यह देश से गरीबी हटाने के लिए हमारे पूर्वजों की संपत्ति का सर्वे कराने की बात कह रहे हैं। ऐसे में इनसे हमें सतर्क रहने की जरूरत है क्योंकि यह देश से गरीबी तो नहीं हटाएंगे बल्कि संपत्ति का सर्वे कराकर विरासत टैक्स जरूर लगाएंगे। इनका यह विरासत टैक्स औरंगजेब का जजिया कर है।

### जाति व धर्म में बांटकर देश को लूटना चाहता है इंडिया गठबंधन

बलरामपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को आरोप लगाया कि इंडिया गठबंधन जाति और धर्म के नाम पर देश बांटकर गरीब जनता को लूटने की साजिश कर रहा है। बलरामपुर की गैसड़ी विधानसभा के श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन के लोग राम विरोधी, देश विरोधी और गरीब विरोधी हैं। यह अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जाति के लोगों के हक पर सेंधमारी का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। उनके द्वारा जो षड्यंत्र होने जा रहा है, उसके प्रति हम सभी को आगाह रहने की जरूरत है। यह देश हमारा है, हमे ही देश के विकास के लिये फैसला लेना होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनता जनार्दन की सेवा कर रही है।

# पालिका चेयरमैन ने मवाना की सफाई व पथ प्रकाश व्यवस्था का किया निरीक्षण

**मवाना,** 21 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद् मवाना के चेयरमैन अखिल कुमार कौशिक ने मंगलवार को मवाना की सफाई, जलापूर्ति और पथ प्रकाश व्यवस्था और निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड चार लक्ष्मीनगर में नागरिकों ने कई माह से टूटी पड़ी पुलिया का निर्माण कराने की मांग रखी। इस पर चेयरमैन ने पालिका के वर्क सुपरवाइजर को जल्द पुलिया निर्माण या चौनल लगाने के आदेश दिये। कई स्थानों पर दिन में खम्भों पर स्ट्रीट लाइटें जलती मिली। चेयरमैन ने पथ प्रकाश व्यवस्था देखने वाले कर्मचारी को आदेश दिए कि पूरे नगर में भ्रमण कर दिन में जल रही स्ट्रीट लाइटों को बंद कराया जाए। पालिका चेयरमैन अखिल कौशिक को वार्ड चार के सभासद अविजीत चौहान ने अपने वार्ड का निरीक्षण कराया।

वार्ड चार के नागरिकों ने कई माह से टूटी पुलिया के निर्माण कराने की मांग की। पुलिया के जल्द निर्माण कराने के मौके पर आदेश जारी कर दिये गये। नगर की सफाई व्यवस्था का भम्रण करते हुए मोहल्ला तिहाई के सफाई नायक मजहर अब्बास को वार्डो में साफ-सफाई व्यवस्था को ओर बेहतर करने के लिए कड़े निर्देश दिए गए। कई पोलों में दिन में लाइटें जलती दिखाई दी तो चेयरमैन ने पथ प्रकाश व्यवस्था के लाइनमैन ओमकार को दिन में पूरे नगर का भ्रमण करने और जलती हुई लाइटों को बंद कराने के आदेश दिए। दिन भर में जलती



■ लक्ष्मीनगर में कई माह से टूटी पड़ी है पुलिया
■ पालिका चेयरमैन ने किया वार्ड चार का निरीक्षण

लाइटों से बिजली बिल बढ़ रहा है। इस पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने नगर में बिगड़ रही पेयजल आपूर्ति में तत्काल सुधार करने के आदेश दिए। सोमवार को पालिका अधिशासी अधिकारी राजीव जैन ने पेयजल सम्बंधी बैठक में पेयजल से जुड़े संविदा कर्मियों को नगर की जलापूर्ति की व्यवस्था को तत्काल ठीक कराने के आदेश दिए थे।

उन्होंने कहा था कि कोई भी कर्मचारी टयूबवेल से गैर हाजिर मिला तो कार्रवाई करते हुए तत्काल उसे नौकरी से हटा दिया जाएगा। उन्होंने नगर में चल रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण करते हुए वर्क सुपरवाईजर मौ.साजिद को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता परखने के लिए कहा। निर्माण कार्यों को समय से जल्द पूरा करने को कहा गया।

## सार संक्षेप

### एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता अभियान में किया श्रमदान

**मवाना।** कृषक इण्टर कालेज, मवाना परिसर में 73 यूपी बटालियन एनसीसी मवाना के तत्वावधान में कैम्प कमाण्डेंट कर्नल मृदुल मित्तल के निर्देशन में आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के आठवें दिन मंगलवार को एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता अभियान चलाते हुए श्रमदान किया। कैम्प कमाण्डेंट कर्नल मृदुल मित्तल ने बताया कि कृषक इण्टर कालेज मवाना के प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार वध् सूबेदार मेजर देवेन्द्र कुमार ने कैडेट्स को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए श्रमदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कैडेट्स ने कैम्प परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर डिप्टी कैम्प कमाण्डेंट कर्नल शरद पाठक, सूबेदार मेजर देवेन्द्र कुमार लेफ्टिनेंट बलराज सिंह, द्वितीय अधिकारी अतुल देव गौतम, सूबेदार अय्यूब, सूबेदार कमल सिंह, नायब सूबेदार रविन्द्र सिंह, नायब सूबेदार अशोक सोम, हवलदार केवल, हवलदार रामभरोसे, हवलदार बालाराम, वरिष्ठ सहायक अनंगपाल आदि उपस्थित रहे।

### महिलाओं ने भाजपा पार्षद के खिलाफ किया हंगामा

**मेरठ।** भाजपा पार्षद के खिलाफ महिलाओं ने हंगामा किया। राष्ट्रीय महिला एकता संघर्ष संगठन के साथ महिलाएं एसएसपी दफ्तर पर प्रदर्शन करने पहुंचीं। महिलाओं ने पुलिस से आरोपी पार्षद को गिरफ्तार करने की मांग करते हुए न्याय मांगा है। महिलाओं ने आरोप लगाया कि वार्ड 50 से भाजपा पार्षद संजय सैनी ने मकान बनाने के नाम पर गलत तरीके से 50 हजार रुपए मांगे हैं। पैसे न देने पर पार्षद धमकाता है। महिलाओं ने बताया कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र में पार्षद संजय सैनी उसका भाई मिलकर रंगदारी मांग रहा है। जब महिला ने रंगदारी का पैसा नहीं दिया तो दोनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की है।

### भाकियू कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट का किया घेराव

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं में कलेक्ट्रेट का घेराव किया। उनका कहना है कि मेरठ-हाईवे 709 ए को मेरठ नजीबाबाद हाईवे 119 को जोड़ने के लिए करीब 13 किलोमीटर लंबा बाईपास निर्माणाधीन है। कंपनी द्वारा अंडरपास की लंबाई 13 फीट है। ऐसे में किसानों के फसल से लदे वाहन कैसे अंडरपास से निकलेंगे। भारतीय किसान यूनियन (भानू) के जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह तोमर के नेतृत्व में किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। उनका कहना है कि किसान क्षेत्र के विकास का विरोध नहीं कर रहे हैं। यदि कंपनी को अंडरपास बनाना है तो बनाएं, लेकिन अंडरपास की ऊंचाई ज्यादा रखें। क्योंकि मेरठ-हाईवे 709 ए को मेरठ नजीबाबाद हाईवे 119 को जोड़ने के लिए करीब 13 किलोमीटर लंबा बाईपास निर्माणाधीन हैं। टाटा प्रोजेक्ट कंपनी द्वारा अंडरपास की लंबाई 13 फीट हैं। यदि अंडरपास की लंबाई इतनी रही तो किसानों के फसल से लदे वाहन अंडरपास से कैसे निकालेंगे। जिस वजह से किसान जंगल में कई दिनों से धना दे रहे हैं। लेकिन उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। मंगलवार को बड़ी संख्या में किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन दिया।

# विधि छात्रों के लिए ग्रीष्मकालीन इन्टर्नशिप प्रोग्राम जून से

**मेरठ,** 21 मई (देशबन्धु)। अपर जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मेरठ उदयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र के अनुसार दिनांक 1 जून से 30 जून तक जनपद मेरठ में मेरठ, मुजफ्फरनगर सहारनपुर, गाजियाबाद, बुलन्दशहर, बागपत, गौतमबुद्धनगर, हापुड तथा शामली के विधि छात्रों हेतु ग्रीष्मकालीन इन्टर्नशिप प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 10 दिन का इन्टर्नशिप कार्यक्रम व 20 दिन प्रोजेक्ट वर्क किया जाएगा, जो विधि छात्र ग्रीष्मकालीन इन्टर्नशिप करना चाहते है वह अपना आवेदन-पत्र कॉलिज के विभागाध्यक्ष से संस्तुति कराकर निर्धारित प्रारूप पर आवश्यक प्रपत्र संलग्न करते हुए दिनांक 25 मई को सांय 05:00 बजे तक रजिस्टर्ड डाक तथा व्यक्तिगत रूप से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेरठ के कार्यालय में जमा कर सकते है। उक्त अवधि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

# कैडेट्स ने सेना में भर्ती होने के नियमों को जाना

**मेरठ,** 21 मई (देशबन्धु)। 70 यूपी वाहिनी एनसीसी मेरठ द्वारा आयोजित दस दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविर के पांचवें दिन कैडेट्स ने अपने दिन की शुरुआत पीटी एवं योग से की। इसके पश्चात् सूबेदार एस पी शर्मा के साथ सीएचएम जितेन्द्र कुमार, हवलदार कुलदीप सिंह एवं हवलदार सुभाष चन्द्र ने कैडेट्स को चार कम्पनी एल्फा, ब्रावो, चार्ली, डेल्टा में बॉटकर ड्रिल का दैनिक अभ्यास कराते हुए ड्रिल की बारीकियों के बारे में विस्तारपूर्वक समझाते हुए कठिन अभ्यास कराया। नायब सूबेदार जोगिन्द्र सिंह के नेतृत्व में सी एच एम मुथप्पा, हवलदार दिवेन्द्र कुमार एवं हवलदार चौन सिंह ने कैडेटस् को मानचित्र के माध्यम से दिशाओं का ज्ञान करने के साथ साथ स्वयं की स्थिति ज्ञात करने के विषय में विस्तारपूर्वक अवगत कराया। ले मनीष कुमार ने कैडेट्स को 'नेतृत्व के गुण एवं नेतृत्व के प्रकार' विषय पर एवं एनसीसी अधिकारी सुबोध कुमार ने 'भारत एवं संयुक्त राष्ट्र संघ के सम्बन्ध' विषय पर व्याख्यान दिया। अतिथि प्रवक्ता सेना भर्ती कायार्लय



■ जीवन में सफलता प्राप्त करने के दिए मंत्र

मेरठ से पधारे सूबेदार मेजर पंकज शर्मा ने कैडेटस् को सेना में भर्ती होने के नियमों के विषय में विस्तार पूवर्क समझाते हुए हमेशा देश सेवा के लिये तैयार रहने हेतू प्रेरित किया। मोटिवेशनल स्पीकर सुनीता चौधरी ने कैडेट्स को जीवन में सफलता प्राप्त करने के मंत्र बताते हुए जीवन में असफलताओं से न घबराकर निरंतर प्रयास करते रहने हेतू प्रेरित किया। शिविर में कैम्प कमानडेन्ट कनर्ल पंकज मग्गो, कैम्प एडजूटेन्ट ले आशीष गौड़, ले मौ जक़ी, ले मनीष कुमार, सहयोगी एनसीसी अधिकारी सुबोध कुमार, दीपक कुमार, जूली सिंह, कमलेश राघव सूबेदार मेजर नरेन्द्र सिंह, सूबेदार सुभाष चन्द, सूबेदार एसपी शर्मा, नायब सूबेदार जोगिन्द्र सिंह, नायब सूबेदार प्रवीण ठाकुर, बी एच एम विनोद कुमार, सी एच एम पवन कुमार, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

### मोटिवेशनल वक्ता सुनीता चौधरी को किया सम्मानित

तत्पश्चात कैम्प कमांडेंट कर्नल पंकज मग्गो ने उन्हे शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सायंकालीन सत्र में कैडेट्स को वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केट बॉल, खो-खो एवं रस्साकसीं आदि खेल खिलाए गए। सायं 8 बजे के उपरान्त ले आशीष गौड़, ले. शिफाली मल्होत्रा एवं सहयोगी एन सी सी अधिकारी सुबोध कुमार द्वारा छात्र एवं छात्रा कैडेटस् को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी कराई गई।

# तक्षशिला पब्लिक स्कूल में समर कैंप की शुरूआत

**मेरठ,** 21 मई (देशबन्धु)। कंकरखेडा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में 21 मई से समर कैम्प का आरंभ हो गया है। कैंप का शुभारम्भ स्कूल के प्रधानाचार्य डा. प्रवीन कुमार पथरा ने रिबन काटकर किया। दस




दिन तक चलने वाले इस कैंप में कक्षा एक से कक्षा आठ तक के बच्चे भाग लेगें। इस कैंप के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों जैसे नॉन फायर कुकिंग, साइंस एक्टिविटी, कम्प्यूटर एक्टिविटी, पर्सनेलिटी डवलपमेंट, म्यूजिक एण्ड डांस एंव थिएटर आदि एक्टिविटी को आयोजन किया जाएगा।

# मोहल्ला मुन्नालाल में पुराने शिव मंदिर की दीवार तोड़कर कब्जा



■ हिन्दू संघर्ष समिति मवाना के पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन दिया

**मवाना,** 21 मई (देशबन्धु)। हिन्दू संघर्ष समिति मवाना के पदाधिकारियों ने मंगलवार को तहसील परिसर में एसडीएम को ज्ञापन दिया, जिसमें कहा गया कि कई माह पहले मोहल्ला मुन्नालाल स्थित पुराने शिव मंदिर की दीवार तोड़कर कब्जा कर लिया था लेकिन पुलिस ने इस मामले में छह अन्य आरोपियों के खिलाफकोई कार्रवाई नहीं की। इस मामले को लेकर हिन्दू संघर्ष समिति और हिन्दू समाज में रोष व्याप्त है। इस मामले में नामजद चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था लेकिन छह अन्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई हैं। हिन्दू समाज की आस्था के प्रतीक प्राचीन शिव मंदिर की भूमि पर कब्जा कर रखा है। इससे आक्रोशित हिन्दू समिति के पदाधिकारी रजनीश रोहल, अंकुर सैनी, अमित, शुभम जैन, रिषभ, रवि कुमार रस्तोगी, विनोद कुमार मंगलवार को एसडीएम से मिले। एसडीएम को बताया कि नगर के मोहल्ला मुन्नालाल स्थित पुराना शिव मंदिर की दीवार तोड़कर कई लोगों ने उस पर कब्जा कर रखा है। कई माह पहले इस मामले में मौके पर पहुंचे हिन्दू समाज के अनेक लोगों ने हंगामा कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया था लेकिन छह अन्य के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि मंदिर प्रागंण की नापतौल कराकर मंदिर की भूमि को कब्जामुक्त कराया जाए।

# जिलाधिकारी ने ईवीएम स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



**मेरठ,** 21 मई (देशबन्धु)। मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा मतगणना केंद्र सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में ईवीएम स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया तथा मतगणना तैयारियो की समीक्षा कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस अवसर पर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं प्रमुख राजनैतिक दल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मेरठ पब्लिक स्कूल फॉर गर्ल्स में अनुशासन समिति का किया गठन

**मेरठ,** 21 मई (देशबन्धु)। मेरठ पब्लिक स्कूल फॉर गर्ल्स में इन्वेस्टचर सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की विशेष अतिथि मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल रहीं। नेहरू हाउस को बेस्ट मार्च पास्ट ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। विद्यालय की छात्रा अंतरा भारद्वाज को कुसुम शास्त्री ट्रॉफी से नवाजा गया, जो सभी क्षेत्रों में छात्रा की उत्कृष्टता को प्रदर्शित करती है। चुनी गई छात्राओं ने अपने कर्तव्यों को निष्ठा पूर्वक निभाने की शपथ ली। स्टूडेंट काउंसिल के सभी सदस्यों को बैज प्रदान किए गए। विद्यालय प्रबंधन की ओर से बास्केटबॉल में परी डागर तथा परी तोमर को राज्य स्तर तथा राष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए धनराशि देकर सम्मानित किया गया। छात्राओं को प्रशिक्षित करने वाले कोच श्री




अमरजीत सिंह को भी विद्यालय द्वारा उनकी सेवाओं के लिए उनका अभिनंदन किया गया। सत्र 2023 - 2024 की 100 प्रतिशत उपस्थिति के लिए कक्षा आठ डी की छात्रा नैना सिंह को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अतिथि ने सभी छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियाँ भी आवश्यक हैं, ऐसे कार्यक्रम शैक्षणिक उत्कृष्टता, पाठयेत्तर क्षमता तथा नेतृत्व भागीदारी के लिए अति महत्वपूर्ण हैं।

**आयोजन** *सुभारती विवि में परिणाम आधारित शिक्षा पर व्याख्यान आयोजित*

# परिणाम आधारित शिक्षा में विविध दृष्टिकोण से परिचित होने का अवसर : राज सिंह

**मेरठ,** 21 मई (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन सत्यजीत रे प्रेक्षागृह में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जैन विश्वविद्यालय बैंगलोर के कुलपति प्रो. राज सिंह ने परिणाम आधारित शिक्षा के विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का आयोजन प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा की अध्यक्षता में हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा, संकायाध्यक्ष, शैक्षिक एवं निदेशक शोध प्रो. अमर प्रकाश गर्ग, डीन लॉ कॉलेज डॉ. वैभव गोयल भारतीय, डॉ. पिंन्टू मिश्रा, डॉ. आर.के.घई, डॉ. श्रवण कुमार, डॉ. रेनू मावी, डॉ. सोकिन्द्र कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकर गौड़ा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने मुख्य वक्ता जैन विश्वविद्यालय बैंगलूरू के कुलपति प्रो. राज सिंह का स्वागत करते हुए परिणाम आधारित शिक्षा के विषय पर आयोजित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के उद्देश्य से सभी को रूबरू कराया। मुख्य वक्ता जैन विश्वविद्यालय बैंगलोर के कुलपति प्रो. राज सिंह ने परिणाम आधारित शिक्षा की भारत में आवश्यकता,



■ परिणाम आधारित शिक्षा पर दिया जोर

गुणवत्ता और मूल्यांकन के आंकलन पर विश्लेषणात्मक व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि परिणाम आधारित मूल्यांकन प्रदर्शन आधारित होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों और शिक्षार्थियों के पास इस बात की साझा समझ होती है कि क्या हासिल करने की आवश्यकता है। सीखने के उद्देश्य स्पष्ट और मापने योग्य होते हैं, जो हर किसी को अपने प्रयासों को विशिष्ट लक्ष्यों की ओर संरेखित करने में सक्षम बनाते हैं। उन्होंने कहा कि परिणाम आधारित शिक्षा में शैक्षणिक संस्थानों को छात्रों को अंतर-सांस्कृतिक अनुभव, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और विविध दृष्टिकोणों से परिचित होने के अवसर प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। उन्होंने परिणाम आधारित शिक्षा के विषय पर विस्तारपूर्वक सभी का ज्ञान वर्धन किया। संकायाध्यक्ष, शैक्षिक एवं निदेशक शोध प्रो.अमर प्रकाश गर्ग ने परिणाम आधारित शिक्षा के प्रयोगात्मक पहलुओं पर प्रकाश डाला और शिक्षकों को पाठ्यक्रम विकसित करने हेतु बारीकियों का विश्लेषण किया। उन्होंने विश्वस्तरीय सक्षम और सामाजिक रूप से प्रसंगिक ग्रेजुएट बनाने के लिए पाठ्यक्रमों को विकसित करने हेतु विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम में विभिन्न कौशलों पर सामंजस्य बनाना अनिवार्य है।

हमें पाठ्यक्रम ऐसे बनाने चाहिए जिनकी आगे आने वाले वर्षों में उपयोगिता हो। छात्रों को नौकरी प्रदाता के अनुरूप और उद्यमी योग्य शिक्षा दी जानी चाहिये। कार्यशाला में विवि के सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षकों एवं निदेशकों ने भाग लिया और इन्टर एक्टिव व्याख्यान से लाभान्वित हुए। डॉ. निशा सिंह ने मंच का संचालन किया।




देशबन्धु नई दिल्ली, बुधवार, 22 मई, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

# दस साल के भाजपा शासनकाल में हर तरफ बर्बादी का मंजर : डिंपल यादव



आजमगढ़ की जनता इंडी गठबंधन के प्रत्याशी को इस चुनाव में जीताकर नई सरकार के गठन में अहम भूमिका निभाए: डिंपल यादव

**आजमगढ़,** 21 मई (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी नेता डिंपल यादव ने आजमगढ़ में एक चुनावी जनसभा में भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 10 सालों में भाजपा की सरकार में हर तरफ बर्बादी का ही मंजर देखने को मिला है। मुख्यमंत्री रहते अखिलेश यादव ने जिले के विकास को नया आयाम देने का काम किया। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव ने आजमगढ़ के विकास को आगे बढ़ाने के लिए ही धर्मेंद्र यादव को यहां से प्रत्याशी बनाया है। यह चुनाव परिवर्तन और संविधान को बचाने का चुनाव है। उन्होंने आगे कहा कि इस सरकार में महंगाई, बेरोजगारी बढ़ी हुई है। वहीं व्यापारियों का व्यापार चौपट हो गया है। किसान बदहाल है। ऐसे में आजमगढ़ की जनता से अपील है कि इंडी गठबंधन के प्रत्याशी को इस चुनाव में जीताकर नई सरकार के गठन में अहम भूमिका निभाए। उन्होंने आगे कहा कि आजमगढ़ हमेशा ही समाजवादियों का गढ़ रहा है। यह नेताजी की कर्मभूमि रही है। नेता जी सदैव आजमगढ़ को अपना दिल समझते थे। आजमगढ़ के विकास में समाजवादी पार्टी की सरकार का योगदान रहा है। डिंपल यादव ने कहा कि आज युवा रोजगार पाने के लिए सड़कों पर संघर्ष कर रहा है। आर्थिक रूप से देश कमजोर हुआ है। ऐसे में तीसरी बार सरकार बनाने का सपना देख रहे भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाना है। संविधान को बदलने की बात करने वाली वर्तमान सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है।

# छपरा गोलीकांड के बाद सियासत गर्म, पक्ष-विपक्ष में आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू

हार की बौखलाहट में कुछ लोग ऐसा करते हैं। हम जब पहली बार चुनाव लड़ रहे थे तो मुझे भी बीजेपी के लोग हूट कर रहे थे: तेजस्वी यादव



'इतिहास गवाह है कि लालू यादव का परिवार जब जब चुनाव लड़ा है, सामाजिक उपद्रव होता रहा है: नीरज कुमार, मुख्य प्रवक्ता जेडीयू

**छपरा,** 21 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के बीच बिहार के छपरा में हुए गोलीकांड ने सूबे में राजनीतिक गर्मी बढ़ा दी है। अब इसे लेकर राजनेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है। तेजस्वी यादव ने कहा, 'प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि इस घटना में शामिल दो और लोगों को शाम तक पकड़ लिया जाएगा। हार की बौखलाहट में कुछ लोग ऐसा करते हैं। हम जब पहली बार चुनाव लड़ रहे थे तो मुझे भी बीजेपी के लोग हूट कर रहे थे। इस बार बीजेपी साफ है।' वीआईपी के मुकेश सहनी ने कहा, 'मैं सभी पार्टियों के कार्यकर्ताओं से निवेदन करता हूं कि चुनाव के दौरान ऐसी घटनाओं को अंजाम न दें। सरकार लॉ एंड ऑर्डर को देखे।' जेडीयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा, 'इतिहास गवाह है कि लालू यादव का परिवार जब जब चुनाव लड़ा है, सामाजिक उपद्रव होता रहा है।' यहां की राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य ने कहा, 'हमारे ऊपर जानलेवा हमला हुआ। बीजेपी के गुंडों ने किया है और हमारे तीन कार्यकर्ताओं को गोली मारी गई है। इन लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए।' आरजेडी प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा, 'लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। ये शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वो स्थिति को नियंत्रण में करे और चिह्नित करे कि कौन से लोग लोकतंत्र का गला घोंटना चाहते हैं। पुलिस प्रशासन क्या कर रहा है? जिनकी मृत्यु हुई है, उनके परिवार को मुआवजा मिलना चाहिए।'

छपरा हिंसा पर जेडीयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा, 'इस घटना पर अधिकारियों से बात हुई है। जांच चल रही है। जो दोषी होंगे, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। हार से बौखलाहट से रोहिणी बूथ पर गई थी। इसके बाद लोग उग्र हुए। इस घटना से स्पष्ट हो गया है कि रोहिणी की हार सुनिश्चित है।' बता दें कि छपरा के भिखारी चौक पर हुए गोलीकांड के बाद एहतियात बरतते हुए प्रशासन ने जहां दो दिनों के लिए इंटरनेट सेवा बंद कर दी है, वहीं चप्पे-चप्पे पर पुलिस बलों को तैनात कर दिया है। पुलिस की हर गतिविधि पर पैनी नजर है। पुलिस ने इस मामले में बीजेपी नेता रमाकांत सिंह सोलंकी को हिरासत में लिया है। भिखारी चौक पर मंगलवार सुबह दो गुटों के बीच गोलीबारी हुई, जिसमें एक की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए।

# 'झूठ बोलकर सत्ता में आए मोदी जनता से कर रहे हैं विश्वासघात'



भाजपा सरकार में 10 साल के विश्वासघात से पैदा हुआ आक्रोश अब क्रांति का रूप ले चुका है: राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

**नई दिल्ली,** 21 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर झूठ फैलाने की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह झूठ बोलकर सत्ता में आए और पिछले 10 साल से देश की जनता से वह विश्वासघात ही कर रहे हैं।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अब प्रधानमंत्री के झूठ से लोग उकता चुके हैं और लोग भाजपा से किनारा कर रहे हैं। यही वजह है कि अब तक हुए चुनाव में भाजपा की सुनिश्चित हार को देखते हुए श्री मोदी बौखला गए हैं और वह उल्टे सीधी बयान दे रहे हैं।

श्री खडगे ने कहा मोदी जी झूठ बोलकर और ध्रुवीकरण करके सत्ता में आये। प्रधानमंत्री अब जो दावा कर रहे हैं वह बचकाना है और मुझे उनसे सहानुभूति है। उनके भाषण अब काम नहीं कर रहे हैं, क्योंकि भारत की जनता को सच्चाई का एहसास हो गया है। इंडिया समूह अगली सरकार बनाएंगी। श्री गांधी ने कहा नरेंद्र मोदी के झूठ, दुष्प्रचार और उनकी मित्र मीडिया एक तरफ -सच की आवाज़ एक तरफ। भाजपा सरकार में 10 साल के विश्वासघात से पैदा हुआ आक्रोश अब क्रांति का रूप ले चुका है। ये सिर्फ हरियाणा की नहीं, पूरे देश की आवाज़ है। अब इंडिया समूह की आंधी रुकने वाली नहीं है।

इसके साथ ही केजरीवाल ने मतदाताओं से इंडिया गठबंधन के समर्थन में वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि 4 जून को उनकी सरकार बनेगी। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि इंडिया को बचाना है तो इंडिया को जिताना है।

# पार्टी लाइन तोड़ने वाले नेताओं पर भाजपा हुई सख्त, जयंत सिन्हा और विधायक राज सिन्हा पर कार्रवाई की तैयारी

**रांची,** 21 मई (एजेंसियां)। झारखंड में भारतीय जनता पार्टी ने उन नेताओं-कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई की तैयारी कर ली है, जिन्होंने पार्टी के आदेशों-निर्देशों की अवहेलना की या पार्टी लाइन से बाहर जाकर बयानबाजी की। मोदी 1.0 सरकार में मंत्री रहे हजारीबाग के मौजूदा सांसद जयंत सिन्हा एवं धनबाद के विधायक राज सिन्हा सहित कई अन्य नेता अनुशासनिक कार्रवाई की जद में हैं। पार्टी ने इन दोनों को सोमवार देर शाम शो-कॉज नोटिस थमा दिया। पार्टी को सूचना मिली है कि हजारीबाग, गोड्डा, जमशेदपुर, चतरा, दुमका, धनबाद और गिरिडीह सीटों पर कई नेताओं-कार्यकर्ताओं ने पार्टी की ओर से दी गई जिम्मेदारियों के निर्वहन में कोताही बरती या फिर पार्टी के सामान्य अनुशासन का पालन नहीं किया। पार्टी के प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने जयंत सिन्हा को भेजे गए शो-कॉज नोटिस में कहा है कि लोकसभा चुनाव, 2024 में जब से हजारीबाग लोकसभा सीट से पार्टी ने मनीष जायसवाल को



मोदी 1.0 सरकार में मंत्री रहे हजारीबाग के मौजूदा सांसद जयंत सिन्हा एवं धनबाद के विधायक राज सिन्हा सहित कई अन्य नेता अनुशासनिक कार्रवाई की जद में

प्रत्याशी घोषित किया है, तब से न आप न तो चुनाव प्रचार और न ही संगठनात्मक कार्य में रुचि ले रहे हैं। लोकतंत्र के महापर्व में आपने अपने मताधिकार का भी प्रयोग करना उचित नहीं समझा। आपके इस रवैए से पार्टी की छवि धूमिल हुई है।

जयंत सिन्हा को कहा गया है कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देशानुसार वे दो दिनों में स्पष्टीकरण दें। जयंत सिन्हा हजारीबाग से दो टर्म और उनके पिता यशवंत सिन्हा तीन टर्म भाजपा के टिकट पर संसद के लिए चुने गए हैं। 26 साल बाद पार्टी ने इस बार सिन्हा परिवार से इतर स्थानीय विधायक मनीष जायसवाल को उम्मीदवार बनाया है। उम्मीदवार बनने के बाद मनीष जायसवाल खुद जयंत सिन्हा के आवास गए और उनसे सहयोग-समर्थन मांगा। मनीष जायसवाल ने मुलाकात की तस्वीर साझा कर यह संदेश देने की कोशिश की थी कि उन्हें जयंत सिन्हा का समर्थन हासिल है। लेकिन इसके बाद जयंत न तो किसी सभा में शामिल हुए, न प्रचार में।

उधर, उनके पिता यशवंत सिन्हा प्रेस कांफ्रेंस कर कांग्रेस उम्मीदवार के समर्थन का ऐलान करते रहे।

# संबित पात्रा के बयान पर हंगामे के बीच बीजेडी नेताओं के भगवान जगन्नाथ को लेकर की गई टिप्पणियां वायरल

**नई दिल्ली,** 21 मई (एजेंसियां)। ओडिशा की पुरी लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार संबित पात्रा के भगवान जगन्नाथ को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भक्त बताने वाले बयान को लेकर सियासी बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। ओडिशा के मुख्यमंत्री और बीजेडी प्रमुख नवीन पटनायक ने संबित पात्रा के बयान की निंदा की और इसे भगवान जगन्नाथ के भक्तों और ओडिशा के लोगों की आस्था को ठेस पहुंचाने वाला बताया। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा से भगवान को किसी भी राजनीतिक चर्चा से ऊपर रखने की अपील की।

एक तरफ जहां सीएम पटनायक संबित पात्रा के भगवान जगन्नाथ को पीएम मोदी का भक्त बताने वाले बयान को लेकर भाजपा और पीएम मोदी को घेरने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, उन्हीं के पार्टी के नेता खुद भगवान जगन्नाथ का कई बार



अपमान कर चुके हैं। बीजेडी नेता कई मौकों पर भगवान जगन्नाथ की तुलना मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से कर चुके हैं। कई बार सीएम को ओडिशा के लिए भगवान जगन्नाथ तक बता चुके हैं। इस साल फरवरी में उड़िया एक्टर और बीजेडी विधायक दैतारी पांडा ने सीएम नवीन पटनायक की तुलना भगवान जगन्नाथ से कर डाली थी। जिसके कारण उनका चौतरफा विरोध भी हुआ था। इसके अलावा बीजेडी के राज्यसभा सांसद अमर पटनायक ने नवीन पटनायक को ओडिशा का भगवान जगन्नाथ बताया था।

साल 2022 में ओडिशा के उद्योग मंत्री पीके. देब ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की तुलना भगवान जगन्नाथ से करके विवाद खड़ा कर दिया था। प्रताप देब ने बीजू जनता दल की एक बैठक के दौरान कहा था कि ओडिशा अब नवीन पटनायक के नाम से जाना जाता है, पहले यह भगवान जगन्नाथ के लिए जाना जाता था। उनके इस बयान को लेकर जमकर फजीहत भी हुई थी। बता दें कि सोशल मीडिया पर संबित पात्रा का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह रोड शो के दौरान मीडिया से बात करते हुए भगवान जगन्नाथ को प्रधानमंत्री मोदी के भक्त बता रहे हैं। हालांकि, विवाद बढ़ने पर संबित पात्रा ने सफाई दी कि उनकी जुबान फिसल गई थी और वह पीएम मोदी को भगवान जगन्नाथ का भक्त कहना चाह रहे थे।

# महिला अपराध के मामले में मध्य प्रदेश बना क्राइम कैपिटल : जीतू पटवारी

**भोपाल,** 21 मई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में बढ़ते महिला अपराध को लेकर कांग्रेस प्रदेश इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि महिला अपराध के मामले में राज्य देश का कैपिटल बन गया है। जीतू पटवारी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा कि आज हालत यह है कि महिला आयोग में न अध्यक्ष है और न ही सदस्य, महिलाओं से जुड़े हुए 24 हज़ार मामले भी पेंडिंग हैं। यह भाजपा सरकार की अकर्मण्यता का सबसे बड़ा प्रमाण और परिणाम है। उन्होंने हाल ही में हुई घटनाओं का जिक्र करते हुए अपने पत्र में लिखा, 'आगर मालवा की दुष्कर्म पीड़िता हो, चाहे इंदौर की साइबर



क्राइम पीड़िता, किसी को पुलिस न्याय नहीं दिला पा रही है, तभी तो उन्होंने महिला आयोग का रुख किया, लेकिन, अब वहां भी सुनने वाला कोई नहीं है। क्या यही आपकी महिला न्याय नीति है? आयोग के नियमानुसार किसी भी शिकायत पर 15 दिन के अंदर कार्रवाई करनी होती है, परंतु आपकी सरकार नियम और कानून से परे है। सरकार की व्यक्तिगत रुचि सिर्फ विपक्षी नेताओं पर एफआईआर कर पॉक्सो एक्ट लगाने में है।' राज्य महिला आयोग में दर्ज मामलों का जिक्र करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने कहा, 'आंकड़ों के अनुसार 3,500 महिलाएं प्रतिवर्ष महिला आयोग में शिकायत दर्ज करवाने पहुंचती हैं अर्थात 9 से 10 महिलाएं प्रतिदिन, इन महिलाओं को न्याय नहीं मिलने की जिम्मेदार सरकार है।' राज्य में बीते साल हुए महिला अपराधों को लेकर पटवारी ने कहा, '2023-24 में महिला प्रताड़ना के सबसे ज्यादा मामले सामने आए हैं। हैरानी की बात है कि भाजपा की मंडल अध्यक्ष नारायणी बरेठा को जातिसूचक गाली देने तथा अभद्रता के मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जबकि, वे अनुसूचित समाज से हैं।

# प्रियंका कल सिरसा में करेंगी रोड शो

**सिरसा,** 21 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस की महासचिव और हरियाणा में सिरसा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी (इंडिया समूह) कुमारी सैलजा ने कहा है कि पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा सिरसा में 23 मई को रोड शो करेंगी। कुमारी सैलजा ने कहा कि लोगों की काफी मांग थी कि श्रीमती प्रियंका गांधी का सिरसा में कार्यक्रम करवाया जाए। उन्होंने कहा कि रोड़ शो सुबह 8:30 बजे शुरू होगा। जल्द ही रूट तय कर लिया जाएगा। मंगलवार को सिरसा में हिसार रोड़ स्थित प्रीतम पैलेस में जसवीर सिंह जस्सा द्वारा आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कुमारी सैलजा ने कहा कि यह चुनाव भारतीय जनता पार्टी की गलत नीतियों के खिलाफ चुनाव है। लोग खुद ही चुनाव लड़ रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा वालों के पास कोई मुद्दा तो है नहीं और न ही उन्होंने कोई विकास कार्य करवाए इसलिए वे बेतुकी बातें कर रहे है। चुनावों के बीच में राम का नाम ला रहे हैं। भगवान राम के तो सभी भगत है। भगवान राम क्या कोई उनका ट्रेडमार्क है? लोग उनकी बातों में आने वाले नहीं। बीते दिवस शहर में बुलडोजर रोड शो निकाल कर भय का माहौल पैदा करने की कोशिश



महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा सिरसा में 23 मई को रोड शो करेंगी। लोगों की काफी मांग थी कि श्रीमती प्रियंका गांधी का सिरसा में कार्यक्रम करवाया जाए: कुमारी सैलजा

की गई। पर अब लोग न तो इनसे डरने वाले हैं और न ही इनके बहकावे में आने वाले।

कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा के 10 साल के शासन में देश व प्रदेश की जनता भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों से तंग आ चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने 10 साल के कार्यकाल में किसान, व्यापारी, गरीब, मजदूर, महिलाओं तथा बेरोजगारों सहित सभी वर्गों को सिर्फ परेशान करने का ही काम किया है। जिसके चलते भाजपा के प्रति पूरे देश के लोगों में नाराजगी पाई जा रही है और लोगों का झुकाव कांग्रेस और उनके समर्थक पार्टियों की तरफ हो गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा द्वारा आयोजित रैलियों में प्रधानमंत्री ने भाजपा द्वारा किए गए कार्यों पर कुछ नहीं बोला। बोलें भी कैसे भाजपा सरकार ने कोई ऐसा कार्य किया ही नहीं, जिसका जिक्र श्री नरेंद्र मोदी करते। इसलिए उन्होंने सिर्फ और सिर्फ झूठ व जुमलों का सहारा लिया। कुमारी सैलजा ने कहा कि पांच चरणों के मतदान के बाद साफ हो चुका है कि भाजपा और श्री मोदी देश की सत्ता से जा रहे हैं, कांग्रेस व इंडिया समूह आ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनावों में राम को बीच में ला रहे है पर लोगों को मोदी या भाजपा से राम के नाम का सर्टिफिकेट लेने की जरूरत नहीं है, क्योंकि राम हमारे दिल में है। कुमारी सैलजा ने कहा कि देश में कांग्रेस की सरकार बनने पर महंगाई पर लगाम लगाई जाएगी।

# चुनाव आयोग ने 61 मामलों को दी स्वीकृति

**शिमला,** 21 मई (एजेंसियां)। आगामी लोक सभा चुनावों के दृष्टिगत हिमाचल प्रदेश में लागू आदर्श चुनाव आचार संहिता के प्रभावी होने के उपरान्त निर्वाचन विभाग को प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों से स्वीकृतियों के लिए 77 मामले आए जिनमें अब तक 61 मामलों को चुनाव आयोग ने अपनी स्वीकृति प्रदान की है। यह जानकारी निर्वाचन विभाग के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को यहां दी। उन्होंने बताया कि 77 मामलों में से कुछ को लम्बित तथा अन्य को स्पष्टीकरण के लिए संबंधित विभागों को तथा अन्य मामलों को आयोग को प्रेषित किया गया था, जिनमें से अब तक 61 मामलों को भारत निर्वाचन आयोग ने अपनी स्वीकृति प्रदान की है। प्रवक्ता ने बताया कि प्राप्त हुए प्रस्तावों को उनकी समयबद्धता एवं अनिवार्यता के आधार पर आयोग को प्रेषित किया जाता है तथा यह भी सुनिश्चित किया जाता है कि इससे किसी भी पार्टी विशेष को किसी भी प्रकार का राजनीतिक लाभ न मिले। मामलों के बारे में जानकारी देते हुए प्रवक्ता ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी), सचिवालय प्रशासन विभाग (एसएडी), खाद्य नागरिक आपूर्ति और

- प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों से स्वीकृतियों के लिए 77 मामले आए जिनमें अब तक 61 मामलों को चुनाव आयोग ने अपनी स्वीकृति प्रदान की

उपभोक्ता मामले विभाग, गृह विभाग, जल शक्ति विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग तथा कार्मिक विभाग जैसे विभागों में विभिन्न पदों के लिए नियुक्ति (पोस्टिंग) की अनुमति दी है। उन्होंने बताया कि इस अवधि में आयोग द्वारा शिक्षा विभाग, सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग, राजस्व जैसे विभागों में स्थानांतरण और ज्वाइनिंग अनुरोधों को भी अनुमति दी गई है। इसके अतिरिक्त, राज्य में शराब ठेकों के आवंटन के लिए राज्य कर और उत्पाद शुल्क विभाग को अनुमति प्रदान की गई। प्रवक्ता ने कहा कि आयोग द्वारा शिमला नगर निगम के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न रास्तों को पक्का करने एवं उनके सुधार कार्यों को भी अनुमति दी गई। इसके अतिरिक्त, आयोग द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए जनजातीय और दुर्गम क्षेत्रों के लिए खाद्यान्न और अन्य आवश्यक वस्तुओं के परिवहन के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। आयोग ने खाद्यानों व अन्य सामग्री को भारतीय खाद्य निगम के गोदामों से हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति के थोक गोदामों और इन थोक गोदामों से प्रदेश में स्थित उचित मूल्य की दुकानों तक परिवहन व्यवस्था संबंधी टेंडर प्रक्रिया के मामले को भी स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने बताया कि इस अवधि के दौरान आयोग ने कृषि विभाग को एग्री-कैनन (पौध संरक्षण उपकरण), सूक्ष्म पोषक तत्वों तथा बीजों की खरीद, उच्च न्यायालय के लिए स्टेशनरी वस्तुओं, नगर नियोजन विभाग (यूडी) में सफाई कर्मचारियों की हाजरी के लिए बायोमेट्रिक मशीनों, परिवहन विभाग में टायर, ट्यूब और फ्लैप, शिक्षा विभाग को ड्यूल डेस्क की खरीद तथा जनरल इंडस्ट्रीज कार्पोरेशन में ईएनए आदि मामलों को अनुमति प्रदान की गई।

प्रवक्ता ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने न्यायिक अधिकारियों के भत्ते, मौजूदा लाभार्थियों के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आउटसोर्स आधार पर पूर्व सैनिकों की नियुक्ति, 25 आपदा प्रबंधन पेशेवरों की परामर्श सेवाएं, स्वर्ण जयंती ऊर्जा नीति-2021 की अधिसूचना से पूर्व आवंटित परियोजनाओं के लिए सपलीमेंटरी इम्पलीमेंटेशन एग्रीमेंटस, स्वच्छ भारत मिशन तथा राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन के अन्तर्गत राशि जारी करने को आयोग ने स्वीकृति प्रदान की। इसके अतिरिक्त, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को प्रदूषण प्रमाण पत्रों के संचालन/नवीनीकरण के मामले को भी अनुमति दी गई। आयोग ने सोलंग विशेष क्षेत्र में वेंडिंग और नॉन वेंडिंग जोन दिखाने के लिए मानचित्रों को नामित करने के लिए अधिसूचना की अनुमति भी दी गई। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता की इस अवधि के दौरान चुनाव आयोग द्वारा पेरोल की अनुमति दी गई है।

# गुरदासपुर कांग्रेस प्रत्याशी सुखजिंदर सिंह रंधावा की बढ़ी मुश्किलें, ग्रामीणों ने किया वोट बहिष्कार

**गुरदासपुर,** 21 मई (एजेंसियां)। गुरदासपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सुखजिंदर सिंह रंधावा को नंगल गांव के मतदाताओं ने वोट ना देने का फैसला किया है। ग्रामीणों का आरोप है कि कांग्रेस प्रत्याशी के राजनीतिक हस्तक्षेप की वजह से अभी तक उन्हें गंदे पानी से मुक्ति नहीं मिल सकी है। दरअसल, नंगल गांव में रेलवे द्वारा करवाए जा रहे कुछ तकनीकी कार्यों की वजह से लोगों के घरों में गंदा पानी एकत्रित हो जा रहा है। इससे पहले रेलवे लाइन के माध्यम से उनके घरों के गंदे पानी की निकासी हो जाती थी, लेकिन जब से रेलवे ने यह तकनीकी कार्य शुरू किया है, तब से ग्रामीणों के घरों में गंदा पानी आ जाता है। इससे मुक्ति के लिए पिछले दिनों ग्रामीण



जिला कार्यालय गए थे। इसके बाद गांव वालों को गंदे पानी से निजात दिलाने के लिए गांव में विशाल टैंकर स्थापित करने के निर्देश दिए गए, लेकिन आरोप है कि कांग्रेस प्रत्याशी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने चुनाव आयोग को खत लिखकर इसे रुकवा दिया, जिसकी वजह से गांव वालों को अभी भी गंदे पानी से निजात नहीं मिल सकी है। इससे ग्रामीणों में उनके खिलाफ आक्रोश है।

यह उसी आक्रोश का नतीजा है कि अब इस लोकसभा चुनाव में ग्रामीणों ने सुखजिंदर सिंह रंधावा को वोट ना देने का फैसला किया है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे प्रत्याशी को वोट देने का कोई मतलब नहीं, जिसे ग्रामीणों के हित से कोई सरोकार नहीं है। ग्रामीणों का हित किसी भी राजनेता के लिए सर्वोपरि होता है, लेकिन सुखजिंदर सिंह रंधावा की मानसिक स्थिति समझ नहीं आती कि आखिर वो कैसे ग्रामीणों के हितों पर कुठाराघात कर सकते हैं।

# [अर्थ जगत]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| टाटा स्टील | 3.81 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 3.68 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.71 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.65 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.50 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| नेस्ले इंडिया | 1.37 प्रतिशत |
| मारुति | 1.03 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.00 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 0.99 प्रतिशत |
| एलटी | 0.72 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 74,220 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## भारत आर्थिक उड़ान की दहलीज पर, खुदरा महंगाई दर रह सकती है 5 फीसदी के करीब : आरबीआई

■ वैश्विक वित्तीय स्थिरता के लिए फिर से बढ़ रहा जोखिम

■ वैश्विक स्थिति से घबराए निवेशक जोखिम लेने से बचने लगे



**नई दिल्ली**, 21 मई (एजेंसियां)। भारत सकल मांग और गांवों में गैर-खाद्यान्न वस्तुओं पर खर्च बढ़ने के साथ बहुप्रतीक्षित आर्थिक उड़ान भरने की दहलीज पर है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मंगलवार को जारी मई बुलेटिन में यह कहा गया है।

बुलेटिन में प्रकाशित 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' पर एक लेख में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए परिदृश्य नाजुक होता जा रहा है। इसका कारण एक तरफ मुद्रास्फीति में जो गिरावट आ रही थी, वह अब थमती जा रही है। वहीं दूसरी तरफ वैश्विक वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम फिर से बढ़ रहा है। इसमें कहा गया है कि पूंजी प्रवाह अस्थिर हो गया है क्योंकि घबराए निवेशक जोखिम लेने से बचने लगे हैं। यह लेख रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा की अगुवाई वाली टीम ने लिखा है। लेख में कहा गया है, कि यह उम्मीद बढ़ रही है कि भारत बहुप्रतीक्षित आर्थिक उड़ान की दहलीज पर है। इसका कारण हाल के संकेत है जो कुल मांग की गति में तेजी की ओर इशारा कर रहे हैं। इसमें कहा गया है कि कम से कम दो वर्षों में पहली बार पिछली तिमाही में दैनिक उपयोग की उपभोक्ता वस्तुओं की गांवों में मांग शहरी बाजारों से आगे निकल गई है।

घरेलू और व्यक्तिगत देखभाल से जुड़े उत्पादों की मजबूत मांग से FMCG वस्तुओं की मात्रा में वृद्धि 6.5 प्रतिशत रही। इस वृद्धि को 7.6 प्रतिशत की ग्रामीण वृद्धि से गति मिली। वहीं शहरी क्षेत्रों में वृद्धि 5.7 प्रतिशत थी। लेख में निजी निवेश के बारे में लिखा गया है कि लिस्टेड प्राइवेट मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों ने कमाई का कुछ हिस्सा जो अपने पास रखा, वह 2023-24 की दूसरी छमाही में कोष का प्रमुख स्रोत बना रहा।

उन्होंने वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में सालाना और तिमाही आधार पर राजस्व में जो वृद्धि हासिल की, वह सर्वाधिक थी। लेख में लिखा गया है कि हेडलाइन (सकल) मुद्रास्फीति में इस साल अप्रैल में मामूली कमी आई। यह हमारी उम्मीदों के अनुरूप है। ईंधन के दाम में नरमी और मुख्य मुद्रास्फीति के नीचे आने तथा ऐतिहासिक रूप से निचले स्तर पर पहुंचने के बावजूद खाद्य श्रेणी में सब्जियों, अनाज, दाल, मांस और मछली की कीमतें निकट अवधि में खुदरा मुद्रास्फीति को ऊंची और पांच प्रतिशत के करीब रख सकती हैं।

### आरबीआई ने मार्च में स्पॉट विदेशी मुद्रा बाजार में कुल 13.25 बिलियन डॉलर खरीदे

**नई दिल्ली।** भारतीय रिज़र्व बैंक ने मार्च में स्पॉट विदेशी मुद्रा बाजार से कुल मिलाकर .13.25 बिलियन डॉलर खरीदे। यह जानकारी बैंक द्वारा मंगलवार को जारी मासिक बुलेटिन में दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, आरबीआई ने .14.84 बिलियन डॉलर खरीदे और .1.59 बिलियन डॉलर बेचे। पिछले महीने उन्होंने स्पॉट मार्केट से नेट 8.56 बिलियन डॉलर खरीदे थे। भारतीय रुपया मार्च में डॉलर के मुकाबले 0.6प्रतिशत कमजोर हुआ था, और इसकी दर 82.64 से 83.45 के बीच रही थी। आरबीआई का मार्च के अंत में नेट आउटस्टैंडिंग फॉरवर्ड सेल्स 541 मिलियन डॉलर था, जबकि फरवरी के अंत में यह आंकड़ा 9.69 बिलियन डॉलर नेट परचेज का था। अस्थिर विदेशी मुद्रा दरों को नियंत्रित करने के लिए आरबीआई स्पॉट और फॉरवार्ड मार्केट में लेनदेन करता है। मंगलवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 83.3050 पर बंद हुआ।

## बीएचईएल का मार्च तिमाही में 25 प्रतिशत घटा नेट प्रॉफिट




■ देश की कुल बिजली उत्पादन में 53 फीसदी है बीएचईएल की हिस्सेदारी

**नई दिल्ली**, 21 मई (एजेंसियां)। पब्लिक सेक्टर की कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने मंगलवार को मार्च तिमाही के अपने नतीजों का ऐलान कर दिया। कंपनी ने बताया कि 2023-24 की चौथी तिमाही में कंसोलिडेट नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 24.9 प्रतिशत गिरकर 484.36 करोड़ रुपए रह गया। बीएचईएल के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 की मार्च तिमाही में कंपनी ने 645.13 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट कमाया था।

इसके अलावा ऑपरेशंस से कंपनी का रेवेन्यू सालाना आधार पर मामूली रूप से 0.4 प्रतिशत बढ़कर 8,226.99 करोड़ रुपए से बढ़कर 8,260.25 करोड़ रुपए हो गया।

बिजली और इंडस्ट्रियल उपकरण बनाने वाली कंपनी बीएचईएल का कुल खर्च चौथी तिमाही में 7,411.64 करोड़ रुपए से 5 प्रतिशत बढ़कर 7,794.11 करोड़ रुपए हो गया। हालांकि, पिछली तिमाही के 5,537.47 करोड़ रुपए की तुलना में चौथी तिमाही में खर्च 40.75 प्रतिशत बढ़ गया। देश की कुल स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता में बीएचईएल की हिस्सेदारी 53 फीसदी है। प्रतिस्पर्धी कंपनी टाटा पावर ने इसी अवधि के दौरान 1,046 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया है। कंपनी के नेट प्रॉफिट में मार्च तिमाही के दौरान 11 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। कंपनी बोर्ड ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 2 रुपए के फेस वेल्यू वाले इक्विटी शेयर पर 25 पैसे प्रति शेयर के डिविडेंड की सिफारिश की है। मंजूरी मिलने पर फ़ाइनल डिविडेंड का भुगतान वार्षिक आम बैठक की तारीख से 30 दिनों के भीतर किया जाएगा। इस बीच, बीएसई पर बीएचईएल का शेयर मंगलवार को 2.72 प्रतिशत या 8.45 रुपये की बढ़त के साथ 318.80 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ।

## पैसा सबसे महत्वपूर्ण नहीं, कर्मचारी चाहते हैं सम्मान : नारायण मूर्ति



■ मूर्ति ने कर्मचारी सशक्तिकरण की महत्वपूर्ण भूमिका पर दिया जोर

**हनोई**, 21 मई (एजेंसियां)। इंफोसिस के संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति ने व्यावसायिक सफलता प्राप्त करने में कर्मचारी सशक्तिकरण की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया है। एफपीटी समूह के संस्थापक और कार्यकारी अध्यक्ष ट्रूओंग जिया बिन्ह के साथ परिचर्चा में श्री मूर्ति ने इस बात पर कहा कि वित्तीय मुआवजे से परे वास्तव में कर्मचारियों को क्या प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि मेरे अनुभव में, पैसा सबसे महत्वपूर्ण कारक नहीं है। कर्मचारी अपनी क्षमताओं के लिए सम्मान और सराहना चाहते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रेरित और उत्पादक कार्यबल को बढ़ावा देने के लिए कर्मचारियों के प्रयासों को पहचानना और उनका मूल्यांकन करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने संगठनों के भीतर उदारता के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह दृष्टिकोण न केवल कर्मचारियों के बीच स्वामित्व की भावना को बढ़ावा देता है बल्कि उन्हें कंपनी की सफलता में अधिक प्रभावी ढंग से योगदान करने के लिए प्रेरित भी करता है।इसके अलावा श्री मूर्ति ने कंपनी के संसाधनों की सुरक्षा और रखरखाव के लिए कर्मचारियों की जिम्मेदारी पर जोर दिया।

## टाटा पावर-डीडीएल तथा इंडिया स्मार्ट ग्रिड फोरम ने किया समझौता




■ ऊर्जा क्षेत्रों में कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के पहलुओं पर भी ध्यान करेगा केंद्रित

**नई दिल्ली**, 21 मई (एजेंसियां)। उत्तरी दिल्ली में 70 लाख की आबादी को बिजली सप्लाई करने वाली पावर यूटिलिटी टाटा पावर-डीडीएल ने व्हीकल-टू-ग्रिड टैक्नोलॉजी डेमोन्स्ट्रेशन प्रोजेक्ट पर परस्पर सहयोग के लिए इंडिया स्मार्ट ग्रिड फोरम के साथ एक समझौता किया है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस समझौते पर तीनों कंपनियों ने हस्ताक्षर किए हैं। व्हीकल-टू-ग्रिड टैक्नोलॉजी डेमोन्स्ट्रेशन पायलट प्रोजेक्ट का मकसद यह प्रदर्शित करना है कि इलैक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) किस प्रकार ग्रिड के साथ इंटरेक्ट कर सकते हैं। यह इनोवेटिव प्रोजेक्ट परिवहन और ऊर्जा क्षेत्रों में कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के पहलुओं पर भी ध्यान केंद्रित करेगा।

इसका मकसद इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ईवी) तथा ग्रिड के बीच दोतरफा एनर्जी सप्लाई के बुनियादी पहलुओं पर ध्यान देना है। यह आवश्यक ग्रिड सेवाओं जैसे फ्रीक्वेंसी और वोल्टेज सपोर्ट प्रदान करने की ईवी की संभावनाओं को भी टटोलेगा, आउटेज के दौरान बैक पावर स्रोत के तौर पर उनकी वैधता की जांच करेगा, और साथ ही, दोतरफा चार्जिंग के प्रभावों का भी परीक्षण करेगा।

इसके अलावा, यह प्रोजेक्ट इस बात का भी पता लगाएगा कि ईवी किस प्रकार बिजली की कीमतें कम होने पर पावर मार्केट में इलैक्ट्रिसिटी स्टोर करने और पीक आवर्स के दौरान उन्हें वापस बेचने का माध्यम बन सकते हैं। साथ ही, यह ईवी को ग्रीन इलैक्ट्रिसिटी से चार्ज करने की संभावनाओं का भी पता लगाएगा।

## सात समूहों में बिकवाली से सेंसेक्स गिरा, निफ्टी चढ़ा

■ सेंसेक्स 52.63 अंक उतरकर 73,953.31 पर रहा


■ निफ्टी 27.05 अंक बढ़कर 22,529.05 पर बंद

**मुंबई**, 21 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के मौद्रिक नीति बैठक के मिनट्स जारी होने से पहले विश्व बाजार में आई भारी गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, आईटी और टेक समेत सात समूहों में हुई बिकवाली से आज सेंसेक्स गिर गया वहीं निफ्टी में बढ़त रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 52.63 अंक उतरकर 73,953.31 अंक पर आ गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 27.05 अंक बढ़कर 22,529.05 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई का मिडकैप 0.34 प्रतिशत की तेजी के साथ 43,191.88 अंक जबकि स्मॉलकैप 0.18 प्रतिशत फिसलकर 47,873.56 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 4087 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1619 में लिवाली जबकि 2316 में बिकवाली हुई वहीं 152 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 23 कंपनियां हरे जबकि शेष 27 लाल निशान पर बंद हुई।

बीएसई के सात समूहों में गिरावट जबकि शेष 13 में तजी का रुख रहा। इस दौरान एफएमसीजी 0.51, वित्तीय सेवाएं 0.28, आईटी 0.46, दूरसंचार 0.09, ऑटो 0.24, बैंकिंग 0.22 और टेक समूह के शेयर 0.30 प्रतिशत टूट गए। वहीं, कमोडिटीज 1.79, ऊर्जा 1.01, यूटिलिटीज 1.99, कैपिटल गुड्स 0.84, धातु 4.08 और पावर समूह के शेयर 1.96 प्रतिशत मजबूत रहे।




अंतरराष्ट्रीय बाजार का रुझान कमजोर रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.40, जर्मनी का डैक्स 0.46, जापान का निक्केई 0.31, हांगकांग का हैंगसेंग 2.12 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.42 प्रतिशत लुढ़क गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 163 अंक की गिरावट लेकर 73,842.96 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 73,762.37 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, लिवाली की बदौलत दोपहर बाद यह 74,189.19 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 74,005.94 अंक के मुकाबले 0.07 प्रतिशत फिसलकर 73,953.31 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 97 अंक टूटकर 22,404.55 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,404.55 अंक के निचले जबकि 22,591.10 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,502.00 अंक की तुलना में 0.12 प्रतिशत उठकर 22,529.05 अंक हो गया। इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में नेस्ले इंडिया 1.37, मारुति 1.03, इंडसइंड बैंक 1.00, आईसीआईसीआई बैंक 0.99, एलटी 0.72, टीसीएस 0.65, इंफोसिस 0.61, एचडीएफसी बैंक 0.57, एक्सिस बैंक 0.54, विप्रो 0.40, टाटा मोटर्स 0.26, रिलायंस 0.07 और बजाज फिनसर्व 0.04 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, टाटा स्टील 3.81, जेएसडब्ल्यू स्टील 3.68, पावरग्रिड 2.71, टेक महिंद्रा 1.65, एनटीपीसी 1.50, एशियन पेंट 1.20, एसबीआई 1.18, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.71, टाइटन 0.42, एचसीएल टेक 0.27, बजाज फाइनेंस 0.20, रिलायंस 0.08 और सन फार्मा के शेयर मजबूत रहे।

## केकेआर ने एआई हेल्थकेयर फर्म इन्फिनक्स में किया 150 मिलियन डॉलर का निवेश

**मुंबई**, 21 मई (एजेंसियां)। वैश्विक निवेश फर्म केकेआर की ओर से मंगलवार को पुष्टि की गई कि उसने एआई आधारित हेल्थकेयर रेवेन्यू सॉल्यूशन उपलब्ध कराने वाली कंपनी इन्फिनक्स में निवेश किया है। हालांकि, फर्म ने निवेश की राशि के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन्फिनक्स की ओर से करीब 150 मिलियन डॉलर का निवेश जुटाया गया है। अपने बयान में केकेआर ने कहा इस निवेश के जरिए इन्फिनक्स, ग्लोबल हेल्थकेयर और टेक्नोलॉजी सेक्टर में हमारे वर्षों के अनुभव का फायदा उठा पाएंगी। कंपनी को वृद्धि हासिल करने और नेटवर्क बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

कंपनी में मौजूदा शेयरधारक नॉरवेस्ट वेंचर पार्टनर की ओर से भी इस फंडिंग राउंड में निवेश किया गया है। केकेआर के इंडिया प्राइवेट इक्विटी हेड और पार्टनर, अक्षय टन्ना ने कहा कि मजबूत प्रबंधन टीम और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदाताओं को लचीले एवं तकनीक सक्षम पेशकश करने वाली कंपनी इन्फिनक्स में निवेश कर हमें खुशी हो रही है।

इन्फिनक्स की स्थापना 2012 में संदीप टंडन और जयदीप टंडन की ओर से की गई थी। यह कंपनी हेल्थकेयर सेक्टर की कंपनियों को इनोवेटिव और डेटा आधारित रेवेन्यू साइकिल मैनेजमेंट सॉल्यूशंस उपलब्ध कराती है। कंपनी का फोकस अमेरिकी बाजार पर है।

इन्फिनक्स के सीईओ जयदीप टंडन ने कहा कि केकेआर का सहयोग, नेटवर्क और विशेषज्ञता मिलने के कारण हमारे लिए विकास के अवसर बढ़ेंगे। साथ ही हम अपनी सेवाओं में निवेश जारी रखेंगे और हेल्थकेयर प्रदाताओं को वित्तीय सेहत को सुधारने का कार्य करेंगे। केकेआर की ओर से यह निवेश एशियन फंड में से किया है।

## सार संक्षेप

### जेएसडब्ल्यू सीमेंट राजस्थान में करेगी निवेश

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू सीमेंट ने राजस्थान के नागौर जिले में एक एकीकृत सीमेंट विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए लगभग 3,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। कंपनी ने कहा कि नई सीमेंट सुविधा में कंपनी के निवेश में 3.30 एमटीपीए (मिलियन टन प्रति वर्ष) तक की क्लिंकराइजेशन इकाई और 2.50 एमटीपीए तक की ग्राइंडिंग इकाई के साथ-साथ 18 मेगावाट अपशिष्ट ताप पुनर्प्राप्ति आधारित बिजली संयंत्र भी शामिल है। जेएसडब्ल्यू सीमेंट ने कहा कि प्रस्तावित निवेश को इक्विटी और दीर्घकालिक ऋण के मिश्रण से वित्त पोषित किया जाएगा। जेएसडब्ल्यू समूह का एक हिस्सा, कंपनी को पहले ही कुछ नियामक और वैधानिक मंजूरी मिल चुकी है और अन्य आवश्यक मंजूरी प्राप्त करने की राह पर है। एक बार चालू होने के बाद, यह इकाई आकर्षक उत्तर भारत सीमेंट बाजार में जेएसडब्ल्यू सीमेंट के प्रवेश का प्रतीक होगी।

### बायजूस ने की भारत में 240 सेंटरों पर नए बैचेस शुरू


**नई दिल्ली।** बायजूस ट्यूशन सेंटर्स (बीटीसी)ने अपने 240 स्थानों पर 2024-25 के शैक्षणिक सत्र के लिए बैचेस शुरू कर दिए हैं। बीटीसी के-12 स्टूडेंट्स के लिए कक्षा पर आधारित प्रोग्राम लाते हैं। और इसमें बायजूस की डिजिटल पढ़ाई वाली पूरी दुनिया तक पहुंच भी मिलती है। कंपनी ने आज यहां कहा कि मौजूदा शैक्षणिक वर्ष के लिए बायजूस ने बीटीसी का वार्षिक शुल्क केवल 36,000 रूपए रखा है। यह नजदीकी ट्यूशन क्लासेस की तुलना में भी ज्यादा किफायती है। जबकि इसमें पाठ्यक्रम, अध्यापन और सिखाने की गुणवत्ता काफी बेहतर है। बायजूस के साथ टीचर बनने के लिए भी स्थानीय आधार पर कई लोग रुचि दिखा रहे हैं। पिछले दो महीनों से कंपनी को हर दिन ऐसे लगभग 1200 आवेदन मिल रहे हैं। बायजूस के संस्थापक एवं सीईओ बायजू रवीन्द्रन ने बीटीसी सेंटर प्रमुखों को सम्बोधित किया और इंट्राप्रेन्योरशिप पर आधारित बिजनेस का एक अभिनव मॉडल बताया।

### सोने का भाव हुआ 74 हजार रुपए के पार

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतों में हाल के दिनों में काफी तेजी देखने को मिली है। इंडियन बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार मंगलवार को 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का भाव बढ़कर 74,220 रुपए हो गया है। इससे पहले के कारोबारी सत्र 17 मई को सोना 73,383 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था। ऐसे में ज्यादातर निवेशक यह जानना चाहते हैं कि आखिर सोने की कीमतों में तेजी कब तक रहेगी और यह कहां तक जा सकता है। ब्रोकरेज फर्म एमके वेल्थ मैनेजमेंट की ओर से सोने की कीमतों को लेकर रिपोर्ट निकाली गई है। इस रिपोर्ट में ब्रोकरेज फर्म ने कहा, सोने की कीमतें उच्च स्तर पर तभी तक बनी रह सकती हैं, जब अमेरिकी फेड की ओर से ब्याज दरों में कटौती की जाए और दुनिया की बड़ी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर कमजोर हो।

## खाद्य तेलों में टिकाव, अधिकांश दालें महंगी

**नई दिल्ली**, 21 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में आई गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में



टिकाव रहा जबकि मांग निकलने से अधिकांश दालें महंगी हो गईं वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा 73 रिंगिट लुढ़ककर 3832 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.65 सेंट की गिरावट लेकर 45.69 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। **दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में अधिकांश दालें महंगी हो गईं। इस दौरान अरहर दाल 300 रुपए, उड़द दाल 200 रुपए और मसूर दाल 150 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई। वहीं, चना, दाल चना और मूंग दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## तकनीकी परिवर्तन का रहा भारत का पिछला दशक : कांत

**नई दिल्ली**, 21 मई (एजेंसियां)। भारत में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना करते हुए पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने कहा कि अगर उनके समय में ऐसा माहौल होता, तो मैं आईएएस की परीक्षा में बैठने की बजाय स्टार्टअप उद्यमी बन गया होता।

राष्ट्रीय राजधानी में एक 'विशेष संपर्क अभियान' कार्यक्रम में आईएएनएस से बात करते हुए कांत ने कहा कि पीएम मोदी सरकार ने पिछले दशक में सबसे बड़ी बात यह की कि इसने स्टार्टअप के लिए नियमों और विनियमों में ढील दी, ताकि वे आगे बढ़ सकें। कांत कहा कि पिछले एक दशक में जो बदलाव आया है, उसे हासिल करने में लगभग 50 साल लग सकते थे, लेकिन वर्तमान सरकार के प्रयासों के कारण यह दस वर्षों में संभव हो गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत का पिछला दशक जबरदस्त तकनीकी नवाचार और परिवर्तन का रहा। उन्होंने कहा, स्टार्टअप इंडिया को 16 जनवरी 2016 को पीएम मोदी द्वारा लॉन्च किया गया था। तब से, भारत ने 1 लाख 30 हजार से अधिक स्टार्टअप, 115 से अधिक यूनिकॉर्न और 350 बिलियन डॉलर मूल्य के कारोबार के विकास को देखा है।



अगर ऐसा माहौल होता, तो मैं एक स्टार्टअप उद्यमी बन गया होता : कांत


### भारतीय स्टार्टअप्स ने पिछले 5-10 साल में तय किया लंबा सफर : अभिराज सिंह बहल

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टार्टअप्स ने पिछले 5 से 10 वर्षों में एक लंबा सफर तय किया है। इसमें बड़ी भूमिका सरकार के स्टार्टअप प्रोग्राम और अन्य योजनाओं ने निभाई है। ये बात अर्बन कंपनी के सह-संस्थापक अभिराज सिंह बहल ने कही है। एक स्टार्टअप कार्यक्रम में बहल ने कहा कि आज से 10 वर्ष पहले देश में काफी छोटा इकोसिस्टम था और केवल एक यूनिकॉर्न था। लेकिन, अब स्थिति बदल गई है और देश में दुनिया का सबसे बड़ा इकोसिस्टम है और इसके कारण 110 से ज्यादा यूनिकॉर्न मौजूद हैं। मई 2024 तक भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम की कुल वैल्यू 349 अरब डॉलर थी। फिलहाल भारत यूनिकॉर्न की संख्या के मामले में तीसरे नंबर पर है। 'विशेष संपर्क अभियान' इवेंट में उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भारत के लिए काफी सारे अवसर उपलब्ध हैं और मैं कह सकता हूं कि हम यहां से केवल आगे ही बढ़ने वाले हैं। मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन ने हाल ही में जारी रिपोर्ट में बताया था कि 2024 की पहली तिमाही में भारतीय कंपनियों ने फिनटेक सेक्टर के लिए वैश्विक स्तर पर तीसरे नंबर पर पूंजी जुटाई है। बता दें, 2023 की चौथी तिमाही के मुकाबले 2024 की पहली तिमाही में फिनटेक सेक्टर को 59 प्रतिशत ज्यादा फंडिंग मिली है जो कि भारत में आर्थिक परिस्थितियों को दर्शाता है।

# खेल जगत

## सरकार चाहे तो युवा प्रतिभाओं को प्रशिक्षण देने के लिए तैयार हूं: कपिलदेव

**इटावा।** वर्ष 1983 में विश्वकप देश की झोली में डाल कर भारतीय क्रिकेट को आसमान की बुलंदी में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने कहा है कि सरकार अगर चाहेगी तो वे देश में युवा प्रतिभाओं को प्रशिक्षण देने के लिये तैयार हैं। एक फाइनेंस कंपनी के प्रमोशन के लिये इटावा आये कपिल ने कहा, देश में अच्छे क्रिकेट खिलाड़ी तभी मिलेंगे जब उनको सही दिशा में प्रशिक्षण दिया जाएगा। सरकार यदि मुझे हायर करे तो मैं अपने अनुभव युवा खिलाड़ी बच्चों के साथ शेयर करने और उन्हें ट्रेनिंग देने को तैयार हूं। उन्होने नवोदित क्रिकेट खिलाड़ियों को बेहतरी के तमाम टिप्स दिए और पत्रकारों से बातचीत में अपनी जीवन यात्रा का संक्षिप्त परिचय देते हुए खूब गुदगुदाया। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा, आपके सामने खड़ा यह कपिल देव एक दिन या एक रात में ही नही बन गया बल्कि जी तोड़ मेहनत और अपने आत्मविश्वास से मिलकर बना है।



### राजस्थान के सामने विजयरथ पर सवार आरसीबी को रोकने का रॉयल चैलेंज

## विराट राजस्थान पर जीत के साथ हिसाब चुकाने उतरेंगे

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 21 मई (देशबन्धु)। सीएसके के हाथों हार से आगाज, पंजाब किंग्स पर चार विकेट से जीत, लगातार छह हार और फिर सीएसके पर 27 रन से जीत सहित पिछले लगातार छह जीत के साथ मौजूदा आईपीएल 2024 में लीग का समापन 14 मैचों में 14 अंकों के साथ कर उसे नेट रन में पीछे छोड़ कर चौथे स्थान पर रह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) ने प्ले ऑफ में पहुंच कर सभी को जरूर चौंकाया है। एक समय बाहर होने के कगार पर पहुंच चुकी आरसीबी के इस चमत्कारिक प्रदर्शन का श्रेय एक शतक और पांच अर्द्धशतक सहित सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विराट कोहली (कुल 708 रन) और कप्तान फाफ डू प्लेसी (421 रन) की अब तक मौजूदा संस्करण में सबसे ज्यादा 1129 रन जोड़ने वाली सलामी जोड़ी को जाता है। विराट कोहली अब आरसीबी को केकेआर से अपना अंतिम मैच बारिश से धुलने से पहले लगातार चार हार के साथ राह भटकी राजस्थान राजस्थान रॉयल्स पर इलिमिनेटर में अहमदाबाद में जीत दिला उससे जयपुर में लीग मैच में मिली छह विकेट से हार का हिसाब चुका उसे क्वॉलिफायर 2 में जगह दिलाने उतरेंगे। विराट कोहली के शतक के बावजूद जोस बटलर के शतक की बदौलत राजस्थान रायल्स ने आरसीबी से जयपुर में पांच गेंदों के बाकी रहते लीग मैच जीत लिया था। राजस्थान रॉयल्स लीग की समाप्ति पर14 मैचों में आठ जीत के साथ 17 अंकों के साथ नेट रन रेट में एसआरएच से पिछड़ तीसरे स्थान पर रही थी। इंग्लैंड के बटलर के स्वदेश लौट जाने से राजस्थान रॉयल्स के सामने अब इलिमिनेटर में अहमदाबाद में बुधवार को विजयरथ पर सवार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को रोकने का 'रॉयल' चैलेंज है।



एक अकेले आईपीएल में 2016 में दो शतकों और सात अर्द्धशतकों सहित सबसे ज्यादा 973 रन बनाने का रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम है लेकिन उन्हें इस बात का मलाल है कि 2009, 2011 व 2011 में आरसीबी को फाइनल में पहुंचाने के बावजूद अभी तक उसे खिताब नहीं जिता सके हैं। इलिमिनेटर में आरसीबी 2020 में एसआरएच से छह विकेट से और 2021 में केकेआर से चार विकेट से हार गई थी और 2022 में क्वॉलिफायर 2 में राजस्थान रॉयल्स से हार झेलनी पड़ी थी। मौजूदा सीजन में 14 मैचों में सबसे ज्यादा अब तक 708 रन बनाने के बावजूद विराट कोहली की कोशिश बल्ले से धमाकेदार प्रदर्शन जारी रखते हुए उसे सबसे पहले इलिमिनेटर और फिर क्वॉलिफायर 2 जिता कर आईपीएल में खिताब जिताने की हसरत की ओर पहुंचाने की होगी। विराट कोहली के साथ चार अर्द्धशतक जड़ने वाले कप्तान फाफ डो प्लेसी, पांच अर्द्धशतक जड़ लीग के आखिरी चरण में रंग में आने वाले रजत पाटीदार (कुल 361 रन) तथा दो अर्द्धशतक जड़ने वाले दिनेश कार्तिक (कुल 315 रन) के साथ देर से रंग में आने वाले ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन (12 मैच, 228 रन) और ग्लेन मैक्सवेल (9 मैच, 52 रन) की मौजूदगी में रायॅल चैलेंजर्स बेंगलुरू का शीर्ष क्रम राजस्थान रॉयल्स के सबसे कामयाब लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल (17 विकेट) व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (कुल 7 विकेट) के 13-13 विकेट चटकाने वाले साथ रफ्तार के सौदागर ट्रेंट बोल्ट और आवेश खान के साथ बेहद चतुर मैच में किसी भी वक्त गेंदबाजी करने में सक्षम स्विंग गेंदबाज संदीप शेर्मा (10 विकेट) और नेंड्रे बर्गर (सात विकेट) का जरूर इम्तिहान लेगा। राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और आवेश खान से आरसीबी के विराट कोहली और फाफ डू प्लेसी को जरूर चौकस रहना होगा। आरसीबी के मध्यक्रम में रजत पाटीदार, ग्रीन और मैक्सवेल तथा निचले मध्यक्रम में फिनिशर दिनेश कार्तिक जरूर आक्रामक तेवर दिखाकर राजस्थान रॉयल्स के लेग स्पिनर चहल और ऑफ स्पिनर अश्विन को टिकने का मौका कतई नहीं देना चाहेंगे।

दो शतक जड़ने वाले इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जोस बटलर (कुल 359 रन) के अब आईपीएल के अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ने पर स्वदेश लौटने पर राजस्थान रॉयल्स के लिए बड़ी दिक्कत यह होगी एक शतक और एक अर्द्धशतक जड़ने वाले उनके सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल (कुल 348 रन) के साथ पारी का आगाज कौन करेगा हालांकि पांच अर्द्धशतक जड़ने वाले खुद कप्तान संजू सैमसन (कुल 504 रन) जरूर एक अच्छा विकल्प हो सकते हैं। अगर यशस्वी के साथ संजू राजस्थान की पारी का आगाज करते हैं तो फिर उसका मध्यक्रम कुछ कमजोर नजर आता है। राजस्थान की बल्लेबाजी चार अर्द्धशतक सहित उसके लिए रन बनाने में सबसे आगे चल रहे रेयन पराग (कुल 531 रन) के साथ यशस्वी और संजू सैमसन पर ही जरूरत से ज्यादा निर्भर दिख रही है। एक अर्द्धशतक जड़ने वाले ध्रुव जुरैल (कुल 131 रन) के साथ वेस्ट इंडीज के शेमरॉन हेटमायर और रॉमैन पॉवेल में से राजस्थान रॉयल्स किसी एक को बतौर फिनिशर अपनी एकादश में जगह दे सकता है।

## भारत की जू. हॉकी टीम ने बेल्जियम की को शूटआउट में 4-2 से हराया




**नई दिल्ली,** 21 मई (देशबन्धु)। उपकप्तान शारदानंद तिवारी द्वारा तिवारी द्वारा पेनल्टी स्ट्रोक पर किए दो गोल की बदौलत भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम अपने यूरोप दौरे पर पहले मैच में एंटवर्प में 2-0 की बढ़त लेने के बाद मेजबान बेल्जियम द्वारा निर्धारित समय में दो-दो की बराबरी पाने के बाद उसे शूटआउट में 4-2 से हरा जीत के साथ आगाज करने में सफल रही।

शारदानंद तिवारी ने तीसरे मिनट में मिले पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल कर भारत की जूनियर टीम को पहले क्वॉर्टर में 1-0 से आगे कर दिया। शारदानंद तिवारी ने दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से तीन मिनट पहले दूसरे पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदल भारत को हाफ टाइम तक 2-0 से आगे कर दिया था।

बेल्जियम की जूनियर टीमने तीसरे क्वॉर्टर में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर स्कोर 1-2 कर दिया। भारत की जूनियर टीम चौथे क्वॉर्टर में 2-1 की बढ़त के साथ उतरा लेकिन बेल्जियम की जूनियर टीम ने दूसरे पेनल्टी कॉर्नर को भी गोल में बदल निर्धारित समय की समाप्ति दो-दो की बराबरी के साथ की। शूटआउट में गोलरक्षक प्रिंस दीप सिंह के दो बेहतरीन बदौलत भारत ने 4-2 से मैच जीत लिया।

## ताजा बैडमिंटन विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे सात्विक-चिराग

**नई दिल्ली,** 21 मई (एजेंसियां)। भारत के सात्विकसैराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पिछले सप्ताह बैंकॉक में थाईलैंड ओपन में अपनी खिताबी जीत की बदौलत मंगलवार को ताजा विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में पुरुष युगल वर्ग में शीर्ष स्थान पर पहुंच गए। टूर्नामेंट से पहले, सात्विक और चिराग (99,670 अंक) तीसरे स्थान पर थे लेकिन इस जीत की बदौलत वे चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग से आगे निकल गए जो 99618 अंकों के साथ भारतीय जोड़ी से 52 अंक पीछे हैं। दक्षिण कोरिया के मिन ह्यूक कांग और स्युंग जेई सियो 98,015 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। सत्र के अपने चौथे फ़ाइनल में खेलते हुए सात्विकसैराज और चिराग ने विश्व रैंकिंग में 29वें नंबर की चीनी जोड़ी चेन बो यांग और




लियू यी को सीधे गेमों में 46 मिनट में 21-15, 21-15 से हराकर अपना दूसरा थाईलैंड ओपन खिताब जीता। वे पूरे टूर्नामेंट में जबरदस्त फॉर्म में रहे और अपने सभी मैच लगातार गेमों में जीते।

एशियाई खेलों की स्वर्ण विजेता भारतीय जोड़ी ने 2019 में थाईलैंड ओपन के रूप में अपना पहला बड़ा खिताब जीता था। उन्होंने अपने चौथे सुपर 500 खिताब जीतने के सफर में एक भी गेम नहीं गंवाया। ओवरआल सात्विकसैराज और चिराग का वर्ष का यह दूसरा खिताब है। उन्होंने मार्च में फ्रेंच ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट जीता था। एकल में लक्ष्य सेन तीन स्थान गिरकर 14वें स्थान पर पहुंच गए। वह अप्रैल में थॉमस कप के बाद से सर्किट से बाहर हैं। एच एस प्रणय नौवें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय बने हुए हैं।

महिला एकल में पी वी सिंधु 15 वें स्थान पर खिसक गयी हैं लेकिन वह इस सप्ताह मलेशिया मास्टर्स में वापसी का लक्ष्य रखेंगी । महिला युगल में, तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा थाईलैंड ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद दुनिया में 19वें नंबर पर पहुंच गईं, जबकि ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद 29वें स्थान पर हैं।

## ओलंपिक कोटा गंवाने के बाद मुक्केबाज परवीन ने एशियाड कांस्य पदक भी गंवाया

**नई दिल्ली,** 21 मई (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) द्वारा मुक्केबाज परवीन हुड्डा का कांस्य पदक छिनने के बाद हांगझोउ एशियाई खेलों में भारत की पदक संख्या 107 से घटकर 106 हो गई। परवीन हुडा, जिन्होंने 2022 एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतकर पेरिस 2024 के लिए कोटा हासिल किया था, को अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) ने तीन पता-ठिकाने विफलताओं के कारण 22 महीने के लिए निलंबित कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) के अनुसार, परवीन का निलंबन 16 जुलाई, 2025 तक प्रभावी रहेगा। आईटीए द्वारा उनके निलंबन को आठ महीने कम करने के बाद उनके प्रतिबंध की अवधि घटकर 22 महीने हो गई। आईटीए ने एक बयान में कहा, अपात्रता



की अवधि के अलावा, 11 दिसंबर, 2022 और 17 मई, 2024 के बीच प्राप्त एथलीट के परिणाम अयोग्य घोषित किए जाते हैं। हालांकि, पदक छिनने के बावजूद एशियाई खेलों की पदक तालिका में भारत की स्थिति अब भी चौथे स्थान पर बनी हुई है।

पेरिस ओलंपिक के लिए भारत का कोटा स्थान खो जाने के बाद, बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) ने राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य विजेता जैस्मीन लाम्बोरिया को महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर के लिए प्रवेश दिया, जो शुक्रवार से बैंकॉक में शुरू हो रहा है। जैस्मिन मंगलवार को बैंकॉक के लिए रवाना होंगी। पेरिस ओलंपिक में भारत के पास फिलहाल तीन मुक्केबाजी कोटा स्थान हैं। इन्हें टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा) और विश्व चैंपियन निखत ज़रीन (50 किग्रा) ने हासिल किया है।

## सार संक्षेप

### अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने ड्वेन ब्रावो को नियुक्त किया गेंदबाजी सलाहकार

**काबुल।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने टी20 विश्व कप 2024 के लिए वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो को टीम का गेंदबाजी सलाहकार नियुक्त करने की घोषणा की है। ड्वेन ब्रावो उस वेस्टइंडीज टीम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थे जिसने 2016 में टी20 विश्व कप जीता था। अफगानिस्तान टीम के लिए उनके ड्वेन ब्रावो का अनुभव काफी महत्वपूर्ण होने वाला है, क्योंकि वेस्टइंडीज में भी मैच खेले जाने हैं। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 1 जून से यूएसए और कैरेबियन में खेला जाएगा और फाइनल 29 जून को खेला जाएगा। अफगानिस्तान ग्रुप सी में न्यूजीलैंड, पापुआ न्यू गिनी, युगांडा और दो बार के विजेता और सह-मेजबान वेस्टइंडीज के साथ है। ब्रावो इस प्रारूप के इतिहास में सबसे महान ऑलराउंडरों में से एक हैं, और उनका करियर बेहद सफल रहा, जिसमें उन्होंने 7000 से अधिक रन बनाए और टी20 क्रिकेट में अग्रणी विकेट लेने वाले (625) गेंदबाज बन गए। उन्होंने आईपीएल 2024 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए गेंदबाजी कोच के रूप में भी काम किया, एक फ्रेंचाइजी जिसके साथ 40 वर्षीय ने चार आईपीएल ट्रॉफी जीती। यह अफगानिस्तान टीम के लिए एक बहुत ही खास उपलब्धि है, जिसने वनडे विश्व कप 2023 के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया था।

### वर्ल्ड पैरा-एथलेटिक्सः एकता ने क्लब थ्रो में स्वर्ण जीता, कशिश को रजत

**कोबे (जापान)।** भारत की एकता भ्यान ने विश्व पैरा एथलेटिक्स के पांचवें दिन मंगलवार को 20.12 मी के सत्र के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ महिलाओं की 51 क्लब थ्रो इवेंट में स्वर्ण पदक जीत लिया। भारत के लिए विजेता मंच पर दोहरी पोडियम फिनिश रही क्योंकि कशिश लाकड़ा ने 14.56 मी की थ्रो के साथ रजत जीता। अल्जीरिया की नाड्जेट बुचर्फ़ ने 12.70 मी की थ्रो के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। मंगलवार को स्वर्ण और रजत के साथ भारत की पदक संख्या सात पहुंच गयी है जिसमें दो स्वर्ण, चार रजत और दो कांस्य शामिल हैं।

### ऑस्ट्रेलिया ने मैकगर्क-मैथ्यू को टी20 विश्व कप टीम में किया शामिल

**मेलबर्न।** टी20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया ने फाइनल टीम जारी कर दी है। इसमें बदलाव के तौर पर जैक फ्रेजर-मैकगर्क और मैथ्यू शॉर्ट को रिजर्व के रूप में टीम में शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने कैरेबियाई और यूएसए में खेले जाने वाले मेगा-इवेंट में अपनी 15 सदस्यीय टीम और ट्रेवल रिजर्व खिलाड़ी को अंतिम रूप दे दिया है। इसमें एक नाम युवा बल्लेबाज फ़्रेज़र-मैकगर्क का है, जिन्हें यह मौका आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए धुंआधार प्रदर्शन करने के बाद मिला है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए नौ मैचों में मैकगर्क ने चार अर्धशतक जड़े, जिसमें उन्होंने 234.04 की तूफानी स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाए हैं, जिसमें 32 चौके और 28 छक्के शामिल हैं।

## जैवलिन में सुमित अंतिल ने जीता स्वर्ण थंगावेलु पुरुष हाई जंप चैंपियन बने

**कोबे (जापान),** 21 मई (एजेंसियां)। मौजूदा पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने मंगलवार को पैरा-एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की जेवलिन थ्रो में एफ64 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता। 25 वर्षीय विश्व रिकॉर्ड धारक ने 69.50 मीटर के सीजन के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ अपने स्वर्ण का बचाव किया, जबकि उनके हमवतन संदीप चौधरी ने 60.41 के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। वहीं, श्रीलंका के डुलान कोडिथुवाक्कू के खाते में रजत पदक आया। विश्व चैंपियनशिप के पिछले संस्करण में सुमित अंतिल



ने 70.83 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता था, जो उस समय का विश्व रिकॉर्ड था। इसके कुछ ही महीनों बाद उन्होंने हांगझोऊ एशियाई पैरा खेलों में 73.29 मीटर तक जैवलिन फेंककर अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया। बाद में पैरालंपिक खेलों के स्वर्ण पदक विजेता मरियप्पन थंगावेलु ने पुरुषों की हाई जंप टी63 स्पर्धा में 1.88 मीटर के चैंपियनशिप रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता। इस पदक के साथ भारत के पदकों की संख्या 11 हो गई है; जिसमें 4 स्वर्ण, 4 रजत और 3 कांस्य पदक शामिल हैं।


इससे पहले दिन में, एकता भ्यान ने महिलाओं की एफ51 क्लब थ्रो स्पर्धा में 20.12 मीटर के सीजन के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ भारत के लिए स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में भारत के लिए यह दोहरा पोडियम फिनिश था क्योंकि कशिश लाकड़ा ने 14.56 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक हासिल किया।

## पेरिस ओलंपिक के लिए नहीं होगा ट्रायल, एक पहलवान ने कोर्ट की तरफ किया रूख

**नई दिल्ली,** 21 मई (एजेंसियां)। पेरिस ओलंपिक से पहले भारतीय कुश्ती संघ ने बड़ा फैसला लिया है, जिससे एक बार फिर डब्ल्यूएफआई और पहलवानों के बीच ठन गई है। हालांकि, इस फैसले से विनेश फोगाट समेत 6 पहलवानों का रास्ता पेरिस ओलंपिक के लिए साफ हो गया है। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने आईएएनएस को बताया कि सात सदस्यीय चयन समिति ने पेरिस ओलंपिक के लिए कोई ट्रायल आयोजित नहीं करने का फैसला किया है। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि सात सदस्यीय चयन समिति ने पेरिस ओलंपिक के लिए कोई ट्रायल आयोजित नहीं करने का फैसला किया है। संजय सिंह ने कहा, 'पेरिस ओलंपिक के लिए कुश्ती में कोई ट्रायल नहीं कराने का फैसला किया गया है, इसलिए सभी छह कोटा धारक 2024 ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।' हालांकि, सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि एक सीनियर भारतीय पहलवान इस फैसले से खुश नहीं है और डब्ल्यूएफआई द्वारा दिए गए फैसले को चुनौती देने के लिए कोर्ट की तरफ रूख किया है। इस बीच, पेरिस ओलंपिक कोटा विजेता अंतिम पंघाल के परिवार ने डब्ल्यूएफआई के फैसले का स्वागत किया और कहा कि वे ओलंपिक पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

## मनु भाकर बनीं ओलंपिक चयन ट्रायल की सबसे सफल शूटर

**नई दिल्ली,** 21 मई (एजेंसियां)। मनु भाकर ओलंपिक चयन ट्रायल की सबसे सफल शूटर बनकर उभरी हैं। उनके इस प्रदर्शन से हरियाणा समेत पूरे देश में खुशी का माहौल है। उल्लेखनीय है कि यह युवा अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज लगातार दूसरी बार ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रही है । मनु भाकर पेरिस ओलंपिक खेलों में शूटिंग के 10 मीटर, 50 मीटर और मिक्स डबल्स इवेंट में भाग लेंगी। मनु 15 शूटरों में एकमात्र ऐसी शूटर हैं, जिन्होंने दो इवेंट के लिए ओलंपिक ट्रायल में शीर्ष स्थान हासिल किया है। मनु



इन खेलों में तीन इवेंट में गोल्ड मेडल के लिए निशाना साधने जा रही है। अपने प्रदर्शन और काबिलियत के दम पर मनु भाकर का कहना है कि वे देश के लिए गोल्ड मेडल जितने के लिए अपनी पूरी जान झोंक देंगी। हालांकि, मनु भाकर ने एक तरफ जहां केंद्र सरकार की खेल नीति की प्रशंसा की तो, वहीं दूसरी तरफ प्रदेश सरकार पर भी जमकर निशाना साधा। इस खिलाड़ी का कहना है कि केंद्र सरकार ने खिलाड़ियों का बहुत सहयोग किया है। लेकिन हरियाणा में शूटिंग के लिए बढ़िया रेंज नहीं है, जिससे यहां के खिलाड़ियों को काफी परेशानियों और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं शूटिंग के खिलाड़ियों को हरियाणा सरकार से जो सुविधाएं मिल रही हैं उससे मनु भाकर संतुष्ट नहीं दिखीं। उनका कहना है कि अन्य खेलों के मुताबिक शूटिंग में भी सरकार को अधिक सुविधाएं देने की जरूरत है।

## टी-20 टीम का चयन आईपीएल प्रदर्शन के आधार पर होना चाहिए: गंभीर

**नई दिल्ली**, 21 मई (एजेंसियां) । कोलकाता नाइटराइडर्स के मेंटॉर और भारतीय टीम के कोच पद की रेस में आगे चल रहे गौतम गंभीर ने कहा है कि गेंदबाज़ी की गति जैसे विशिष्ट मानदंडों के आधार पर युवा भारतीय खिलाड़ियों के बारे में हाइप बनाना उन्हें 'प्रतिफल' दे सकता है और उन्हें कड़ी मेहनत करने से 'विचलित' कर सकता है। उन्होंने कहा है कि टी20 में टीम चयन आईपीएल प्रदर्शन के आधार पर होना चाहिए ना, लेकिन केवल बल्लेबाज़ी औसत या गेंदबाज़ी गति के आधार पर नहीं होना चाहिए। गंभीर ने भारतीय ऑफ स्पिनर आर अश्विन के यूट्यूब चैनल पर कहा, 'भारत में हमने युवा खिलाड़ियों में बहुत अधिक हाइप बनाना शुरू कर दिया है। अगर कोई 150 तक गेंद कर रहा है तो हर कोई उत्साहित हो जाता है। प्वाइंट यह है कि आपको परिस्थिति को भी देखने की ज़रूरत है। टी20 क्रिकेट में औसत और



रन इतने प्रभाव नहीं डालेंगे। जब बल्लेबाज़ का चयन हो तो यह स्ट्राइक रेट है और जब गेंदबाज़ का चयन हो तो यह देखना है कि वह कितने मुश्किल ओवर डाल सकता है। अगले दो-तीन सालों में यही चर्चा होगी।'

**टी-20 में टीम चयन आईपीएल प्रदर्शन के आधार पर होना चाहिए ना, लेकिन केवल बल्लेबाज़ी औसत या गेंदबाज़ी गति के आधार पर नहीं होना चाहिए। 'भारत में हमने युवा खिलाड़ियों में बहुत अधिक हाइप बनाना शुरू कर दिया हैः गौतम गंभीर**

उन्होंने कहा, हम रनों की संख्या और औसत, कोई 150 डाल रहा है तो उसके बारे में चर्चा करते रहते हैं। कई बार जब आप वेस्टइंडीज़ या बांग्लादेश जाते हो तो आपको ऐसे गेंदबाज़ की ज़रूरत नहीं है जो 150 किमी की गति से गेंद करता हो। आपको ऐसा गेंदबाज़ चाहिए जो कटर डाल सकता है। यही सोच चयनकर्ताओं की होनी चाहिए। कई बार आप प्राकृतिक कौशल चुन लेते हो, लेकिन दो-तीन मैचों के बाद हाइप बनाना सही नहीं है, हमें एक संतुलित दृटिकोण की ज़रूरत है। भारत में ग्राफ़ ऊपर-नीचे जाता है और यह एक युवा खिलाड़ी के लिए सही नहीं है। जब बात युवा खिलाड़ियों की हो तो यहीं पर विशेषज्ञ और कमेंटेटरों को संतुलित रहने की ज़रूरत है। उनके लिए कड़ी मेहनत और जो अच्छे काम वे कर रहे हैं उनसे भटक जाना आसान है। क्योंकि अचानक जब आप किसी युवा खिलाड़ी के अच्छा प्रदर्शन करने की बात करने लगते हैं तो यह उनके लिए उल्टा पड़ सकता है। गंभीर ने घरेलू क्रिकेट की अहमियत पर भी बात की और उन्होंने साथ ही कहा कि आईपीएल के प्रदर्शन लाल गेंद क्रिकेट चयन में प्रभाव नहीं डालने चाहिए।

गंभीर ने कहा, भारत की टी20 टीम आईपीएल प्रदर्शन के आधार पर चुनी जानी चाहिए। 50 ओवर के प्रारूप में टीम का चयन विजय हज़ारे ट्रॉफ़ी से होना चाहिए और आपकी टेस्ट टीम प्रथम श्रेणी क्रिकेट के आधार पर होनी चाहिए। अगर आप 50 ओवर प्रारूप या लाल गेंद क्रिकेट के लिए चयन आईपीएल टूर्नामेंट के आधार पर करेंगे तो यह युवा खिलाड़ियों के लिए शॉर्ट कट हो जाएगा और वे लाल गेंद क्रिकेट या 50 ओवर प्रारूप पर फ़ोकस करना बंद कर देंगे।

## भारत की 4×400 मी मिश्रित रिले टीम ने एशियाई चैंपियनशिप में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया

**बैंकाक,** 21 मई (एजेंसियां)। भारत की 4×400 मी मिश्रित रिले टीम ने पहली एशियाई रिले चैंपियनशिप में सोमवार को नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया। लेकिन वे ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए। मोहम्मद अजमल, ज्योतिका श्री दांडी, अमोज जैकब और शुभा वेंकटेशन की भारतीय रिले टीम ने 3:14.12 का समय लेकर 3:14.34 का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा जो भारतीय टीम ने पिछले वर्ष हांगझोउ एशियाई खेलों में बनाया था। श्रीलंका ने 3:17.00 का समय लेकर रजत और विएतनाम ने 3:18.45. का समय लेकर



कांस्य पदक जीता। इस रिकॉर्डभेदी प्रदर्शन के बावजूद भारतीय टीम अभी तक पेरिस ओलंपिक कोटा नहीं हासिल कर पायी है। इस महीने के शुरू में भारतीय टीम विश्व रिले में सीधे कोटा नहीं हासिल कर पायी थी। भारत को पेरिस में आगामी ओलंपिक का टिकट हासिल करने के लिए रोड टू पेरिस रैंकिंग पर निर्भर रहना होगा। इस परिणाम के साथ भारत रोड टू पेरिस रैंकिंग में दो स्थान के सुधार के साथ 21वें स्थान पर पहुंच गया है लेकिन शीर्ष 16 में जगह ही भारतीय टीम को सीधा टिकट देगी।